

मर्यादा तोड़ने वाले की अपेक्षा, मर्यादा की रक्षा करने वाला, हमेशा बड़ा होता है।

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

अकेले हो तो विचारों पर काबू रखो और सबके साथ हो तो जुबान पर काबू रखो

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 | अषाढ़ शुक्ल पक्ष: नवमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 183 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### मजीठिया को राहत नहीं: हाईकोर्ट ने रिमांड का नया आदेश सौंपने का आदेश दिया, सुनवाई आज



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने की गिरफ्तारी और रिमांड को अवैध बताते हुए दाखिल याचिका पर वीरवार को उन्हें कोई राहत नहीं मिल पाई। वीरवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस त्रिभुवन दहिया की पीठ ने मजीठिया के वकील को ताजा रिमांड आदेश पेश करने के लिए एक दिन का समय दे दिया। हाईकोर्ट में शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई होगी। याचिका में मजीठिया ने कहा है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध की साजिश है, जिसे मौजूदा सरकार की ओर से उन्हें बदनाम और परेशान करने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया। उन्होंने इसे राजनीतिक बदला और उत्पीड़न बताया। मजीठिया ने कहा कि 25 जून को मोहाली स्थित विजिलेंस ब्यूरो थाने में दर्ज एफआईआर न केवल अवैध है, बल्कि उसी दिन सुबह उनके आवास से की गई गिरफ्तारी भी तय कानूनी प्रक्रियाओं का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सुबह 9:00 से 11:20 बजे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया, जबकि उनकी औपचारिक गिरफ्तारी 11:20 बजे दिखाई गई। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22(2) और बीएनएसएस की धारा 187 का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि जांच एजेंसी की ओर से दायर की गई रिमांड अर्जी में कोई ठोस या तात्कालिक गिरफ्तारी का कारण नहीं है।




# डीएसी की 10 सैन्य खरीद को मंजूरी

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा यह कदम सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में अहम

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** भारत ने अपने सुरक्षा घेरे को और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा मंत्रालय की सिफारिशों पर अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले 10 प्रमुख रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीएसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ये सभी प्रस्ताव 'खरीद (भारतीय-आईडीडीएम)' यानी स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। यह कदम न केवल सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में अहम है, बल्कि



'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी मजबूती देगा। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जिन उपकरणों और प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसमें बख्तरबंद रिकवरी वाहन खरीदा जाएगा। इससे युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त टैंकों और भारी वाहनों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद मिलेगी।

इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली यानी दुश्मन की रडार और संचार प्रणाली को निष्क्रिय करने की अत्याधुनिक तकनीक इस्तेमाल की जाएगी। इसमें एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम थल, वायु और नौसेना के बीच आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर और अधिक समन्वित बनाने में सहायक होगा। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी इसमें शामिल हैं जिससे वायुसेना और नौसेना की हवाई सुरक्षा को मजबूत होगी।

### नौसेना के लिए भी कई अहम स्वीकृतियां

नौसेना की सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण खरीदों की स्वीकृति दी गई हैं। जिसमें मूर्ड माइंस- जलपोतों की सुरक्षा के लिए समुद्र में लगाए जाने वाले विस्फोटक उपकरण और माइन काउंटर मेजर वेसल्स- समुद्र में बिछाए गए दुश्मन के माइंस को निष्क्रिय करने वाले जहाज शामिल है। इसके साथ-साथ सुपर रैपिड गन माउंट - तेज फायरिंग वाली बंदूकें जो समुद्री खतरों से बचाव में मदद करेंगी। इसमें सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स - बिना किसी चालक के पानी के नीचे चलने वाली उन्नत नावें, जो निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने में सहायक होंगी।

# संजीव अरोड़ा बने इंडस्ट्री-एनआरआई मंत्री, कुलदीप धालीवाल का कैबिनेट से इस्तीफा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** पंजाब में लुधियाना पश्चिम विधानसभा के उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले संजीव अरोड़ा ने वीरवार को आम आदमी पार्टी की सरका में मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की। मात्र 11 मिनट तक चले इस छोटे से समारोह में संजीव अरोड़ा ने पंजाबी में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उन्हें पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। उन्होंने भगवंत मान के मंत्रिमंडल में 17वें मंत्री के रूप में साथ ली है। मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई मंत्री व विधायक समारोह में मौजूद रहे। अरोड़ा को इंडस्ट्री और एनआरआई विभाग दिया गया है। पहले ये दोनों विभाग कुलदीप धालीवाल के पास थे। उनके चुनाव



प्रचार के दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अरोड़ा जीते तो उन्हें कैबिनेट में जगह दी जाएगी।

पंजाब सरकार के मंत्रिमंडल में वीरवार को विस्तार हो गया। आम आदमी पार्टी के लुधियाना पश्चिम हलके से नव निर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा ने मंत्री पद की शपथ ले ली है। जानकारी ये भी सामने आई कि पंजाब कैबिनेट से कुलदीप धालीवाल ने इस्तीफा दे दिया है। धालीवाल से लगातार विभाग वापस लिए जा रहे थे। धालीवाल ने एक्स पर ट्वीट किया कि अपने पंजाब के लोगों के भले के लिए मेरी मेहनत जारी है। पहले पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल का विस्तार होना था, लेकिन राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की व्यस्तता के कारण इसे टाल दिया था।

**भगवंत मान मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या फिर हुई 16:** भगवंत मान मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या फिर से 16 हो गई है। संजीव अरोड़ा के मंत्री बनने से यह 17 हो गई थी, लेकिन अब कुलदीप धालीवाल को हटाने से यह 16 हो गई है। मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने इन तीन सालों में अर्श से फर्श तक का सफर किया है। उन्हें पहले कृषि, ग्रामीण विकास व पंचायत विभाग जैसे बड़े महकमे दिए गए थे, जहां उन्होंने सैकड़ों एकड़ जमीन खाली करवाई। हालांकि, इसके बावजूद उन्हें एनआरआई मामले का विभाग दे दिया गया था। साथ ही, एक ऐसा महकमा दे दिया, जो वास्तव में था ही नहीं।

# बुरे फंसे पूर्व विधायक: एएसपी से धक्कामुक्की पर एफआईआर दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बिलासपुर, 3 जुलाई।** उपायुक्त कार्यालय परिसर के बाहर बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से ड्यूटी के दौरान धक्कामुक्की और गाली गलौज करने के मामले में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर विभिन्न धाराओं में सदर थाना में केस दर्ज हो गया है। इसमें वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान हंगामा करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर भी धाराएं लगाई गई हैं।

बुधवार को बिलासपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का परिधि गृह बिलासपुर में कार्यक्रम था। उनके बिलासपुर आगमन से ठीक पहले कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने भी उन पर मार्च में हुए हमले के आरोपी को अब तक न पकड़ने को लेकर धरना दिया। पुलिस और प्रशासन ने उन्हें पहले उनकी पत्नी के सरकारी आवास चंगर के पास रोकने की कोशिश की, लेकिन वो अपने समर्थकों के साथ उपायुक्त कार्यालय



के गेट के पास पहुंच गए। उस दौरान वहां से नड्डा का काफिला भी गुजरना था। प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम सदर, डीएसपी मुख्यालय उनसे आग्रह कर रहे थे कि वो मुख्य गेट से उपायुक्त कार्यालय जाएं, लेकिन बंबर दूसरे मार्ग से जाने पर अड़ गए।

इस दौरान कार्यकारी एसपी का कार्यभार संभाल रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीच में आए तो बंबर ठाकुर की उनसे धक्का- मुक्की हो गई, जिससे मामला गरमा गया। लेकिन फिर एसडीएम के बीच में आने के बाद मामला शांत हुआ। इस सबके बीच जेड श्रेणी की सुरक्षा को देखते हुए जेपी नड्डा को भी कोर्ट रोड से न लाकर बस अड्डा रोड से परिधि गृह पहुंचाया गया।

# बर्मिंघम टेस्ट: शुभमन गिल ने रचा इतिहास, एजबेस्टन में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**बर्मिंघम, 3 जुलाई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले जा रहे टेस्ट में इतिहास रच दिया है। एजबेस्टन में वह सबसे बड़ी टेस्ट पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली के 7 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा है। विराट ने 2018 में 149 रन की पारी खेली थी।

टेस्ट की कप्तानी मिलने के साथ ही शुभमन गिल इस फॉर्मेट में बिल्कुल अलग और बेहतरीन अंदाज में नजर आए हैं। हेंडिग्ले में खेले गए पहले टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 147 रन बनाए थे। यह तब उनका सर्वाधिक टेस्ट स्कोर था।

एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में शुभमन ने न सिर्फ अपने करियर का पहला दोहरा शतक लगाया है। बल्कि, इस



मैदान पर किसी भारतीय कप्तान के बनाए गए सर्वाधिक स्कोर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। गिल जैसे ही 150 पर पहुंचे, उन्होंने विराट कोहली के इस मैदान पर सात साल पहले बनाए 149 रन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

गिल इंग्लैंड में 150 रन से अधिक बनाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान भी बन गए हैं। 1990 में मैनचेस्टर में मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 179 रन की पारी खेली थी।

शुभमन गिल ऐसे पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं, जिनके नाम एजबेस्टन में शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। गिल से पहले इस मैदान पर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा शतक लगा चुके हैं।

जडेजा इस टेस्ट में भी शतक बनाने के करीब थे। लेकिन, 89 के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठे।

चेतेश्वर पुजारा के टीम से ड्रॉप होने के बाद शुभमन गिल ने टेस्ट में तीसरे स्थान पर खेलने का फैसला किया था। लेकिन, वह इस स्थान पर सफल नहीं रहे। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद गिल ने बतौर कप्तान उनकी जगह ली। वहीं, विराट के टेस्ट से संन्यास के बाद वह उनकी जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर रहे हैं। इस क्रम पर अब तक तीन पारियों में वह दो शतक, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है, लगा चुके हैं।

# अमृतसर में तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मारी, 4 की मौत पांच घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 3 जुलाई।** अमृतसर में आज देर शाम तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने एक ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 4 लोगों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस लोगों को अस्पताल ले जा रही है और जांच कर रही है। हालांकि चश्मदीदों के मुताबिक 6 लोग मरे हैं, लेकिन पुलिस आंकड़ा 4 बता रही है।

एसएच ओ हरसिमरन कौर के मुताबिक, 9 लोग ऑटो में सवार थे, जिसमें से एक पति पत्नी और दो अन्य लोगों की मौत हो चुकी है। चारों ही सुल्तान विंड एरिया के रहने वाले थे। बाकी अन्य 5 लोग अभी गंभीर रूप से जख्मी हैं, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक अभी फरार ड्राइवर भी शायद किसी अस्पताल में है, जिसके लिए भी सर्च चल रही है।

बाकी की जानकारी घायलों को होश में आने के बाद मिल पाएगी।



फिलहाल मामले की जांच चल रही है।.मौके पर मौजूद चश्मदीदों के मुताबिक, ऑटो में सवार लोग किसी समारोह से सुर सिंह पंडोरी गांव से लौट रहे थे।

जब वह तरनतारन रोड पर गुरुद्वारा साहिब के नजदीक पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कार रॉन्ग साइड से आ रही थी और सीधा आकार ऑटो से टकराई, जिससे ऑटो में सवार चार लोगों की मौत हो गई। इसमें एक बच्चा भी शामिल था। हालांकि मरने वालों की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

# शिमला में फोरलेन का डंगा, मंडी में मकान गिरा



सड़क के नीचे घर को खतरा, 2 और शव मिले, 29 अभी भी लापता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 3 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के ढली में आज (गुरुवार को) निर्माणाधीन फोरलेन का बड़ा डंगा भरभराकर गिर गया। ढली के लिंडीधार में फोरलेन के लिए लगाया गया 20 से 25 फीट ऊंचा डंगा 5 से 7 सेकेंड में ढह गया। इससे एक मकान को खतरा पैदा हो गया है। वहीं स्थानीय व्यक्ति के सेब के कई पेड़ों को भी इससे नुकसान पहुंचा है।

बता दें कि, चंडीगढ़ से शिमला के ढली तक फोरलेन निर्माण का काम चल रहा है। फोरलेन के तीसरे चरण में हो रहे काम में ज्यादातर जगह ऊंचे-ऊंचे डंगे लगाए जा रहे हैं। ढली में भी काफी ऊंचा डंगा कुछ समय पहले ही लगाया गया था। फोरलेन बनने से पहले ही यह गिर गया है। इससे फोरलेन निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**दो भाईयों का मकान चंद सेकेंड में ढहा:** उधर, मंडी के गोहर के तलवाड़ा में आज दो भाइ झाबे राम और टहल दास का पुश्तैनी मकान चंद सेकेंड में ढह गया। 6 कमरों के मकान से दोनों भाई कुछ भी सामान बाहर नहीं निकाल सके। घर का आंगन में लैंडस्लाइड के बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद परिवार घर से बाहर निकल गया था। मगर सामान कुछ भी नहीं निकाल पाया। इसमें 10 से 11 बकरियां भी बह गई।

**मंडी में 2 शव बरामद:** वहीं, मंडी जिले में आज 2 और शव बरामद किए गए। इसके बाद मृतकों का आंकड़ा 13 पहुंच गया है। जबकि 29 लोग अभी भी लापता हैं। लापता लोगों की संख्या में अभी इजाफा होगा, क्योंकि सराज विधानसभा में 80 फीसदी से ज्यादा सड़कें व रास्ते टूटने की वजह से कई क्षेत्रों में रेस्क्यू टीम नहीं पहुंच पाई हैं।

उधर, मौसम विभाग ने कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला, सोलन व सिरमौर जिला में अगले 24 घंटे तक फ्लैश फ्लड का अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले 2 दिन बाद फिर से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 5 जुलाई को 3 जिले और 6 जुलाई को 6 जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। आज और कल भी पांच जिलों में यलो अलर्ट दिया गया है।







# धान की खरीद सीजन के मद्देनजर 15 सितंबर तक पुख्ता प्रबंध यकीनी बनाऐ जाएं : कटारूचक्क

खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के मंत्री द्वारा 15 सितम्बर से 15 नवंबर तक किसी भी अधिकारी को एक्स- इंडिया छुट्टी पर न जाने के निर्देश

190 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद के लिए जंगी स्तर पर तैयारियां

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के विभाग को इस साल 1 अक्तूबर से 15 नवंबर तक धान के खरीद सीजन को सुचारू और निर्विघ्न खरीद यकीनी बनाने के लिए तैयार रहने के निर्देश देते हुये विभाग के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने 15 सितम्बर तक सभी ज़रूरी प्रबंध और व्यवस्थाएं मुकम्मल करने के लिए कहा। अनाज भवन में एक समीक्षा मीटिंग के दौरान खरीद प्रबंधों का जायज़ा लेते हुये मंत्री ने आगे निर्देश दिए कि 15 सितम्बर से 15 नवंबर तक विभाग का कोई भी अधिकारी एक्स-इंडिया छुट्टी पर न जाये।

मंत्री को बताया गया कि 190 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद के लिए जंगी स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं और भंडारण के लिए और जगह तैयार करने के लिए, धान की ढुलाई सम्बन्धी अक्तूबर 2024 से जून 2025 तक 68 लाख मीट्रिक टन चावल राज्य से बाहर भेजा जा चुका है। इसके इलावा अगस्त 2025 से जून 2026 तक लगभग 82.5 लाख मीट्रिक टन चावल 7.5 लाख मीट्रिक टन प्रति महीने की दर के साथ बाहर भेजा जायेगा। मंत्री के ध्यान में यह भी लाया गया कि साल 2025- 26 के लिए कस्टम मिलिंग पालिसी का मसौदा इस महीने के अंदर तैयार होने की संभावना है। इसके इलावा लेबर और कारटेज पालिसी 2024 के साथ-साथ फूडग्रेन ट्रांसपोर्टेशन पालिसी 2024 को 30 सितम्बर, 2025 तक बढ़ा दिया गया है जिससे धान के खरीद सीजन को सफल बनाया जा सके।

गुणवत्ता के पहलूओं के बारे मंत्री को अवगत करवाया गया कि नेशनल ऐक्रीडेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलीब्रेशन लैबोरेटरियाँ (ऐनएबीऐल) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं एफसीआइ के नियमों अनुसार अनाज की रसायनिक जांच कर रही हैं। मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि तरपालों, लकड़ी के करेटों, बरदाने और जालीदार जालों का प्रबंध अपेक्षित मात्रा में किया जाये।

ई-केवाईसी प्रक्रिया के बारे मंत्री को बताया गया कि 1.57 करोड़ लाभार्थियों में से 1.25 करोड़ के लिए यह प्रक्रिया मुकम्मल हो चुकी है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एक्ट (एनएफएसए), 2013 के अंतर्गत राशन प्राप्त करने के लिए उनको इस प्रक्रिया की पालना करनी होगी। आगामी खरीद सीजन को सफल बनाने के लिए सभी भाईवालों के समूचे सहयोग की अपील करते हुये मंत्री ने कहा कि इस सम्बन्धी कोई भी ढील बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर अन्यों के इलावा प्रमुख सचिव खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले राहुल तिवारी, डायरैक्टर वरिन्दर कुमार शर्मा, अतिरिक्त सचिव पनग्रेन कमल कुमार गर्ग, ऐमडी पंजाब स्टेट वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन विनीत कुमार, अतिरिक्त डायरैक्टर खाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले डा. अंजुमन भास्कर और जीऐम ( वित्त) सरवेश कुमार हाजिर थे।

# मंत्री मोहिंद्र भगत ने पैसको के काम-काज का लिया जायजा

पूर्व सैनिकों के लिये अधिक रोजग़ार के मौके प्रदान करने पर केंद्रित रहा विचार-विमर्श

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** रक्षा सेवा कल्याण मंत्री मोहिंद्र भगत ने विभाग के अधिकारियों को पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के बेहतर जीवन निर्वाह के लिए पंजाब एक्स-सर्विसमैन कारपोरेशन (पैसको) को मज़बूत करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

पंजाब सिविल सचिवालय में एक समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने पैसको के कामकाजी ढांचे, वित्तीय स्थिति और कर्मचारी भलाई उपायों का मूल्यांकन किया। यह विचार-विमर्श मुख्य तौर पर पैसको के द्वारा पूर्व सैनिकों के लिए रोजग़ार के मौके बढ़ाने पर केंद्रित रहा।

पैसको के प्रबंध निर्देशक, मेजर जनरल हरमनदीप सिंह (सेवामुक्त), और जनरल मैनेजर (सुरक्षा), एस. पी सिंह ने मंत्री को कारपोरेशन के चल रहे प्रोग्रामों से अवगत करवाया। मीटिंग के दौरान तीन महीनों की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की गई। मुख्य विषयों में सुरक्षा गार्डों का वेतन ढांचा, विशेष श्रेणी के अधीन उनके वेतन बढ़ाने के प्रस्ताव और अलग-अलग भूमिकाओं में पूर्व सैनिकों के लिए सुचारू नियुक्ति प्रक्रिया शामिल था।

मंत्री मोहिंद्र भगत ने पूर्व सैनिकों की भलाई में पैसको की भूमिका को और मज़बूत करने के लिए पंजाब सरकार की वचनबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भरोसा दिया कि वित्तीय मसलों को हल करने, पूर्व सैनिकों के लिए सेवाओं में उम्र सीमा बढ़ाने के लिए ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

कामों का ज़मीनी स्तर पर और मूल्यांकन करने के लिए मंत्री ने नजदीकी भविष्य में पैसको सहूलतों का दौरा करने का इरादा भी ज़ाहिर किया। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की शान और बेहतरी को यकीनी बनाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 124वें दिन 107 नशा तस्कर गिरफ़्तार; 1. 2 किलो हेरोइन और 22 हजार रुपए की ड्रग मनी बरामद

नशा छुड़ाने सम्बन्धी यत्नों के हिस्से के तौर पर पंजाब पुलिस ने 71 व्यक्तियों को नशा छोडऩे का इलाज लेने के लिए राज़ी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** राज्य में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरु किये गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 124वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 107 नशा तस्करों को गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े में से 1.2 किलो हेरोइन और 21,980 रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इससे सिर्फ़ 124 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 20,287 हो गई है। यह ऑपरेशन डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया।

ज़िक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमीशनरों, डिप्टी कमीशनरों और एस. एस. पीज़ को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है।

आपरेशन के विवरण देते हुये स्पैशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 100 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1500 से अधिक पुलिस कर्मचारियों के सम्मिलन वाली 220 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 495 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 78 ऐफआईआरज़ दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस आपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 506 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की।

स्पैशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में से नशों के ख़ात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इनफोरसमैंट, डी-एडिकशन और प्रीवैंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के तौर पर 71 व्यक्तियों को नशा छोडऩे और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# 21 कैडिटों का तीन हफ्तों में एनडीए और अन्य रक्षा प्रशिक्षण अकैडमियों के लिए चयन

अब तक 276 कैडिटों का प्रतिष्ठित रक्षा प्रशिक्षण अकैडमियों में हुआ चयन: डायरैक्टर चौहान

अर्थ प्रकाश संवाददाता







**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सिज़ प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट, एस. ए. एस. नगर ( मोहाली) के 21 कैडिटों का केवल तीन हफ़्तों में नेशनल डिफेंस अकैडमी ( एन. डी. ए.) और अन्य प्रतिष्ठित रक्षा प्रशिक्षण अकैडमियों में चयन हुआ है। इस अहम प्राप्ति ने संस्था की शानदार विरासत में बढ़ोतरी की है। इस संस्था की शुरुआत से अब तक कुल 276 कैडिट विभिन्न रक्षा प्रशिक्षण अकैडमियों में गए हैं।

इस इंस्टीट्यूट के डायरैक्टर मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वीएसएम, ( सेवामुक्त) ने बताया कि कुल 18 कैडिट नेशनल डिफेंस अकैडमी के 154वें कोर्स के लिए चुने गए हैं, जिनमें आरियन सोफत और औजस गैंत पटियाला से, अनहद सिंह खाटुमरिया, अरमानवीर सिंह अधी, हरकंवल सिंह, प्रजवीर सिंह, आदित्या मिश्रा मोहाली से, भाविक कांसल संगरूर से, मोहनप्रीत सिंह, बलराज सिंह हीरा, ईशान शर्मा रोपड़ से, रणबीर सिंह और इशमीत सिंह बठिंडा से, समरवीर सिंह हीर और निमित सोनी जालंधर से, मनजोत सिंह गुरदासपुर से और तरन तारन से उदयबीर सिंह नन्दा और गुरवंशबीर सिंह शामिल हैं।

इनके इलावा कपूरथला से कैडिट गगनदीप सिंह को टैक्निकल एंट्री स्कीम ( टीईऐस) के 53वें कोर्स के लिए कालेज आफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमइ) पुणे के कैडिट प्रशिक्षण विंग में चुना गया है जबकि गुरदासपुर से कैडिट अरशदीप सिंह और मोहाली से करण कौशिश की 218वें कोर्स के लिए एयर फोर्स अकैडमी में चयन हुआ है।

रक्षा प्रशिक्षण अकैडमियों के लिए चुने गए कैडिटों को बधाई देते हुये डायरैक्टर चौहान ने कहा कि संस्था के कुछ कैडिट अभी भी अपने नियुक्ति पत्रों का इंतज़ार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्था इसी तरह पूरी लगन के साथ हथियारबंद सेनाओं के लिए प्राइमरी फीडर संस्था के तौर पर काम करती रहेगी। कैडिटों को उनके प्रशिक्षण में सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुये उन्होंने कैडिटों को प्रेरित किया कि वे पंजाब और देश के लिए मान बढ़ाने वाले मिसाली अधिकारी बनने के लिए पूरी दृढ़ता के साथ काम करें।

# महाराष्ट्र में 3 महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्याएं की

स्पीकर ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दर्दनाक है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने बताया कि महाराष्ट्र में मात्र तीन महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्याएं की है। हम कह सकते हैं कि प्रति दिन लगभग आठ किसानों ने आत्महत्याएं की है जोकि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दर्दनाक है। यह सिर्फ़ अन्नदाता की आत्महत्या नहीं है, यह हमारी व्यवस्था की पूरी विफलता है।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सिर्फ़ 376 किसान परिवारों को सरकारी सहायता मिली और बाकी परिवारों को मौत के बाद भी कुछ नहीं मिला। जिन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा किया था, परन्तु वह किसानों की कीमती जानों की रक्षा करने के योग्य नहीं हैं।

स्पीकर संधवां ने भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार को किसानों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाने और पीड़ित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा कृषि मॉडल की समीक्षा करने की सख़्त ज़रूरत है क्योंकि बहुत से किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं और भारत सरकार किसानों की आत्महत्याओं सम्बन्धी सही आंकड़े प्रदान नहीं कर रही है।

# बरसाती पानी से अटे नाले, शहरवासियों पर मंडराया तबाही का खतरा

घासफूस से भरा है शहर के ऊपर से गुजरने वाला और शहर के अंदर से गुजर रहा 25 फुट का नाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 2 जुलाई।** हर साल बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से जूझने वाले शहरवासियों और दुकानदारों को फिर से बरसाती पानी का डर सताने लगा है, क्योंकि आज भी बरसाती पानी की निकासी में बहुत सारी बाधाएं बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि बनूड़ के मुख्य बाजार और काउंसिल रोड पर स्थित दुकानों में हर बरसात में पानी घुस जाता है। यह घटना बनूड़ से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के बाद से आ रही है, क्योंकि सड़क निर्माण के दौरान निकासी के नाले बंद कर दिए गए थे और सड़क के साथ जो नाले बनाए गए थे, वे बाजार की सड़कों से करीब दो फुट ऊंचे हैं।

शहर के बीच से गुजरने वाली 25 फुट चौड़ी नहर के बंद होने से भी शहर में निकासी की बाधा है। इस नहर का कुछ हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण के कारण बंद हो गया तथा कुछ हिस्से पर कब्जा कर रखा है। जो हिस्सा खाली पड़ा है, उसकी सफाई नगर परिषद द्वारा समय पर नहीं करवाई जाती तथा अब तक नहीं करवाई गई है। इसी प्रकार बनूड़ के ऊपर बहने वाला बरसाती पानी भी बाढ़ का कारण बनता है। ड्रेन विभाग के अधीन आने वाली नहर में जीरकपुर का पानी इकठ्ठा होता है, जो बनूड़ में आकर बाढ़ का रूप ले लेता है। इसका बरसाती पानी हर साल ओवरफ्लो होकर वार्ड नंबर 3 बाल्मीक बस्ती, वार्ड नंबर 10 बाबा बंदा सिंह बहादुर कालोनी, वार्ड नंबर 11 गुरु नानक कालोनी, मीरां शाह कालोनी तथा वार्ड नंबर 12 बंड्या बसी के साथ-साथ अनाज मंडी, एफसीआई, मार्कफेड के गोदामों आदि में घुस जाता है, जिससे बड़े पैमाने पर तबाही मचती है, लेकिन बरसात से पहले इसकी कभी सफाई नहीं की जाती तथा न ही इसके किनारों को मजबूत किया जाता है। ड्रेनेज विभाग तब हरकत में आता है, जब पानी घरों में घुस जाता है। शहरवासियों का कहना है कि हमें बड़ा दुख होता है, जब प्रशासनिक अधिकारी घरों में घुस रहे पानी को देखकर दुख जताते हैं और बरसाती पानी की निकासी का उचित प्रबंध करने का आश्वासन देकर चले जाते हैं। दूसरी ओर बाजार में रुके हुए पानी की निकासी के लिए करीब 50 लाख रुपए तीन साल पहले मंजूर हुए थे और उस समय कुछ काम भी हुआ था, लेकिन वह बीच में ही रुक गया। इसी तरह 25 फुट चौड़े नाले के मामले में हाईकोर्ट ने अवैध कब्जे हटाकर इसे पक्का करने के लिए कौंसिल को आदेश दिए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# स्वदेश चोपड़ा जी की पुण्यतिथि पर मेडिकल कैंप की तैयारी, प्रेस क्लब जगराओं ने की विशेष बैठक

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 3 जुलाई।** प्रेस क्लब द्वारा श्रीमती स्वदेश चोपड़ा की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित मेडिकल कैंप को सफल बनाने के लिए बैठक की गई। जगराओं मालवा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंद समाचार ग्रुप के मालिक श्री विजय चोपड़ा जी की धर्मपत्नी एवं संपादक अविनाश चोपड़ा जी की माता स्व. स्वदेश चोपड़ा जी की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय लाइन भवन कच्चा किला में आयोजित किए जा रहे मेडिकल कैंप को सफल बनाने के लिए आज प्रेस क्लब रजिस्टर्ड जगराओं द्वारा विशेष बैठक की गई।

इस बैठक के दौरान प्रेस क्लब रजिस्टर्ड जगराओं के अध्यक्ष दीपक जैन ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को इस कैंप में पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के चेयरमैन अमरजीत सिंह मालवा ने कहा कि जहां प्रेस क्लब रजिस्टर्ड जगराओं कैंप को सफल बनाने के लिए सहयोग कर रहा है, वहीं शहर की कई सामाजिक संस्थाओं की ओर से भी कैंप को सफल बनाने के लिए संदेश आए हैं। इस मौके पर पत्रकार समुदाय से अमरजीत सिंह मालवा, दीपक जैन, सुखदीप नाहर, चरणजीत सिंह चैन, प्रवीण धवन, बलजीत सिंह गोल्डी, अमित खन्ना और प्रदीप पाल मौजूद रहे।

# जसवीर सिंह गढ़ी विदेश दौरे पर रवाना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन स. जसवीर सिंह गढ़ी एक महीने के लिए आज विदेश दौरे पर रवाना हो गए।

इस संबंधी जानकारी देते हुये पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि स. जसवीर सिंह गढ़ी अपने इस निजी दौरे के दौरान न्यूजीलैंड में डा. बी. आर. अम्बेडकर और साहेब श्री कांशीराम जी के विचारधारा का भी प्रचार- प्रसार करेंगे और इस समागम में हिस्सा लेंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि जसवीर सिंह गढ़ी अगस्त महीने के पहले हफ्ते में वतन वापसी करेंगे और पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग में अपना कार्यभार संभालेंगे।

# जीरकपुर ग्रीन्स ने चिकित्सक दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 3 जुलाई।** इनर व्हील क्लब जीरकपुर ग्रीन्स द्वारा डाक्टर्स दिवस के अवसर पर लाइफ ट्री हॉस्पिटल में आयोजित चिकित्सा शिविर के अंतर्गत बच्चो की स्वास्थ्य की जांच की गई व उनकी माताओं को टीकों व अन्य मौसमी बीमारियों के लक्षण व उपचार बताए गए व निशुल्क दवाइयां दी गई। क्लब द्वारा एम. डी. पीडियाट्रिक्स बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी भारद्वाज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में अध्यक्ष निहारिका गर्ग व अन्य सदस्य ,हॉस्पिटल स्टाफ व माताएं- बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों को जूस व अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई।

# जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय के साथ की गई मारपीट

घायल लड़के ने की पुलिस को शिकायत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 3 जुलाई।** बुधवार को एक लड़के के साथ साथ लड़कों ने मारपीट की जिस दौरान वह लड़का बुरी तरह से घायल हो गया।

घायल हरीश पुत्र दीवान चंद निवासी टोहाना हरियाणा हाल निवासी सनशाइन एनक्लेव जीरकपुर ने बताया कि वह जोमैटो का काम करता है जब वह अपनी राइड लगाने गया हुआ था तो उसे समय उसकी बहन के पास 77105 08985 मोबाइल नंबर से फोन आया और उसे बोला कि हमने तुम्हारे भाई से बात करनी है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन ने इस समय मुझे फोन करके यह नंबर दिया तो मैं इस नंबर पर संपर्क करके विप रोड़ पर स्थित मेट्रो मॉल के पास मिलने चला गया। जहां पर एक कर नंबर पीबी 01 ई 5214 में 5 व्यक्ति और एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति खड़े हुए थे जिनमें से अंकित नाम के एक लड़के ने मेरा गला पकड़ लिया और बाकियों ने पीछे से मारना शुरू कर दिया जिस दौरान मेरे सर पर चोट लगी । इस मारपीट के दौरान गले की चेन और सोने की अंगूठी भी गायब हो गई। पीड़ित ने कहा कि शायद हमलावरों ने ही उसकी चेन और अंगूठी चोरी कर ली है। पीड़ित ने कहा कि उसकी सिर पर पांच टांके लगे हैं इस सारी घटना की जानकारी पुलिस को दे दी है।

थाना जीरकपुर के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया के दोनों पार्टियों को कल शुक्रवार को थाने बुलाया है जांच के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

# आईस ड्रग सप्लाई करने वाले गिरोह के 2 आरोपियों से 1 किलो आईस ड्रग, 1 किलो अफीम व 10 ग्राम नशीला पाउडर बरामद

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



प्रेस वार्ता करती एसएसपी खन्ना

**खन्ना, 3 जुलाई।** एक जुलाई की देर रात शहर के अमलोह चौंक के पास खन्ना की सिटी -2 के एसएचओ तरविंदर कुमार बेदी की अगुवाई में पुलिस पार्टी संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की जांच कर रही थी। चेकिंग के दौरान विक्की निवासी खन्ना जो कि पैदल अमलोह चौंक की तरफ आ रहा था, शक के आधार पर उसे रोककर जब तलाशी ली गई तो उसके पास से 10 ग्राम सफेद नशीला पाउडर बरामद हुआ, उसके खिलाफ थाना सिटी-2 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी से गहन पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी ने यह नशा सुखमन सिंह उर्फ शनि निवासी अमृतसर, जो अभी मोहाली में रहता है उसके साथ मिलकर सस्ते दामों पर खरीद कर आगे बेचता है, पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि सुखमन सिंह हमेशा अपनी क्रूजर गाड़ी में खरड़ के शिवजोत अपार्टमेंट के गेट पर पहुंच नशीला पाउडर कई अन्य लड़कों को सप्लाई करता है, जिसके बाद आरोपी सुखमन सिंह को भी इस मामले में नामजद कर किया गया, खन्ना पुलिस ने ट्रेप लगाकर आरोपी सुखमन सिंह को खरड़ के शिवजोत अपार्टमेंट के गेट से क्रूज कार सहित गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी की क्रूज कार की कंडक्टर सीट से एक काले लिफाफे से 01 किलो अफीम तथा एक पारदर्शी लिफाफे से 01 किलो 500 ग्राम आईस ड्रग बरामद की, इस बात का खुलासा पुलिस जिला खन्ना की एसएसपी डॉ, ज्योती यादव ने प्रेस वार्ता में किया, पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी ने आगे कहा कि दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है, और भी अहम खुलासे होने की उम्मीद है। इस अवसर पर एसपी डी पवनजीत व हेमंत कुमार मल्होत्रा डीएसपी मोहित कुमार सिंगला मौजूद थे।

## मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को साकार करने की राह दिखाएगा राष्ट्रीय सम्मेलन : नायब सैनी

**हरियाणा ने विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का रखा लक्ष्य**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मानेसर, 3 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा को मिली है। इस सम्मेलन में हम सब अपने लोकतंत्र को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार मंथन कर रहे हैं। यह विषय हमारे लोकतंत्र की जड़ों को सींचने और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत- 2047 के विजन को साकार करने की राह दिखाता है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला और नर्सरी हैं। लोकतंत्र की जड़ें स्थानीय स्तर पर जितनी गहरी होंगी, हमारा राष्ट्र उतना सशक्त बनेगा। अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है तो आमजन को लगता है कि उसने अपने स्थानीय निकाय की बागडोर सही हाथों में सौंपी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा, विकसित नगरों से ही बनेगा। इसलिए, हमने हरियाणा में विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा है।



**हरियाणा ने कुंडली और मानेसर औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए 148 डोरमेट्री यूनिट्स का किया निर्माण:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल मिशन नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों का हिस्सा बने। स्वच्छ भारत मिशन का पहला चरण जन-जागरूकता था, दूसरा चरण इन्फ्रास्ट्रक्चर है, अब तीसरा चरण संस्कार होना चाहिए। शहरों को कचरा मुक्त करने के लिए शत-प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन, बायो-सीएनजी और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि शहर स्लम मुक्त हो। गरीब को पक्का मकान, स्वच्छ पानी, अच्छी बुनियादी सुविधाएं और पूरा सम्मान मिले। इस दिशा में पी.एम. आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए देश में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बन चुके हैं। हरियाणा में प्रथम चरण में कुंडली और मानेसर औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए 148 डोरमेट्री यूनिट्स का निर्माण किया है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को धरातल पर उतारने में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

### 5 अत्याधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर हो रहा काम

नायब सिंह सैनी ने कहा कि साइबर सिटी गुरुग्राम शहरी विकास का एक मॉडल है। इसके साथ लगते 180 किलोमीटर लंबे के.एम.पी. कॉरिडोर के साथ पंच ग्राम योजना के तहत ऐसे ही 5 अति आधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना वर्ष 2050 तक 75 लाख जनसंख्या के लिए बनाई गई है।

### पीपीपी से योजनाओं का मिल रहा आमजन को लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरुत योजना के तहत शहरों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। हरियाणा में सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया है और इससे सभी सरकारी योजनाओं को जोड़ दिया है। अब इन योजनाओं का लाभ नागरिकों को घर द्वार पर ही मिल रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जिस स्वामित्व योजना को पूरे देश में लागू किया है, उस योजना को हरियाणा ने शत-प्रतिशत लागू कर दिया है। इसके साथ-साथ हरियाणा में नगर दर्शन पोर्टल की शुरुआत भी की गई है।

### शहरी निकाय को बनाया सशक्त

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त और पारदर्शी बनाना बेहद जरूरी है। इसके लिए हरियाणा में ई गवर्नेंस को तेजी से अपनाया जा रहा है। हरियाणा के हर निगम में डिजिटल पोर्टल के माध्यम से काम किया जा रहा है। एआई के माध्यम से समस्याओं के समाधान हो रहे हैं। संपत्ति कर, बिजली के बिल, ठोस कूड़ा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र है विकास भी और पर्यावरण भी। इसके लिए हमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, ग्रीन बिल्डिंग, सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को प्राथमिकता देनी होगी। हर नगर निकाय को एक ग्रीन एक्शन प्लान तैयार करना होगा। जल संकट से निपटने के लिए अमृत सरोवर और जल जीवन मिशन जैसे अभियानों को हरियाणा गति दे रहा है।

## हरियाणा में जनप्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन पर गर्व : कल्याण

**राष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई विकास की अच्छी प्रक्रियाओं के प्रसार में शहरी निकायों के लिए मार्गदर्शक बनेगा**

**हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी का अवसर मिलने पर जताया आभार**

**शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा- शहरी निकाय वह सरकार है जिनका जनता से सीधा सरोकार है**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मानेसर, 3 जुलाई।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि जिस पावन धरती से भगवान श्रीकृष्ण ने संपूर्ण मानवता को गीता ज्ञान और कर्म का संदेश दिया, उसी धरती पर देशभर के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होना, न केवल हरियाणा विधानसभा बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई विकास की अच्छी प्रक्रियाओं के प्रसार में शहरी निकायों के लिए मार्गदर्शक बनेगा।

श्री कल्याण गुरुवार को मानेसर स्थित आईकैट-2 परिसर सभागार में आयोजित देश के शहरी स्थानीय निकायों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वागत संबोधन कर रहे थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह दो दिवसीय सम्मेलन शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, महिलाओं और युवाओं को समर्पित है। सम्मेलन में संवाद और चर्चा के माध्यम से जो अच्छी प्रक्रियाएं और नवाचार सामने आएंगे, उन्हें जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करेंगे। हरियाणा की धरती पर मिले अनुभवों को देशभर में प्रसारित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि हाल ही में पटना में आयोजित राज्यों की विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में जो प्रस्ताव पारित किए गए थे, उनका समर्थन मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने बजट भाषण में भी किया है। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि विधायी संस्थाएं जिनमें संसद, विधानसभाएं, शहरी निकाय व पंचायतें मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें इसी उद्देश्य को लेकर आज यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह पहल आने वाली पीढि?ों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और यहां से निकले विचार विधायिकाओं की भूमिका को सक्रिय, प्रभावी, सहभागी और जनहितकारी बनाने में सहयोग करेंगे।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण एवं उपाध्यक्ष डॉ.कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

शहरी निकाय अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में हरियाणा सरकार के शहरी निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय नागरिक सेवा एवं नागरिक संपर्क की प्रथम एवं अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि शहरी निकाय वह सरकार है जिनका जनता से सीधा सरोकार है। लोकतंत्र की सबसे छोटी नहीं बल्कि सबसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील इकाई हैं। उन्होंने सम्मेलन में पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण व देश भर से आए शहरी निकाय जन प्रतिनिधियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मां वैष्णो सेवा समिति ने अष्टमी पर लगाया भंडारा



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रों की अष्टमी के उपलक्ष में मां वैष्णो सेवा समिति समालखा सदस्यों के द्वारा शहर के रेलवे रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थापक सदस्य पंकज गोल्डी नें जानकारी देते हुए बताया कि आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि को सुबह हवन यज्ञ के बाद विधि विधान से मन की पूजा अर्चना कर मां के आशीर्वाद से भंडारा लगाया गया था। जिसमें मां दुर्गा की पूजा करते हुए हल्कावासियों व देशवासियो की सुख शांति व सभी पर माँ की कृपा प्राप्त करने और समाज में खुशी फैलाने की कामना की गई। वहीं प्राचीनश्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर पंडित सुभाष शास्त्री नें बताया कि सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। सालभर में दो गुप्त नवरात्रि, चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि सहित 4 नवरात्रि मनाई जाती है। माघ और आषाढ़ माह में गुप्त नवरात्रि आती है। इसमें मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है, जबकि चैत्र माह की नवरात्रि को चैत्र नवरात्रि एवं आश्विन माह में आने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। इस दौरान मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य पंकज गोल्डी, सुभाष, पंकज शर्मा, संजय, अमित, नमन अरोड़ा, प्रिंस वाधवा एवं संजीव खन्ना, सुरेश आदि सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

### संयुक्त कार्यालय परिसर में फायर मॉक ड्रिल आयोजित



**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** संयुक्त कार्यालय परिसर भवन में वीरवार को एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में फायर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। डीएसपी राज सिंह, सिद्धार्थ बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। ड्रिल के दौरान कृत्रिम धुएं से फायर सिस्टम की जांच की गई। जैसे ही स्मोक डिटेक्टर ने धुआं पकड़ा, सायरन बजा और सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकले। एसडीएम ने कहा कि आपदा पूर्व चेतावनी नहीं देती, इसलिए सतर्कता जरूरी है। उन्होंने फायर सेफ्टी यंत्रों की जानकारी दी और बिजली उपकरणों को समय-समय पर आराम देने की सलाह दी। इस भवन को हाल ही में फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट मिला है। फायर सिस्टम लगाने वाली कंपनी के निदेशक सतीश शर्मा ने बताया कि पूरे भवन में आधुनिक सेंसर, स्मोक डिटेक्टर, फायर हाइड्रेंट व प्राथमिक सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों को आग बुझाने की ट्रेनिंग भी दी गई।

### विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और पर्यावरण की सुरक्षा हेतु वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एच.एल. वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग आज पूरे विश्व के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। हमें व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर इसके प्रयोग को त्यागकर कपड़े, जूट एवं कागज से बने थैलों का प्रयोग आरंभ करना चाहिए। केवल जागरूकता ही नहीं, व्यवहार में भी बदलाव लाना समय की मांग है। प्रो. वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि समाज के प्रति दायित्वों को भी निभाने में अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्लास्टिक मुक्त परिसर के संकल्प को आत्मसात करें और अपने-अपने घरों, मोहल्लों तथा समाज में इस विषय पर जागरूकता फैलाएं।

## पवन गर्ग अग्रवाल समाज जुलाना के अध्यक्ष नियुक्त

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 3 जुलाई।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के पदाधिकारियों की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी वर्ष के लिए जुलाना खंड के अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। साथ ही संयोजक और महासचिव भी बनाए गए। जुलाना खंड के अध्यक्ष की जिम्मेवारी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पवन गर्ग को दी गई। इसके साथ साथ व्यापारी नेता तुलसी राम सिंगला को संयोजक और युवा नेता राहुल तायल को महासचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सावर गर्ग, रामधन जैन, पवन बंसल, सोनू जैन, मनीष गग, बजरंग सिंगला, राजेश गोयल, रजत सिंगला, सुनील गोयल, सुशील सिंगला, सतीश गोयल इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 7 सितम्बर को जीन्द में होने वाले ऐतिहासिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन को कामयाब बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने इन पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाज हित में योजनाबद्ध और प्रभावी ढंग से कार्य करते हुए जल्द से जल्द कार्यकारिणी का गठन करें। इस अवसर पर सावर गर्ग, रामधन जैन और पवन बंसल ने कहा कि इन सभी पदाधिकारियों का यह दायित्व बनता है कि वे समर्पित होकर संस्था के बैनर तले समाज हित के लिए कार्य करें।

## जलभराव को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 3 जुलाई।** बारिश के दिन बराड़ा की तीन कॉलोनियों के निवासियों के लिए आफत बनकर आते हैं। क्योंकि इन कॉलोनियों में जलभराव होने के कारण लोगों का घरों से निकलना भी दूभर हो जाता है। शुक्रवार को बराड़ा की रेलवे लाइन के समीप बनी प्रेम नगर कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी और गुरुनानक एंक्लेव के लोगों का रोष काफी बढ़ गया और उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहां के निवासी कमल बराड़ा, अजय कुमार, सोनू, विशाल, उमा देवी, पूजा रानी, राजरानी, कांता देवी, नीलम, आरती, रीना, रजनी, सरोज, रामकली ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे नामचर्चा घर के पास से उनकी कॉलोनियों में सड़क आती है। बराड़ा का सारा पानी शनिमंदिर से होते हुए रेलवे पुलिया के नीचे से उनकी कॉलोनी में आता है। लेकिन उसके बाद पानी की निकासी का कोई रास्ता ना होने के कारण पानी यहीं रुक जाता है। इससे पानी उनके घरों में घुस जाता है जिससे उनका सामान भी खराब हो रहा है। गलियां भी जलमग्न हो गई हैं। कमल बराड़ा ने कहा कि उन्हें जलीय जंतुओं का भी खतरा बना हुआ है। जिस दिन से बारिश शुरू हुई है तभी से उनके पूरी कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इन लोगों का कहना है कि अपनी जमा पूंजी लगाकर उन्होंने यहां घर बनाए थे, लेकिन निकासी ना कोने के कारण उन्हें काफी नुकसान हो रहा है।

## डॉ. एसएल लाल वर्मा रोटरी क्लब रोहतक के प्रधान बने

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 3 जुलाई।** रोटरी क्लब रोहतक ने कल शाम को दिल्ली रोड स्तिथ एक निजी होटल में रोटरी वर्ष 2025-26 की पहली क्लब असेंबली एवम पारिवारिक मिलन का आयोजन किया द्य इस क्लब असेंबली में इस वर्ष के लिए चुने गए प्रधान डॉ एस एल वर्मा, सचिव डॉ सुनील मुंजाल और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यग्रहण किया द्य मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस आयोजन में मुख्य अतिथि हमारे शहर के भामाशाह व एल पी एस बोसार्ड के एम डी भाई राजेश जैन रहे द्य रोटरी मंडल 3011 के मंडल सचिव रोए संजीव वधवा व क्लब के वरिष्ठ सदस्य रो. राज शर्मा इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे द्यडॉ एस एल वर्मा ने पद ग्रहण करते ही आए हुए मुख्य अतिथि श्री राजेश जैन, विशिष्ट अतिथि रो. संजीव वधवा एवम रो. राज शर्मा, रोटरी क्लब के सभी सदस्यों एवम रोटरी परिवार के सदस्यों का स्वागत किया द्य सचिव डॉ सुनील मुंजाल नें मंच का संचालन किया। क्लब के निदेशक डॉ आर के चौधरी ने क्लब की नयी कार्यकारिणी के सदस्यों को बारी बारी बुला कर मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि से पिन लगवाई द्य कलब के सह सचिव रोबिन सचदेवा ने आने वाले वर्ष में क्लब की होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी द्य रो. राज शर्मा ने रोटरी क्लब रोहतक के 65 वर्ष के इतिहास को याद दिलाते हुए क्लब के सदस्यों को लोक हित की गतिविधियों5 को तेज करने का आह्वान किया द्य रो. संजीव वधवा ने क्लब के प्रधान कोआश्वासन दिया कि क्लब के सभी प्रोजेक्ट के लिए रोटरी मंडल 3011 से पूरी सहायता की जाएगी द्य मुख्य अतिथि राजेश जैन जी ने अपने भाषण में क्लब के सदस्यों को अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण की देखभाल करते हुए समाज में भी स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी जानकारियां देने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया द्य इस अवसर पर रो. डी एस बुधवार, रो. प्रेम ग्रोवर, डॉ सतीश गुलाटी, डॉ अरूण नरूला, रो. हनीश महेन्दरू भी मंच पर मौजूद रहे।

### अभी भी खड़ा है खेतो में मारकंडा का पानी

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** हलके के गांव जलबेड़ा नेसी सहित अनेकों गांव में मारकंडा नदी का पानी अभी भी बह रहा है । हालांकि नदी का पानी कुछ कम होने के कारण लोगों को राहत मिली है। परंतु खेतों में खड़ा पानी अभी कम नहीं हुआ। खेतों में खड़े पानी के कारण किसानों की फसले तबाही के कगार पर पहुंच चुकी है । म ारकंडा नदी के पानी के बहाव ने जहां फसलों को तबाह कर दिया । रही सही कसर खड़ा पानी पूरी कर रहा है किसानो के पशुओं के लिए भी पशु चारा खराब हो चुका है। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों को हो रही है जिन्होंने जमीन ठेका पर लेकर खेती की थी। जमीन का ठेका व फसल लगाने के लिए लगी राशि दोनों ही खत्म हो चुकी है। किसानों को एक मात्र आशा अब सरकार से मुआवजे की है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों की बरसात का भी भय बना हुआ है।बरसात के कारण मारकण्डा में फिर पानी का बहाव तेज हो जाएगा।

## अतिक्रमण और जलभराव को लेकर नगर पालिका सख्त, जल्द हटेंगे कब्जे : मोहनलाल

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 3 जुलाई।** शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और नालों पर अवैध कब्जों के चलते जाम और जलभराव की समस्या गहराती जा रही है। विशेषकर बरसाती मौसम के दौरान गंदगी और पानी के जमाव की स्थिति को लेकर नगरवासियों में भारी असंतोष है।

इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया है। नगर पालिका सचिव मोहनलाल ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि नालों पर कब्जा कर लेंटर डालने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नालों की सफाई में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि अविलंब अतिक्रमण हटाकर सफाई कार्य प्रारंभ किया जाए।

सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन दुकानदारों ने नालों के ऊपर अस्थायी या स्थायी निर्माण कर रखा है, उन्हें हटाकर खाली किया जाए नहीं हटाया गया, तो पालिका स्वयं कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाएगी और संबंधित से खर्च की वसूली भी की जाएगी। नगरपालिका की इस सख्ती से उम्मीद की जा रही है कि बरसात में जलभराव से राहत मिलेगी और शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर होगा।

## फाजिलपुर में ई-लाईब्रेरी को पूरा ना किए जाने पर गांववासियों ने जताया रोष

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इन्द्री, 3 जुलाई।** इन्द्री के गांव फाजिलपुर में ई-लाइब्रेरी बनाने की घोषणा केवल कागजों में ही सिमट कर रह गई है। इस लाईब्रेरी के लिए आया कुछ सामान देखभाल ना होने के कारण खराब हो रहा है। इस को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। इस बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीण ने बताया कि सरकार द्वारा कुछ महीनों पहले गांव में ई-लाईब्रेरी बनाने की घोषणा की गई थी ओर इसके लिए जगह भी चिंह्ति कर ली गई थी। गांव की पंचायत ने इसके लिए जगह भी दे दी थी।

इस लाईब्रेरी के लिए लगभग एक साल पहले फर्नीचर भी आ गया था लेकिन अभी तक ना तो किताबें आई है ओर ना ही कोई कंपयूटर वगैरा। इनके अभाव में यह लाईब्रेरी आज तक भी नहीं पूरी बन पाई है। किताबों व कंपयूटर के अभाव में बच्चों को पढने के लिए शहर में जाना पड़ रहा है। गांववासियों ने बताया कि इस लाईब्रेरी में बिजली,पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। शौचालय में गंदगी फैली हुई है ओर कोई रखवाली ना होने के कारण बाहर खुले में बड़ा बड़ा घास खड़ा है।

कई बार अधिकारियों को इस बारे में शिकायत भी की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गांववासियों ने मांग की कि प्रशासन इस ओर ध्यान दे ओर इस लाईब्रेरी को जल्द से जल्द पूरा करवाएं। इस बारे में जब उपायुक्तत उत्तम सिंह को बताया गया तो उन्होंने कहा कि इस बारे में संज्ञान लिया जाएगा कि अब तक यह लाईब्रेरी क्यों नहीं पूरी हो पाई है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि जिन जिन पंचायतों के पास फंड़ की कोई कमी नहीं है वहां वहां ऐसी लाईब्रेरियों का निमार्ण करवाया जा सके।

## कनाट प्लेस कर्ण गेट और पुराना जीटी रोड पर अतिक्रमण

**तीन सौ से अधिक रेहड़ी और फड़ी वालों का किराया जा रहा है नगरनिगम की बजाए दुकानदारों की जेब में**

**दुकानों के आगे बरामदे और फुटपाथ गायब**

**एक फड़ी वाला देता है 70 हजार रुपए तक प्रतिमाह किराया**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 3 जुलाई।** जहां एक तरफ करनाल को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रशासन और सरकार करोडों रुपए खर्च कर रही हैं। वहीं पर करनाल का कनाट प्लेस और करनाल का दिल माना जाने वाला पुराना जीटी रोड और कर्ण गेट क्षेत्र अतिक्रमण और बरांडों के साथ फुट पाथ पर कब्जा करने के कारण अपनी खुबसूरती खोता जा रहा हैं। कर्ण गेट क्षेत्र मं कई जगह तो हालात यह हैं कि यदि कहीं पर हादसा हो जाए तो यहां पर दमकल की गाडियां नहीं घुस सकती हैं। यहां पर लगभग तीन सौ से अधिक फड़ी और रेहड़ी वाले हैं। जिनसे जो लाखों रुपए किराए के रूप में नगरनिगम को जाना चाहिए। वह यहां के दुकानदारों की जेब में जा रहे हैं। इस क्षेत्र में एक दुकानदार जो घड़ी की दुकान चलाता है उसके सामने बेठने वाला प्रति माह 70 हजार रुपया किराया देता हैं। इसके अलावा इस बाजार में दुकानदारों ने दोनों तरफ बनाया तीन फुट का फुटपाथ को भी समाप्त कर दिया हैं। यहां पर फुटपाथ और बरामदा बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे अशोक खट्टर ने बताया कि वह इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। कर्ण गेट में कोई भी अपनी स्कूटी ढंग से नहीं निकाल सकता हैं। यही हाल पुराने जीटी रोड और दुपट्टा मार्कीट में बने हुए हैं। अतिक्रमण करने वालों में भाजपा के बड़े नेता भी शामिल हैं। एक अतिक्रमणकारी जो कहने को तो सरकारी निगरानी समिति का सदस्य हैं। लेकिन बाजार में उसकी पोजीशन देखी जा सकती हैं। कानूनी जानकार बताते हैं सरकार के द्वारा बनाए स्ट्रक्चर में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता हैं। यहां पर बैठे तीन सौ से अधिक फड़ी और रेहड़ी वाले लगभग 30 साल से बैटे हैं। किराया किसे दे रहे थे इस पर खामोश हैं। दबी जुवान से कहते हैं कि आप सब जानते हो तो बताओ हमसे क्यों पूछते हो। इस बाजार का कायाकल्प नगर सुधार न्यास के पूर्व चेयरमैन राकेश नागपाल ने किया था। उन्होंने तीन फुट का फुटपाथ बन वाया था इसके अलावा इस क्षेत्र को खुबसूरती प्रदान की थी लेकिन दुकानदारों ने अपने लालच के कारण इसा बाजार को तंग बना दिया। फेसटीवल सीजन में इस बाजार में सें निकलना मुश्किल हो जाता हैं। सन डे बाजार जब लगता है तो किराया किसके पास जाता हैं यह सवाल आज भी लोगों के सामने खड़ा हैं। यदि यहां पर रेहड़ी और फड़ी वालों को कानूनी हक प्रदान कर उन्हें खुबसूरत हाट बना कर पुरानी सब्जी मंडी में बिठा दिया जाए तो नगरनिगम को करोड़ों की आय हो सकती है। यह बाजार भी खुला हो जाएगा। यहां पर दुकानदारों के वाहनों के लिए अलग पार्किंग बनाई जाए। तो यहां खुबसूरती बड़ेगी। इस मामले में नगरनिगम के अफसर खामोश हैं।

अधिकतम 33 डिग्री से.
डिग्री से. 27 न्यूनतम
सूर्योदय 5.24 बजे
सूर्यास्त 7.30 बजे
सोना 24 कैरेट : 99,040.00
सेंसेक्स : 83,409.69
अमेरिका : 85.63
केनेडियन : 62.79
आस्ट्रेलिया : 56.19

# प्रशासन का कोई महकमा भर सकता है रिश्वतखोरी को लेकर दंभ!

चंडीगढ़ की कोई कंपनी या महकमे के पास नहीं आईएसओ 37001 सर्टिफिकेशन

केंद्र सरकार के ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड की ओर से महकमों, कंपनी या एनजीओ इत्यादि को दिया जाता है ब्राइब फ्री प्रमाणपत्र



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस का दंभ भरने वाले चंडीगढ़ का कोई महकमा अभी तक ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड के आईएसओ 37001 सर्टिफिकेशन हासिल किये नहीं है। यानि प्रशासन का कोई महकमा अपने आप को फिलहाल इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के मुताबिक रिश्वत फ्री (ब्राइब फ्री) घोषित नहीं कर सकता। ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड से ली गई आरटीआई बता रही है जिसमें कहा गया है कि चंडीगढ़ का कोई भी विभाग ब्राइब फ्री नहीं है। किसी महकमे ने अभी तक अंतराष्ट्रीय मापदंडों पर बनाये गये ब्राइब फ्री आईएसओ 37001 सर्टिफिकेशन के लिये आवेदन तक नहीं किया है। आरटीआई में एक और हैरतंगेज जानकारी सामने आई। इससे पता चला कि पूरे हिंदुस्तान के राज्यों व यूटी में केवल और केवल 8 से 9 विभागों ने ही ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड से यह सर्टिफिकेशन हासिल किया है। यानि देश के दूसरे राज्यों व यूटी की तरह ही चंडीगढ़ प्रशासन के महकमे मानकों पर खुद खरा नहीं उतरते।

### हाल में चीफ सेक्रेट्री ने विभागो को दिये थे इस बाबत निर्देश

यहां बता दें कि हाल ही में चंडीगढ़ के चीफ सेक्रेट्री राजीव वर्मा ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की जिसमें पब्लिक डीलिंग वाले महकमों को कहा गया कि व एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम सर्टिफिकेशन अनिवार्य तौर पर लें। सभी विभागों में सर्विस क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने का प्लान बनाने को कहा गया। बताया जाता है कि पाइप के जरिये दिये जा रहे मैनेजमेंट सिस्टम की सर्टिफिकेशन को लेकर आवेदन के बारे मीटिंग में जिक्र आया। निगम को अगर यह सर्टिफिकेट मिल जाता है तो चंडीगढ़ देश का पहला शहर होगा जहां पाइप से दिये जा रहे पीने के पानी को लेकर यह सर्टिफिकेशन हासिल होगी। इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सभी जरूरी नार्म्स के हिसाब से यहां पीने के पानी सभी मापदंडों पर खरा है। चीफ इंजीनियर चंडीगढ़ को भी ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड से डेवलप किये बिल्डिंग बॉयलॉज को पूरी तरह से लागू करवाने को कहा गया। चीफ सेक्रेट्री ने कहा कि सब विभाग एक नोडल अफसर बनायें जो बीआईएस से ट्रेनिग करवाये जिससे क्वालिटी और पब्लिक सर्विस में सर्टिफिकेशन हो सके। बीआईएस से सर्टिफिकेशन हासिल करने से विभागों में रिश्वतखोरी पर लगाम लगेगी। रिश्वतखोरी के लिये बनाये गये रास्ते बंद होंगे। ज्यादा से ज्यादा काम ऑनलाइन हो सकेंगे। खासतौर से जहां सभी डॉक्यूमेंट्स हैं वहां विभागों के लिये काम रोक पाना संभव नहीं होगा।

### रिश्वतखोरी रोकने, इसके जोखिम करने में लाभदायक

एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम आईएसओ: 37001 सर्टिफिकेशन एक संगठन या डिपार्टमेंट को रिश्वतखोरी रोकने, पता लगाने या उसका जवाब देने के लिये प्रबंधन प्रणाली तैयार करने में मदद करता है। यह एक मानक है जो विभागों को रिश्वतखोरी से संबंधित जोखिमों को कम करने और एक ऐसे कल्चर को बढ़ावा देने के लिये दिशानिर्देश बनाता है। इससे ईमानदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है। अगर विभाग के पास यह सर्टिफिकेशन है तो इसकी पारदर्शिता पर विभाग भरोसा कर सकते हैं। सिस्टम के तहत उन जगहों या विभागों की मॉनीटरिंग की जाती है जहां रिश्वतखोरी का ज्यादा रिस्क हो। रिश्वतखोरी के कारणों का पता लगाना और उन्हें कम करना। इस सिस्टम को सभी सरकारी विभाग, प्राइवेट कंपनियां, संगठन या एनजीओ इत्यादि अपना सकते हैं।

### देश की केवल दस कंपनियों ने लिया आईएसओ 37001

देश भर में सेंट्रल वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन, नई दिल्ली, सेल, कारपोरेट ऑफिस, दिल्ली व बोकारो, पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली, एनटीपीसी लिमिटेड, नई दिल्ली, सिक्योरटी प्रिंटिंग एंड माइनिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड, रांची, बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड, पटना, एसजेवीएन, शिमला, सीमंस गमेसा रीन्यूएबल पॉवर प्राइवेट लिमिटेड, तमिलनाडु, इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कारपोरेशन लिमिटेड, मुंबई शामिल हैं। नुमलीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड, गुवाहटी ने आईएसओ 37001 के लिये आवेदन किया हुआ है। चंडीगढ़ की कोई आर्गेनाइजेशन या महकमा आईएसओ 37001 सर्टिफिकेशन हासिल किये हुए नहीं है।

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल कोरी बातें: गर्ग

चंडीगढ़ में पिछले दिनों भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करने की बात की गई थी और इसके लिए एक मीटिंग भी बुलाई गई थी तो उसमें कहा गया था कि एंटी करप्शन के जो मेजर्स हैं वह चंडीगढ़ में लिए जाएंगे। एंटी करप्शन के लिए क्या मैकेनिज्म है तो पता चला कि ब्यूरो ऑफ इंडिया स्टैंडर्ड (बीआईएस) आईएसओ 37001 इशू करता है। आरटीआई में सामने आया कि पूरे भारत में सिर्फ 10 कंपनियों ने यह सर्टिफिकेशन लिया हुआ है। चंडीगढ़ में किसी भी कंपनी किसी भी राज्य सरकार या किसी भी प्रशासन के महकमे ने ना कोई अप्लाई किया हुआ है ना कोई उसको आइसो 37001 मिला है। आरके गर्ग के मुताबिक हम भ्रष्टाचार के खिलाफ जाने की बात तो करते हैं लेकिन इस पर अमल नहीं करते। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जाने के लिए जो भी मैकेनिज्म सरकार ने खुद बनाई हुई है उस पर प्रशासन या उसके महकमे अमल नहीं करते।

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में एलपीजी गैस भरने के मामले में 5 काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस के सेंट्रल डिविजन की थाना सारंगपुर पुलिस ने अवैध रूप से घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में एलपीजी गैस भरने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान ईडब्ल्यूएस कॉलोनी धनास के रहने वाले चुन्नी लाल, मनीष कुमार, अजय, फुरकान, और अरविंद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि धनास में परफेक्ट मार्बल शॉप के पिछली साइड कुछ लोग अवैध रूप से घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में एलपीजी गैस भर रहे है। मामले की सूचना पाते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उक्त आरोपियो के खिलाफ धारा 287 बीएनएस और 7 ईसी एक्ट और 4 लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस सप्लाई एंड कंट्रोल ऑर्डर के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।

### घर में रखी अलमारी से नकदी व कीमती ज्वैलरी चोरी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना सारंगपुर क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक घर में रखी अलमीरा से नकदी और ज्वैलरी का सामान चोरी हो गया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता स्मॉल फ्लैट्स धनास की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह बीते दिन रात के समय अपने घर में बच्चों के साथ सो रही थी। ज्यादा गर्मी होने के चलते उसी दिन घर का दरवाजा खोल रखा था।जब वह अगले दिन सुबह करीब 5 बजे उठी तो देखा कि घर में रखी अलमीरा खुली हुई है।और सारा सामान बिखरा हुआ है। घर से तीन मोबाइल फोन, 8पेयर्स सिल्वर एंकलेट्स,दो गोल्ड मंगलसूत्र, एक पेयर गोल्ड इयररिंग, दो पेयर्स गोल्ड इयररिंग,एक गोल्ड टीका,एक गोल्ड ओम, 4 गोल्ड कॉक्स,एक सिल्वर वेस्ट बेल्ट, दो सिल्वर बैंगल्स,8 सिल्वर रिंग,एक सिल्वर चैन,दो पेन ड्राइव, जरूरी कागजात के अलावा 20 हजार रुपए की नकदी गायब थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता की इससे पहले भी थाना सारंगपुर क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक घर से 2 लाख रुपए की नकदी और तीन गोल्ड रिंग चोरी हो गई थी। पीड़ित इकबाल सिंह परिवार के साथ माथा टेकने के लिए गुरुद्वारा साहिब में गए हुए थे। मामला अभी सुलझा नहीं। जांच जारी है।

# प्रशासन ने शुरू किया ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम, संपत्ति हस्तांतरण अब और आसान

प्रशासनिक दक्षता और जन सुविधा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

नागरिकों के समय और श्रम की बचत होगी, अब मैनुअल आवेदन की आवश्यकता समाप्त

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन ने संपत्ति स्वामित्व हस्तांतरण को और अधिक सुगम, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए एक क्रांतिकारी डिजिटल पहल शुरू की है। ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम नामक यह नया सिस्टम संपत्ति कार्यालय, यूटी चंडीगढ़ द्वारा लागू किया गया है, जो प्रशासनिक दक्षता और जन सुविधा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रणाली प्रौद्योगिकी के उपयोग से संपत्ति विलेख पंजीकरण के बाद म्यूटेशन प्रक्रिया को स्वचालित करती है, जिससे नागरिकों के समय और श्रम की बचत होगी। इससे अब मैनुअल आवेदन की आवश्यकता समाप्त हो गई है। अब संपत्ति विलेख के पंजीकरण के तुरंत बाद म्यूटेशन प्रक्रिया स्वचालित रूप से शुरू हो जाएगी। हस्तांतरित व्यक्ति को अलग से आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। वास्तविक समय डेटा एकीकरण होगा। यह सिस्टम उप-पंजीयक कार्यालय (एसआरओ) और संपदा कार्यालय के बीच डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से त्वरित और सुरक्षित डेटा हस्तांतरण सुनिश्चित करता है। डिजिटल ट्रैकिंग और जवाबदेही तय होगी। म्यूटेशन प्रक्रिया का प्रत्येक चरण डिजिटल रूप से मॉनिटर किया जाएगा। आवेदकों को स्वचालित पावती के साथ प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी मिलेगी। यह सिस्टम अतिरिक्त कागजी कार्रवाई और संपदा कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत को खत्म करता है, जिससे संपत्ति खरीदारों पर बोझ कम होगा। मैनुअल हस्तक्षेप को न्यूनतम करके प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया गया है। इससे बेहतर निगरानी भी संभव होगी। विलेख पंजीकरण के दौरान जमा किए गए दस्तावेज स्वचालित रूप से प्राप्त और पुनः उपयोग किए जाएंगे, जिससे दस्तावेजों का दोहराव नहीं होगा। चंडीगढ़ के एस्टेट अधिकारी निशांत कुमार यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम संपत्ति स्वामित्व प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। यह हमारी उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं प्रदान की जाएं। अब न्यूनतम प्रयास के साथ पूरी म्यूटेशन प्रक्रिया सुव्यवस्थित और पूरी तरह से ट्रैक करने योग्य है।

### इन संपत्तियों पर लागू होगा सिस्टम

यह सिस्टम उन सभी अचल संपत्तियों पर लागू होगा, जो संपदा कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, जैसे कि फ्रीहोल्ड और लीजहोल्ड संपत्तियां, जिनका स्वामित्व पंजीकृत विलेख के माध्यम से हस्तांतरित किया गया हो। यह प्रणाली कार्यान्वयन की तिथि से प्रभावी है। हालांकि, पुराने मामले मैन्युअल म्यूटेशन प्रक्रिया के तहत ही निपटाए जाएंगे। यह प्रयास न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाता है, बल्कि नागरिकों के लिए पारदर्शिता, दक्षता और सुविधा को भी प्राथमिकता देती है।

# युवाओं को स्वास्थ्य वितरण सेवा और परिचालन बारे दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** केंद्र सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय,मेरा युवा भारत ने चंडीगढ़ में चार प्रमुख जन औषधि केंद्रों पर 15 दिवसीय अनुभवजन्य शिक्षा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा वितरण और परिचालन प्रथाओं के बारे में वास्तविक दुनिया से परिचित कराना था। यह कार्यक्रम चार जन औषधि केंद्रों पर आयोजित किया गया जिसमें पीजीआईएमईआर सेक्टर 12, जीएमएसएच सेक्टर 16, बुड़ैल सेक्टर 45 और सेक्टर 40 सी के जन औषधि केंद्र शामिल रहे। इस दौरान 20 युवा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया जिन्हें संरचित व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया, जिससे उन्हें जन औषधि केंद्रों के दैनिक संचालन में योगदान देने और सीखने का मौका मिला।

इससे युवाओं की कौशल और दक्षताओं में वृद्धि हुई। युवाओं को इन्वेंट्री प्रबंधन के बारे बताया गया जिसमें मेडिकल स्टॉक को कुशलतापूर्वक ट्रैक करने और प्रबंधित करने में प्रशिक्षित किया गया। बुनियादी रिकॉर्ड रखना सिखाया गया और बताया गया कि कैसे सटीक और आवश्यक दस्तावेज बनाए रखने के तरीकों से परिचित होना है। ग्राहक सेवा के तहत ग्राहक संपर्क के माध्यम से व्यावहारिक संचार और सेवा कौशल विकसित करना शामिल रहा। सामुदायिक आउटरीच किफायती स्वास्थ्य सेवा और दवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने में भाग लिया। सार्वजनिक स्वास्थ्य समझ के तहत सामुदायिक कल्याण में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के प्रभाव और महत्व को सीखा। कार्यक्रम के पूरा होने पर, सभी प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल के माध्यम से भागीदारी का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# शहर में खाली पड़े प्लॉटों के मालिकों को नगर परिषद की चेतावनी

## खाली पड़े प्लॉट की करो चार दिवारी या फिर करो फेंसिंग, नहीं तो काटे जाएंगे चालान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर,3 जुलाई।** जीरकपुर नगर परिषद की तरफ से शहर वासियों को साफ सुथरा और बीमारी मुक्त वातावरण देने के लिए कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर जगजीत सिंह जज ने खाली प्लाटों को लेकर एक्शन प्लान तैयार किया है जिसके तहत नगर परिषद की ओर से उन सभी प्लॉट मालिकों को चेतावनी दी गई है किचन के प्लॉट किसी क्षेत्रीय कॉलोनी में खाली पड़े हैं उनकी चार दिवारी तुरंत करें या फिर प्लॉट के चारों तरफ फेंसिंग करवाए ऐसा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। अगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज ने बताया कि इस काम के लिए दोनों सेनेटरी इंस्पेक्टर रामगोपाल और रणजीत सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जग में बताया कि यदि खाली प्लाटों में कूड़ा कचरा गंदगी आदि पाई गई तो प्लॉट मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज का विशेष संदेश



कार्यकारी अधिकारी ने शहर में खाली पड़े हुए प्लॉट मालिकों को जल्द से जल्द अपने खाली पड़े प्लॉटों की साफ सफाई कर चार दिवारी करने के लिए कहा है नहीं तो आने वाले सप्ताह में उनके चालान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना हर एक नागरिक की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि यदि हर एक खाली प्लॉट का मालिक वहां पर साफ सफाई करवा कर चार दिवारी कर देगा तो उस से शहर भी साफ सुथरा नजर आएगा। उन्होंने कहा कि शहर को साफ सुथरा रखकर हम बीमारियों से भी दूर रह सकते हैं।

## प्रशासन ने टेस्टिंग के लिये खोले सुखना के फ्लड गेट

# डैंजर मार्क से साढ़े चार फुट नीचे सुखना का वॉटर लेवल

चंडीगढ़ व आसपास के इलाकों में भारी बारिश के बाद बढ़ रहा झील का जलस्तर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन ने भारी बारिश के बाद सुखना झील में पानी का स्तर बढने पर वीरवार सुबह 10.30 बजे फ्लड गेट खोल दिये। प्रशासन ने जीरकपुर, डेराबस्सी व पंचकूला प्रशासन को भी सचेत व सूचित कर दिया। सुखना चौ या अन्य जगहों पर रहने वाले लोगों को सतर्क करने की हिदायत दी गई। प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग के अनुसार एहतियात के तौर पर व टेस्टिंग के लिये यह कदम उठाया गया है। चंडीगढ़ व आसपास के इलाकों में भारी बारिश के बाद सुखना झील का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को बारिश के चलते जलस्तर 1158.5 फीट तक पहुंच गया, जो कि खतरे के निशान 1163 फीट से सिर्फ 4.5 फीट नीचे है। ऐसे में चंडीगढ़ प्रशासन ने फ्लड गेट टेस्टिंग के उद्देश्य से खोले, जिन्हें कुछ समय बाद ही बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने साफ किया कि फ्लड गेट केवल परीक्षण के लिए खोले गए थे, किसी आपात स्थिति की वजह से नहीं। पानी का बहाव और गेट की स्थिति जांचने के लिए यह प्रक्रिया हर मानसून में की जाती है। यूटी इंजीनियरिंग विभाग के अनुसार, सोमवार की बारिश के चलते झील के जलस्तर में करीब एक फीट की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अब जलस्तर 1158.5 फीट है, जबकि 14 जून को यह 1156.5 फीट था। खतरे की स्थिति 1163 फीट पर मानी जाती है, लेकिन विभाग ने बताया कि अगर जलस्तर 1162 फीट तक पहुंचता है, तो आपात स्थिति में फ्लड गेट खोल दिए जाएंगे, जिससे अतिरिक्त पानी सुखना चो (नाले) में छोड़ा जाएगा और शहर को बाढ़ से बचाया जा सकेगा।

स्थिति पर नजर रखने के लिए विभाग ने 24 घंटे काम करने वाला कंट्रोल रूम शुरू कर दिया है। लेक के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और जलस्तर की हर घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अगर मौसम साफ रहा और बारिश नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में झील का जलस्तर स्थिर हो सकता है या थोड़ा घट भी सकता है।

# चंडीगढ़ के युवक से ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट करने के मामले में लाखों रुपए की ठगी

## अज्ञात ने पीड़ित को मुनाफे का लालच दिया था

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने चंडीगढ़ के रहने वाले एक युवक से इन्वेस्टमेंट ऑनलाइन करने के मामले में लाखों रुपए की ठगी करने वाले अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 37 निवासी पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि एक महिला ने वॉट्सऐप ग्रुप और फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए 52.80 लाख की ठगी की है। उसे एक महिला ने ट्रेडिंग ग्रुप में वॉट्सऐप के जरिए जोड़ा। जिसमें निवेश के बड़े मुनाफे का लालच दिया गया। इसके बाद उसी महिला ने उसे 'ट्रेडिंग ऐप' से जोड़ा और उस पर पैसे डालने को कहा।

### इन्वेस्ट करो करोड़ों कमाओ

पीड़ित शिकायतकर्ता ने कहा, महिला ने उसे बताया कि इसमें पहले जिन लोगों ने पैसे इन्वेस्ट किए हैं। आज वे करोड़ों रुपए कमा चुके हैं। बस फिर क्या था। पीड़ित शिकायतकर्ता आरोपी महिला की बातों में आ गया और उसने थोड़े-थोड़े करके कुल 52.80 लाख ट्रांसफर कर दिए। लेकिन बाद में जब उन्होंने अपना पैसा वापस मांगना चाहा तो किसी ने जवाब नहीं दिया और ऐप भी बंद कर दी गई।

### बैंक की कर रही पुलिस जांच

आरोपी महिला ठग ने 'ट्रेडिंग ऐप' से जोड़ कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। लेकिन अब पुलिस इसे लेकर भी जांच कर रही है। क्योंकि असल में एक मशहूर अंतरराष्ट्रीय बैंक है। लेकिन यहां यह संभव है कि उसके नाम से मिलती-जुलती कोई फर्जी ऐप बनाई गई हो जो देखने में असली लगे। 'ट्रेडिंग ऐप' से जोड़ कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। लेकिन अब पुलिस इसे लेकर भी जांच कर रही है,

# 1 करोड़ 27 लाख रूपये की लागत से लगाएं जाएंगे एसटीपी में 150 डिफ्यूजर

## दिसंबर 2024 से रिपेयर के चलते बंद हैं एस्टीपी, सितंबर में होगा शुरू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 3 जुलाई।** पिछले आठ महीनों से एस्टीपी की रिपेयर चल रही है और अब वह आखरी पड़ाव में है। एस्टीपी के एक टैंक में कुल 150 डिफुजर लगाए जाएंगे जो की 1 करोड़ 27 लाख रूपये की लागत से लगाएं जाएंगे और एक डिफुजर की कीमत 8500 रूपये बताई जा रही है। जो आने वाली 15 जुलाई तक आ जाएंगे। जिन्हें डालने के बाद एक टैंक में बेक्टिरिया पैदा किया जाएगा। एक टैंक में बेक्टिरिया को पैदा होने में दो स्वागत ढाई महीने लगते हैं। जब एक टैंक में बेक्टिरिया पैदा हो जाएंगे तो उन्हें दूसरे टैंक में शिफ्ट करके एस्टीपी चालू कर दिया जाएगा। जिसके बाद एस्टीपी प्रॉपर चालू कर दिया जाएगा। जिसके बाद शहर का दूषित पानी ट्रीट करने के बाद ही घग्गर नदी में गिराया जाएगा। बता दें के इससे पहले बिना ट्रीट किए सीवरेज का दूषित पानी रिपेयर के चलते घगगर नदी में गिराया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है के नगर परिषद जीरकपुर जिसकी आबादी छह लाख से ऊपर है के पास केवल 17. 3 एमएलडी केवल एक ही एसटीपी है जो पुरे शहर के लिए काफी नही है। जिस समय 17.3 एमएलडी का एसटीपी का लगाया गया था उस समय शहर की आबादी एक लाख के आसपास थी। लेकिन मौजूदा समय की बात करें तो शहर की आबादी 6 लाख का आंकड़ा पार कर चुकी है। इस हिसाब से शहर में कम से कम 6 एसटीपी होने चाहिए ताकि शहर का दूषित पानी बिना ट्रीट किए घग्गर में ना गिराया जाए। जिक्रयोग है के शहर में गाजीपुर व सनोली में एस्टीपी लगाने पर काम किया गया था। गाजीपुर में तो गांव निवासियों के बाद बंद करके जगह शिफ्ट कर दी थी। जिसके बाद सनौली गांव में एक एस्टीपी लगाया गया तो उस पर लोगों ने स्टे ले लिया था। जबकि यह एस्टीपी 45 एमएलडी का बनाया जाना था जिसका शहर को काफी फायदा होता। लेकिन उसका का भी काम अधर में लटका हुआ है। जबकि ओर एसटीपी शहर में लगाए जाएंगे तब तक एक एस्टीपी से ही काम चलाना पड़ेगा। इस दौरान बात करते हुए सीवरेज विभाग के मुलाजिमों ने बताया की शहर में बरसाती पानी की निकासी का प्रॉपर प्रबंध ना होने के कारण बरसाती पानी भी सीवरेज लाईन में डाल दिया जाता है। जिससे एस्टीपी की मशीने खराब होने का खतरा रहता है और हमारे लिए मसस्या पैदा हो जाती है।

जैसे ही डिफुजर आ जाएंगे साथ की साथ काम शुरू करवा दिया जाएगा। 150 डिफुजर एक टैंक में लगने हैं और बेक्टिरिया पैदा करने में दो से ढाई महीने लग जाते है। काम पूरा होते ही एसटीपी चालू करवा दिया जाएगा।
**जसबीर सिंह, जेई सीवरेज विभाग जीरकपुर।**

# बरसात के मौसम में वार्ड नंबर 13 में करवाई चैंबरों की सफाई

## कम्युनिटी सेंटर में उगी हुई झाड़ियां एवं घास की भी करवाई गई कटाई



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 3 जुलाई।** बरसात के मौसम के मध्य नजर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के आदेशों पर दिन वीरवार को वार्ड नंबर 13 के आम आदमी पार्टी के प्रभारी हरजोत सिंह द्वारा वार्ड में पानी की निकासी के लिए बने हुए चैंबरों की सफाई करवाई गई। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी वाले चैंबर में मालवा और प्लास्टिक कचरा भर जाता है जिसके कारण बरसात का पानी रुक जाता है और सड़कों पर जल भराव की समस्या हो जाती है जिसके चलते आज वार्ड में बने बहुत से चैंबरों की सफाई करवाई गई और उनमें से मालवा निकलवाया गया ताकि वार्ड में जल भराव की समस्या ना हो। उन्होंने बताया कि बरसात के समय उनके वार्ड में स्थानीय निवासियों को किसी भी कसम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इसके अलावा वार्ड नंबर 13 के कम्युनिटी सेंटर में बहुत सी झाड़ियां एवं घास फूस उगा हुआ था उसकी भी कटिंग करवाई गई और साफ सफाई करवाई गई। उन्होंने कहा कि वार्ड में इस प्रकार का सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नशे के खिलाफ जंग: आबकारी विभाग ने जीरकपुर के दो ढाबों पर मारा छापा, अवैध शराब की जब्त

दोनों ढाबे बिना लाइसेंस के शराब परोसते पाए गए

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 3 जुलाई।** पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्य के आबकारी विभाग ने बुधवार रात जीरकपुर पटियाला रोड स्थित मशहूर लकी ढाबे पर अचानक छापा मारा। छापेमारी में ढाबे में से चंडीगढ़ में बिकने वाली अलग अलग ब्रांड की 12 बोतलें और दूसरे हिस्से से 8 बोतलें ओर जब्त की गई। आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह के अनुसार, दोनों ढाबे बिना लाइसेंस के शराब परोसते पाए गए। ढाबे पर अवैध शराब परोसे जाने की सूचना मिलने के बाद विभाग द्वारा पुलिस की मदद से यह छापेमारी की गई। आबकारी विभाग ने अधिकारियों और जीरकपुर पुलिस की एक टीम के साथ परिसर की गहन तलाशी ली और ढाबे के दो हिस्सों में छिपी अवैध शराब बरामद की। जब्त शराब को आगे की जांच के लिए भेज दिया गया है और ढाबा मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों से पता चला है कि लकी ढाबा के दोनों हिस्से शराब परोसने के लाइसेंस के बिना चल रहे थे। आबकारी विभाग ने मामला दर्ज किया है और कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी है कि बिना लाइसेंस के शराब परोसने वाले किसी भी प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की जाएगी।

### विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने को कहा

विभाग ने लोगों से शराब पीते समय सावधानी बरतने और लाइसेंस प्राप्त प्रतिष्ठानों से ही शराब खरीदने का आग्रह किया है। पंजाब आबकारी विभाग शराब की अवैध बिक्री पर नकेल कसने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग ने लोगों से शराब की अवैध बिक्री से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की है। जांच अधिकारी ने बताया की आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कई दिनों से हो रही गंदे पानी की आपूर्ति, एचएसवीपी ने नहीं ली सुध, डीसी से शिकायत

समाधान शिविर में डीसी ने 14 शिकायतों का समाधान करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 3 जुलाई।** पीने के पानी की पाइपलाइन में लीकेज होने की वजह से सेक्टर 12 ए में कई दिनों से हो रही गंदे पानी की आपूर्ति से लोग खासा परेशान हैं। यह मामला डीसी के समाधान शिविर में पहुंच गया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से परेशान व्यक्ति ने डीसी को शिकायत की है। निवासी का कहना है कि पीने के पानी में मिट्टी आने की शिकायत कई बार देने व इसका उपचार नहीं हुआ। समाधान शिविर में इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी को पेयजल समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए। शिविर में आज 14 लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, नगराधीश विश्वनाथ, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अनुराग गोयल सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**नदियों के उफान से भूमि कटाव हुआ:** गांव जौली, भोजराजपुरा व मोरनी के प्रदीप कुमार ने भूमि कटाव के कारण नदी पर डंगा लगवाने की मांग की। इस पर संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को मौके का मुआयना कर डंगा लगवाने और रायपुररानी ब्लॉक के टिब्बी गांव के रमजान की बरसाती नाले पर डंगा लगवाने की मांग पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को तुरंत मौके का मुआयना कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे

डीसी ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला के लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण करने के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। मुख्यमंत्री स्वयं इन समाधान शिविर से जुडकर सुनी गई शिकायतों की मोनिटरिंग करते है। इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समय पर निदान करें।

# 9 वर्षीय बच्ची की मौत प्रशासन की लापरवाही: वरुण चौधरी

कहा-लापरवाह सिस्टम ने ली मासूम जान

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** पिंजौर के वार्ड 11, हनुमान मंदिर गली में 9 वर्षीय मासूम बच्ची मन्नू की खुले नाले में गिरकर हुई मौत ने सबको झकझोर दिया। इस घटना के बाद कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी (अंबाला) ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और दोषी प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। वरुण चौधरी ने कहा कि यह हादसा सिर्फ एक व्यक्तिगत घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने गली का निरीक्षण करने के बाद खुलासा किया कि प्रशासन द्वारा नालों की सुरक्षा और जल निकासी के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया था, जिसके कारण यह घटना घटी। स्थानीय लोगों और मन्नू की पिता के मुताबिक, प्रशासन से कई बार इस मामले में ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

सांसद ने मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए वादे की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने 2025 तक सड़कों की स्थिति सुधारने की बात की थी, जबकि वर्तमान में सड़कों की हालत और खराब हो गई है। समाजसेवी सचिन शर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर प्रशासन की लापरवाही का जिक्र किया और सांसद वरुण चौधरी को बिटना रोड पर स्थित एक पुलिया के बारे में बताया। यह पुलिया एक गहरे नाले पर बनी हुई है और उसकी दोनों ओर सुरक्षा दीवारें नहीं हैं, जिससे यह खासकर बच्चों के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने इस पुलिया और खुले नालों को जल्द से जल्द ढकने की मांग की है और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की अपील की है ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस प्रकार की त्रासदी का सामना न करना पड़े।

# 'इको-चंडीगढ़: प्लास्टिक-मुक्त भविष्य को अपनाना' शीर्षक से कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति (सीपीसीसी) ने वीरवार को सेक्टर 42 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स में 'इको-चंडीगढ़: प्लास्टिक-मुक्त भविष्य को अपनाना' शीर्षक से एक गतिशील और प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यवहार्य विकल्पों का प्रदर्शन करके और सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) कचरे के खिलाफ जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा देना था। कार्यशाला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 350-400 लोगों ने भाग लिया, जिनमें सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों, आरडब्ल्यूए, उद्योगों, बाजार और मंडी संघों और नागरिक समाज समूहों के प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम में लगाए गए सिंगल यूज प्लास्टिक के इको-विकल्पों के प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मंदीप सिंह बराड़, सचिव पर्यावरण द्वारा किया गया। उन्होंने घर से लेकर समुदाय स्तर तक दैनिक जीवन में एसयूपी के विकल्पों को शामिल करने पर जोर दिया, जिससे व्यवहार में बदलाव आए, दर्शकों का ध्यान प्रदर्शनी स्टालों की ओर आकर्षित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि जागरूकता महत्वपूर्ण है, विकल्प प्रतिस्पर्धी मूल्य सीमा में उपलब्ध हैं। अपने उत्पादों के साथ दर्जन भर से अधिक प्रदर्शक प्रदर्शन पर हैं, जिससे इसे अपनाए जाने वाले एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्पों का संग्रह बनाया गया है। सीपीसीसी के सदस्य सचिव सौरभ कुमार ने मुख्य भाषण में नागरिकों को हानिकारक प्लास्टिक से दूर जाने में सक्षम बनाने के लिए जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ऐसे मंच ज्ञान की खाई को पाटने में मदद करते हैं और यह प्रदर्शित करते हैं कि विकल्प सुलभ, व्यावहारिक और एक स्थायी भविष्य के लिए आवश्यक हैं।' उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चंडीगढ़ न केवल डिजाइन में एक सुंदर शहर बना रहे, बल्कि टिकाऊ शहरी जीवन में भी अग्रणी रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा आधिकारिक तौर पर एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्पों पर एक संग्रह जारी किया गया। यह प्रकाशन पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों, जिन चीजों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की आवश्यकता है, उनके प्रतिस्थापन या संभावित विकल्पों, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों, वर्तमान विनियामक ढांचे और इसके प्रवर्तन ढांचे के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है, और स्थायी समाधान चाहने वाले हितधारकों के लिए संदर्भ मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करेगा। कार्यशाला में 12 प्रदर्शनी स्टॉल भी शामिल थे, जिनमें बांस की वस्तुओं, खाद बनाने योग्य उत्पादों, खोई-आधारित सामग्रियों, कागज-आधारित विकल्पों और पूरे भारत से प्लास्टिक रीसाइक्लिंग नवाचारों सहित पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई थी। इन स्टॉलों ने प्रतिभागियों को बाजार में आसानी से उपलब्ध टिकाऊ उत्पादों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया और लागत अंतर, उपलब्धता, प्रभावकारिता आदि के बारे में संदेह दूर किए। इसके अलावा, प्रतिभागियों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी (ईपीआर), चंडीगढ़ के प्लास्टिक प्रतिबंध विनियमन और प्लास्टिक के उपयोग के व्यापक पर्यावरणीय और स्वास्थ्य प्रभावों जैसे विषयों पर विशेषज्ञ वार्ता से लाभ हुआ। वैकल्पिक प्लास्टिक के निर्माताओं द्वारा एसयूपी के लिए टिकाऊ विकल्प, विकल्प के रूप में बांस, होटल, रेस्तरां और कैफेटेरिया के लिए विकल्प जैसे विषयों पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा कचरे से मूल्य और टिकाऊ कचरा प्रबंधन में समुदायों की भूमिका पर भी चर्चा हुई। बायो-डिग्रेडेबल और कंपोस्टेबल प्लास्टिक के बीच अंतर के बारे में भी संदेह दूर किए गए। इस कार्यशाला जैसी पहलों के माध्यम से, सीपीसीसी का उद्देश्य जागरूकता पैदा करके और लोगों को व्यवहार्य विकल्पों से लैस करके प्रवर्तन से सक्षमता की ओर संक्रमण करना है।




सम्पादकीय

# आतंकवाद पर क्वाड का भारत को समर्थन बड़ी सफलता

क्वाड यानी अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के संगठन ने पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने का आह्वान किया है तो यह उचित ही है। इन देशों ने संयुक्त बयान में इसकी मांग की है। गौरतलब है कि इस समय पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का एक माह के लिए अध्यक्ष बनाया गया है और पाक इस समय का प्रयोग भारत के खिलाफ करने की योजना बना रहा है। हालांकि भारत ने अपने प्रयासों को और सघन कर दिया है और विदेश मंत्री एस जयशंकर की अमेरिका यात्रा के दौरान क्वाड देशों ने जिस प्रकार एकजुटता दिखाते हुए आतंकवाद के खिलाफ बयान दिया है, उससे पूरी दुनिया को यह संदेश गया है कि आतंकवाद को पाक की ओर से जिस प्रकार आजादी की लड़ाई बताया जा रहा है, वह बेहद अनुचित और मानवता पर कलंक के समान है। क्वाड शक्तिशाली देशों का समूह है, जिनका कथन मायने रखता है। यह एक तरह से भारत की ओर से वैश्विक समर्थन जुटाने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। बीते दिनों शंघाई सहयोग संगठन की चीन में बैठक हुई थी और इस दौरान संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं किया गया था और ऐसा पाक-चीन के गठजोड़ की वजह से नहीं हो सका। हालांकि भारत ने इस संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं करते हुए अपना विरोध व्यक्त किया था।

**गौरतलब है कि इस समय दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, कनाडा, जापान और यूरोपीय संघ के देश ही ताकतवर हैं और लगभग पूरी दुनिया इन देशों के मुताबिक ही संचालित हो रही है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध संभव है होता ही नहीं, अगर जी-7 के देश यूक्रेन को समर्थन नहीं देते। हालांकि इजरायल और ईरान के बीच युद्ध को रुकवाने में अमेरिका ने बड़ी भूमिका अदा की है, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। एक समय रूस और अमेरिका दुनिया को संचालित कर रहे थे, लेकिन अब बदले परिदृश्य में रूस, चीन ऐसे प्रबल विरोधी बनकर उभरे हैं, जोकि अमेरिका समेत यूरोपीय देशों के लिए संकट बन गए हैं।**

दरअसल क्वाड की भूमिका इस समय और महत्वपूर्ण हो गई है और इसने बैठक में इसका आह्वान किया है कि संगठन सीमा पार आतंकवाद के अलावा हर प्रकार के आतंक का कड़ा विरोध करता है। इस समय दुनिया के तमाम देश यह समझने लगे हैं कि आखिर आतंकवाद की जड़ कहां पर है और उसे फंडिंग कहां से हो रही है। मुस्लिम देशों में आतंकी संगठन पनप रहे हैं और वे पूरी दुनिया के लिए समस्या बन चुके हैं। इस समय जी-7 और क्वाड जैसे संगठन यह भी समझ रहे हैं कि चीन पर निर्भरता को घटाया जाए। जी-7 देशों में जापान समेत यूरोप के देश शामिल हैं। इन दोनों संगठनों में एक समानता यह है कि इनमें से चीन की किसी में भी भूमिका नहीं है। यह चीन के साथ इन देशों की प्रतिद्वंद्विता है कि इन संगठनों में उसको शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में यह अपने आप में अहम हो जाता है कि आखिर चीन को ये देश अपने लिए खतरा मान कर क्यों चल रहे हैं। दरअसल, चीन दुनिया का वह देश बन चुका है, जोकि संकट पैदा कर रहा है और अपनी विस्तारवादी सोच से दूसरे देशों की भूमि और उनकी स्वतंत्रता छीनना चाहता है। मौजूदा परिदृश्य में जब विश्व एक मंच पर आ चुका है और सभी देशों के हित समान हो गए हैं, ऐसे में चीन वह देश है, जोकि दूसरे देशों की कमियों, उनकी मुश्किलों और परेशानियों का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में जी-7 और क्वाड के देश अगर चीन को सीमित करने की सोच रखते हैं, तो यह सही एवं स्वागत योग्य है।

गौरतलब है कि इस समय दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, कनाडा, जापान और यूरोपीय संघ के देश ही ताकतवर हैं और लगभग पूरी दुनिया इन देशों के मुताबिक ही संचालित हो रही है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध संभव है होता ही नहीं, अगर जी-7 के देश यूक्रेन को समर्थन नहीं देते। हालांकि इजरायल और ईरान के बीच युद्ध को रुकवाने में अमेरिका ने बड़ी भूमिका अदा की है, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। एक समय रूस और अमेरिका दुनिया को संचालित कर रहे थे, लेकिन अब बदले परिदृश्य में रूस, चीन ऐसे प्रबल विरोधी बनकर उभरे हैं, जोकि अमेरिका समेत यूरोपीय देशों के लिए संकट बन गए हैं। हालांकि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए चीन हमेशा से एक संकट रहा है, उस दौर में अमेरिका और दूसरे बड़े देशों ने इस संकट को नहीं समझा था और भारत को अकेला छोड़ने की नीति बन गया था, लेकिन अब जब चीन की विस्तारवादी नीतियों की आंच अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि देशों को भी पहुंच रही है तो वे चीन के प्रभाव को कम करने के लिए एकजुट हो रहे हैं। निश्चित रूप से क्वाड देशों के लिए भारत की भूमिका इसलिए और अहम होती जा रही है, क्योंकि भारत अनंत संभावनाओं वाला देश है और इस समय वह दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था भी बन चुका है। वास्तव में पश्चिमी देशों को अपनी इस सोच में बदलाव लाना होगा कि आतंकवाद सिर्फ उनके लिए समस्या है। क्वाड की बैठक में एकजुटता दिखाने के बावजूद बाकी देशों को भारत का दर्द और शिद्दत से समझना होगा और उसके लिए प्रयास करने होंगे।

# पीएम मोदी की अफ्रीकी व दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती, भारत की वैश्विक धमक बढ़ेगी



जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं। अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। बता दें कि घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। चूंकि घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है और पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से वह एक है। लिहाजा दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है। प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे।

वहीं, 3-4 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करेंगे। क्योंकि कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। लिहाजा प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की यह पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ने कहा कि वह भारत के साथ गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करता है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा।

उल्लेखनीय है कि प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। वहीं, 1999 के बाद भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। क्योंकि पीएम मोदी ने नवंबर 2024 में गुयाना की यात्रा की थी। देखा जाए तो महज आठ माह में कैरेबियाई द्वीप की दूसरी यात्रा से इस बात का संकेत मिलता है कि भारत इस क्षेत्र को कितनी अहमियत दे रहा है। बता दें कि करीब 180 वर्ष पहले भारतीय प्रवासी यहां त्रिनिदाद एवं टोबैगो आए थे। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 34.16 करोड़ डॉलर पहुंच गया।

वहीं, 4-5 जुलाई को पीएम मोदी दक्षिणी अमेरिकी देश अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे। गत 57 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जहां वह अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेयी से मुलाकात के दौरान रक्षा, कृषि, खनन, तेल गैस और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बात करेंगे। अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछले साल भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे। सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था।

वहीं, 5-8 जुलाई को पीएम मोदी रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा से मुलाकात करेंगे। समिट के बाद राष्ट्रपति सिल्वा पीएम मोदी के लिए स्पेशल डिनर की मेजबानी करेंगे। ब्रिक्स समिट में पीएम मोदी वैश्विक प्रशासन के सुधारों, शांति एवं सुरक्षा, बहुपक्षीय संस्थाओं को मजबूत करने, जिम्मेदारी के साथ एआइ के इस्तेमाल, जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए जरूरी कदमों और वैश्विक स्वास्थ्य पर बात करेंगे।

भारत की ब्रिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ब्रिक्स को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानता है। हम मिलकर एक अधिक शांतिपूर्ण, समान, न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। ब्राजील की यात्रा ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। उन्होंने कहा कि यह दौरा ब्राजील के साथ हमारी निकट साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर देगा।

बताया जा रहा है कि समिट से इतर वह कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं, ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीक, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के कदमों पर विचार विमर्श करेंगे। ब्राजील दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है।

वहीं, 9 जुलाई को प्रधानमंत्री नामीबिया की अपनी पहली यात्रा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी वहां के संसद को संबोधित करेंगे। नामीबिया जाने वाले वह तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव नामीबिया होगा, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद साझेदार बताया। मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात और हमारे लोगों, हमारे क्षेत्रों और व्यापक ग्लोबल साउथ के लाभ के लिए सहयोग का एक नया रोडमैप तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। वह नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

बता दें कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2000 में मात्र 30 लाख डॉलर था जो अब करीब 60 करोड़ डॉलर पहुंच गया है। भारतीय कंपनियों ने नामीबिया के खनन, मैन्यूफैक्चरिंग, डायमंड प्रोसेसिंग और सेवाओं के क्षेत्र में निवेश किया है। पीएम मोदी ने अपनी बहु-देशीय यात्रा के परिणामों के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच देशों की मेरी यात्राएं ग्लोबल साउथ में हमारी दोस्ती के बंधनों को मजबूत करेंगी, अटलांटिक के दोनों पक्षों पर हमारी साझेदारी को और गहरा करेंगी और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों में हमारी भागीदारी को बढ़ाएंगी।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### मुठभेड़ में 5 खाड़कू मरे, 5 ने आत्म समर्पण किया

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि से विभिन्न घटनाओं में सुरक्षा बलों के साथ एक जबरदस्त मुठभेड़ में 5 खाड़कू मारे गये। 5 खाड़कुओं द्वारा आत्म समर्पण किया गया। अन्य घटनाओं में खाड़कुओं द्वारा तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। आज सुबह तरनतारन पुलिस जिला के बल्टोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरक्षा बलों के साथ हुई एक जबरदस्त मुठभेड़ में नवगठित लोक मुक्ति फोर्स के 5 खाड़कू सदस्य मारे गये। इनमें से तीन की शिनाख्त कर ली गई है जिनमें जगतार सिंह, बिक्कर सिंह व मुख्तयार सिंह शामिल है। मुकाबले वाले स्थान से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में गोला बारुद बरामद किया है जिनमें 2एके 47 राइफलें, दो दोनाली बंदूकें, एक राकेट लांचर, तीन डेटोनेटर तथा तीन किलो गोली सिक्का बरामद किया गया है। मानसा जिला में 5 खाड़कुओं द्वारा जिलाधिकारियों के समक्ष अपने हथयारों के साथ आत्म समर्पण कर दिया गया। इस अवसर पर पंजाब के जनसंपर्क मंत्री श्री सुरेन्द्र कपूर ने बोलते हुए आश्वासन दिलाया कि आत्म समर्पण करने वाले युवकों को समाज में दुबारा प्रतिष्ठा दिलाने में सरकार जी जान से प्रयास करेगी। फरीदकोट जिला में उजगार सिंह नामक एक खाड़कु उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1776 | अमेरिकी स्वतन्त्रता की घोषणा। | 1882 | टेलीग्राफ हिल वेधशाला सैन फ्रांसिस्को में खोली गयी। |
| 1782 | चार्ल्स वाटसन-वेंटवर्थ की मृत्यु के बाद विलियम पैटी ग्रेट ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बन गए। | 1883 | दुनिया का पहला रोडियो पेक्स टेक्सास में आयोजित किया गया। |
| 1819 | विलियम हर्शल 1819 धूमकेतु के अंतिम दूरबीन का अवलोकन किया। | 1886 | कनाडा की पहली अंतरमहाद्वीपीय ट्रेन ब्रिटिश कोलंबिया के पोर्ट मूडी पहुंची। |
| 1829 | जॉर्ज शिलबियर द्वारा लंदन में पहली बस सेवा का संचालन शुरू किया गया। | 1900 | विलियम्स जेनिंग्स ब्रायन को यूएसए में डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामांकित किया। |
| 1855 | वॉल्ट व्हिटमैन की कविता संग्रह पत्तियों की घास ब्रुकलिन में प्रकाशित की गई। | 1901 | विलियम हावर्ड टैफ्ट फिलीपींस के गवर्नर-जनरल बने। |
| 1865 | मशहूर अंग्रेजी उपन्यास एलिस इन वंडरलैंड का प्रकाशन हुआ। | 1914 | बर्दुन का युद्ध समाप्त हुआ। |
| 1872 | जर्मन साम्राज्य में यीशु की सोसायटी को अवैध रूप बताया गया। | 1928 | एलेफ्थेरिओस वेणिजेलोस पांचवी बार ग्रीस के प्रधानमंत्री के रूप में चुने गए। |
| 1879 | एंग्लो-ज़ुलु युद्ध; यह युद्ध प्रभावी रूप से उलुन्दी के युद्ध में ब्रिटिश विजय के साथ समाप्त हुआ। | 1946 | अंकारा विश्वविद्यालय तुर्की में स्थापित किया गया। |
| | | 1946 | द्वीप समूह फिलीपीन को अमरिका से स्वतंत्रता मिली। |

## बोल ब्यूटीफुल



**कुशल मेहराः** सुनने में आ रहा कि भारत एशिया कप में पाकिस्तान के साथ मैच खेलेगा। इसे लेकर यह पूछना है कि क्या आपरेशन सिंदूर रुक गया है? मुझे तो लगा था कि उसे केवल स्थगित किया गया है। आखिर हम इस आतंकी देश के साथ क्यों खेले?

**राजीव मंत्रीः** रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन यानी आरडीआइ के लिए केंद्र सरकार की एक लाख करोड़ रुपए के कोष की योजना बहुत क्रांतिकारी साबित होगी। इससे शोध एवं विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बजट की एक महत्वपूर्ण घोषणा भी अमल में आ गई।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है।




अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

# कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की उपलब्धियां सराहनीय : राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का 182 नई किस्मों का विकास एवं अनुमोदन और 27 स्थानीय किस्मों का पंजीकरण प्रदेश के किसानों की समृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल पालमपुर में विश्वविद्यालय की 26 वीं सीनेट (अभिषद) बैठक की अध्यक्षता करते हुए

**शिमला, 3 जुलाई।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक, शोध व प्रसार कार्यक्रमों व कृषि विस्तार के क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल ने ये बात आज पालमपुर में विश्वविद्यालय की 26 वीं सीनेट (अभिषद) बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आई.आर.ए.एफ.) में विश्वविद्यालय ने देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में 13वां स्थान अर्जित किया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि समर्पित शिक्षकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रतिफल है।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 182 नई किस्मों का विकास एवं अनुमोदन और 27 स्थानीय किस्मों का पंजीकरण, प्रदेश के किसानों की समृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन, स्मार्ट खेती के नए प्रयोग और सटीक कृषि पद्धतियों का प्रसार दर्शाता है कि यह विश्वविद्यालय न केवल अनुसंधान कर रहा है, बल्कि उसे खेत तक पहुंचाने की दिशा में भी सक्रिय है।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक अपने शोध कार्यों को किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्रित करें। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्राकृतिक और डिजिटल खेती को प्रोत्साहित करना, पहाड़ी क्षेत्रों में फसल विविधीकरण, स्मार्ट गांवों की स्थापना, कटाई के बाद प्रसंस्करण, कोल्ड चेन का विस्तार तथा ई-नाम के माध्यम से बाजारों तक किसान की सीधी पहुँच सुनिश्चित करना समय की मांग है।

उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर से उभरते हुए कृषि स्टार्टअप्स को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रफ्तार), मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजना और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों के तहत सक्रिय समर्थन मिल रहा है। इससे युवाओं में नवाचार की भावना पनप रही है।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को अपनाने में विश्वविद्यालय की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। अनुभव आधारित शिक्षण, ग्राम्य इंटर्नशिप, उद्यमिता प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी प्रदाता के रूप में तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज की प्रमुख चुनौतियों में से एक नशा है। यह समय की मांग है कि विश्वविद्यालय की सभी आउटरीच गतिविधियों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को सम्मिलित किया जाए। यह परिसर न केवल शैक्षणिक गतिविधियों में अग्रणी हो, बल्कि स्वस्थ, सुरक्षित एवं संवेदनशील वातावरण का उदाहरण भी बने।

राज्यपाल ने कहा कि रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों के समाधान के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालय ने महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। सीमांत क्षेत्रों में ब्लूबैरी जैसी नवाचारपूर्ण फसलें अपनाकर यह दिखाया गया है कि युवा वर्ग खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपना सकता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में, विश्वविद्यालय में लगभग 60 करोड़ रुपये की 140 परियोजनाएं संचालित हो रही हैं और 67 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समझौते किए गए हैं। यह शोध व नवाचार में वैश्विक सहयोग की दिशा में सशक्त कदम है। इन प्रयासों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि सार्वजनिक विश्वविद्यालयों से पूर्णतः आर्थिक आत्मनिर्भरता की अपेक्षा उचित नहीं है, परंतु संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, आंतरिक आय के सृजन, और मितव्ययी प्रशासन के माध्यम से अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करना आवश्यक है, ताकि हम प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें।

उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि अनुसंधान, प्रशासन और शिक्षा में कभी भी ईमानदारी से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। हमारे डेटा निष्पक्ष हों, हमारा दृष्टिकोण पारदर्शी हो और हमारा प्रयास सदैव जनहित में हो।

राज्यपाल ने विश्वास जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कृषि क्षेत्र में समग्र विकास का अग्रदूत बना रहेगा। इससे पूर्व, राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में जिंकगो बिलोबा का पौधा भी रोपा।

सीनेट की बैठक के दौरान पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने क्षेत्र में हल्दी की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य योजना तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने किसानों को दिए जाने वाले कृषि उपकरणों में गुणवत्ता को सुनिश्चित करने की बात कही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नवीन कुमार ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी सीनेट की बैठक में प्रस्तुत की। बैठक में कृषि सचिव सी पालरासु, राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, निदेशक उद्यान विनय सिंह, निदेशक मत्स्य पालन विवेक चंदेल, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी उपस्थित थे।

# हरित ऊर्जा क्षेत्र में देश के समक्ष आदर्श स्थापित करेगा हिमाचल : सीएम सुक्खू

मुख्यमंत्री ने 24 स्टेट ऑफ द आर्ट वोल्वो बसों को झण्डी दिखाकर रवाना किया

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को विश्व स्तरीय परिवहन सुविधाएं प्रदान करने और हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री गत सायं सोलन के क्यारीघाट से 24 स्टेट ऑफ द आर्ट वोल्वो बसों को हरी झण्डी दिखाने के उपरांत एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम को और बेहतर बनाने के लिए गत दो वर्षों में प्रति वर्ष एक-एक हजार करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है ताकि लोगों को सुविधाजनक एवं आरामदायक परिवहन सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 500 डीजल बसें, 300 इलेक्ट्रिकल बसें और लगभग 30 वोल्वो बसें क्रय की गई हैं। भविष्य में भी यातायात सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए 100 टैंपो ट्रेवलर खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम को हर माह 60 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाता है।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में रेलवे तथा वायु परिवहन सुविधाएं अधिक न होने के कारण प्रदेश को यातायात के लिए मुख्यतः सड़कों पर निर्भर रहना पड़ता है तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें लोगों की आवाजाही का मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास और लोगों की सुविधा के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम को और बेहतर बनाने के यथा सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में हाईड्रोजन चलित बसों को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा से परिपूर्ण हिमाचल न केवल देश के लिए आदर्श स्थापित करेगा बल्कि वैकल्पिक आय स्त्रोतों के साथ हिमाचल की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन हिमाचल के दृष्टिकोण से प्रदेश में अधिक से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे जिस पर 110 करोड़ रुपये व्यय होंगे। इससे जहां हिमाचल का प्राकृतिक सौंदर्य बना रहेगा वहीं ग्रीन हिमाचल का सपना भी साकार होगा।

इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ने अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। निगम की यह बसें हिमाचल प्रदेश के लोगों की जीवन रेखाएं हैं जिसमें 4 से 5 लाख लोग प्रतिदिन सफर करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को निगम के साथ सहयोग करना चाहिए और अपना साथी बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि गत दो वर्षों में प्रदेश सरकार ने डीजल की सवा दो सौ बसें चलाई हैं। शीघ्र ही 250 नई बसें निगम के बेड़े में शामिल की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों में सेवाएं दे रही हैं।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों को गत दो वर्षों में कई वित्तीय लाभ प्रदान किए हैं। कर्मचारियों को ओ.पी.एस. तथा रूके हुए भत्तों का लाभ दिया गया है। प्रदेश में आवश्यकतानुसार नए बस अड्डों का निर्माण किया जा रहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सशक्त नेतृत्व में प्रदेश में लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वोल्वो की इन बसों के संचालन के उपरांत प्रदेश की आय में बढ़ौतरी होगी तथा स्थानीय लोगों व पर्यटकों को आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार, जोगिन्द्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चतर सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन एवं उद्योग आर.डी. नजीम, हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल, डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कुलपति प्रो. राजेश्वर चंदेल, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए वेबसाइट और मोबाइल ऐप विकसित करेगी प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्रम एवं रोजगार विभाग को विदेश में रोजगार के अवसर तलाश रहे युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी मदद के लिए समर्पित वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म में इच्छुक युवाओं का व्यापक डेटा संकलित किया जाएगा, जिससे विदेश में नौकरी पाने के दौरान पारदर्शिता बेहतर पहुंच और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवा मेहनती, ईमानदार और सक्षम हैं। राज्य सरकार उन्हें विदेश में अच्छे वेतन वाली नौकरी दिलवाने और किसी प्रकार के संभावित शोषण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) को पंजीकृत भर्ती एजेंसी के रूप में लाइसेंस प्राप्त हुआ है। उन्होंने एचपीएसईडीसी को अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुरूप राज्य के युवाओं के कौशल संवर्द्धन के लिए प्रमाणित प्रशिक्षण एजेंसियों के साथ सहयोग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश से प्रत्येक वर्ष लगभग 10,000 युवा रोजगार की तलाश में विदेश जाते हैं और लगभग 5,000 युवा उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं। सही जानकारी और उचित मार्गदर्शन के अभाव में यह संख्या क्षमता से कम है। उन्होंने कहा कि 2023-24 में विदेशों में काम करने वाले हिमाचलियों ने विदेशों से कुल 2,030 करोड़ रुपये भेजे, जो राष्ट्रीय प्रेषण आंकड़ों का लगभग 0.2 प्रतिशत है। यह राज्य की अपेक्षाकृत छोटी आबादी को देखते हुए एक महत्वपूर्ण योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों में नर्स, वेटर, स्वास्थ्य सेवा कार्यकर्ता, क्लर्क, ड्राइवर (हल्के और भारी ड्यूटी), मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, बढ़ई, राजमिस्त्री, वेल्डर और मैकेनिक जैसे पेशेवरों की भारी मांग है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हिमाचल प्रदेश के युवा इन व्यवसायों में प्रशिक्षित हैं और एचपीएसईडीसी प्रदेश के युवाओं को विदेशों में प्लेसमेंट के अच्छे अवसर उपलब्ध करवाएगा।

उन्होंने श्रम और रोजगार विभाग को युवाओं को विदेश में रोजगार के सुरक्षित और वैध तरीकों के बारे में जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल पंजीकृत भर्ती एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, विभाग को हिमाचल प्रदेश के लिए एक प्रभावी रणनीति तैयार करने के लिए केरल और तेलंगाना के विदेशी रोजगार मॉडल का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों में रोजगार की दर सबसे अधिक केरल राज्य में है, जहां प्रति 1,000 में से 57.94 व्यक्ति विदेश में काम कर रहे हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में यह संख्या प्रति 1,000 में से केवल 5.36 है। उन्होंने विभाग को हिमाचली एनआरआई का डेटा बेस तैयार करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विधायक सुरेश कुमार, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर, सचिव प्रियंका बसु एवं राखिल काहलों, श्रम आयुक्त वीरेंद्र शर्मा तथा विदेश मंत्रालय में प्रोटैक्टर जनरल ऑफ एमिग्रैंट्स यशु दीप सिंह भी उपस्थित थे।

# कर्मचारियों की वार्षिक जीपीएफ स्टेटमेंट वेबसाइट पर उपलब्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 3 जुलाई।** प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी), हिमाचल प्रदेश शिमला के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं को वर्ष 2024-25 की वार्षिक विवरणियां आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा डाउनलोड करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.himkosh.nic.in पर उपलब्ध करवा दी गई है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी कर्मचारियों की वर्ष 2024-25 की जीपीएफ स्टेटमेंट के अथशेष को अपने वेतन बिल रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टी करने के उपरांत सभी कर्मचारियों को यथाशीघ्र प्रदान कर इस कार्यालय को सूचित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खाता धारक एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने वार्षिक जीपीएफ स्टेटमेंट में दर्शाए गए आंकड़ों की जांच कर लें और यदि उसमें कोई त्रुटि लगे तो वार्षिक जीपीएफ स्टेटमेंट की प्राप्ति से तीन माह के भीतर प्रधान महालेखाकार कार्यालय की वेबसाइट www.aghp.cag.gov.in में शिकायत एवं सुझाव बॉक्स में दर्ज करें तथा agaehimachal-pradesh@cag.gov.in पर ईमेल करें अथवा पत्राचार द्वारा इस कार्यालय को सूचित करें।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन की प्रकिया प्रारम्भ

**कुल्लू, 3 जुलाई (अप्रस)।** उपनिदेशक प्रा. शिक्षा कुल्लू, पूनम बिष्ट ने जानकारी दी कि हर साल की तरह इस वर्ष भी राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन की प्रकिया प्रारम्भ कर दी गई हैं।

पात्र सभी वर्गों के शिक्षकों से अनुरोध हैं कि वह अपनी फाइल दिनॉक 15 जुलाई 2025 तक उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा के कार्यालय में जमा करे।

उन्होंने कहा कि इस सन्दर्भ में सभी प्रधानाचार्यो, मुख्याध्यापकों तथा समस्त खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कुल्लू जिला कुल्लू को भी कार्यालय द्वारा सूचित किया गया है।

# बारिश से हमीरपुर में जल शक्ति विभाग को सबसे ज्यादा नुकसान : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**हमीरपुर, 3 जुलाई।** जिला हमीरपुर के अधिकांश क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश तथा मंडी एवं कुल्लू जिले में भीषण आपदा के कारण ब्यास नदी के जल स्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण जल शक्ति विभाग का भारी नुक्सान हुआ है। जिला हमीरपुर में अभी तक हुए नुक्सान के आंकड़ों पर नजर डालें तो जल शक्ति विभाग की विभिन्न पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं की करोड़ों रुपये की क्षति हुई है।

जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त नुक्सान के आंकड़ों के अनुसार अभी तक मॉनसून सीजन के दौरान जिला में सरकारी और निजी संपत्ति का कुल 46.69 करोड़ रुपये का नुक्सान हो चुका है। इसमें से जल शक्ति विभाग को सर्वाधिक 34.07 करोड़ रुपये, लोक निर्माण विभाग को 12.07 करोड़ और बिजली बोर्ड को 8.69 लाख रुपये की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 2.17 लाख रुपये के नुक्सान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 3 पक्के मकानों की 4.50 लाख रुपये की क्षति हुई है तथा 3 कच्चे मकान भी ध्वस्त हुए हैं, जिनमें लगभग 4.70 लाख रुपये के नुक्सान का अनुमान है। जिले भर में 23 डंगे भी गिरे हैं, जिनमें लगभग 19.50 लाख रुपये की क्षति हुई है। 15 गौशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 12.73 लाख रुपये का नुक्सान हुआ है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुक्सान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए सभी जिलावासी विशेष ऐहतियात बरतें और नदी-नालों के पास न जाएं। भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं।

# सोलन के बसाल में 24 करोड़ रुपये से निर्मित होंगे दो ट्विन टावर्ज

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 3 जुलाई।** नगर नियोजन एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में सतत और समावेशी शहरी विकास के दृष्टिगत नवाचार अपनाकर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस क्रम में जिला सोलन के बसाल में हाउसिंग कॉलोनी में दो ट्विन टावर्ज के निर्माण के लिए 24 करोड़ 49 लाख 41 हजार 700 रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन ट्विन टावर में तीन बीएचके के 24 फ्लैट निर्मित किए जाएंगे जिनमें फ्लैट मालिकों के लिए पार्किंग की सुविधा भी रहेगी।

उन्होंने कहा कि हिमुडा प्रदेश में लोगों को किफायती और सुविधाजनक आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। प्रदेश में बेहतर बुनियादी अधोसंरचना के साथ निर्माण कार्य सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सभी महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश सरकार श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. शांडिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**सोलन, 3 जुलाई।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल आज यहां क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की रोगी कल्याण समिति के 29वें शासकीय निकाय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रोगी कल्याण समितियों के कार्यों को और बेहतर किया जा रहा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि रोगी कल्याण समितियां रोगियों को और अच्छी सुविधाएं प्रदान करें। इस दिशा में रोगी कल्याण समितियों के माध्यम से अस्पतालों की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक गुणवत्ता लाना तथा अस्पतालों के प्रबंधन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोगी कल्याण समिति द्वारा रोगियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति रोगियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में वृद्धि के लिए सघन प्रयास करे। उन्होंने समिति की आय में वृद्धि के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक से पूर्व साई समिति सोलन द्वारा भेंट की गई निक्षय मित्र किट रोगियों को भेंट की।

बैठक में रोगी कल्याण समिति के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के 02 करोड़ 70 लाख 18 हजार 500 रुपए के व्यय को अनुमोदित किया गया। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 02 करोड़ 71 लाख रुपए का अनुमानित बजट पेश किया गया।

बैठक में अवगत करवाया गया कि वर्ष 2023-24 में आयुष्मान भारत योजना के तहत 532 रोगियों के उपचार पर 40 लाख 30 हजार 683 रुपए, हिमकेयर योजना के तहत 1167 रोगियों के उपचार पर 32 लाख 16 हजार 949 रुपए व्यय किए गए। इस अवधि में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 4320 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। वर्ष 2024-25 में आयुष्मान भारत योजना के तहत 555 रोगियों के उपचार पर 11 लाख 23 हजार 08 रुपए, हिमकेयर योजना के तहत 1177 रोगियों के उपचार पर 34 लाख 64 हजार 760 रुपए व्यय किए गए तथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 3873 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया।

# जहरीले सांपों को बेखौफ पकड़ लेते हैं सुबाथू के जितेंद्र

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सुबाथू, 3 जुलाई।** जहां सांप का नाम सुनते ही लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं, वहीं सुबाथू के का जितेंद्र सिंह जहरीले से जहरीले सांप को आसानी से पकड़ लेता है। इससे बरसात के सीजन में लोगों को घरों में निकलने वाले सांपों को पकड़ कर जंगल में छोड़कर लोगों को भय मुक्त करता है। जितेंद्र का साहस और जीवों के प्रति संवेदना आज उसे क्षेत्र में एक नायक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। एक ओर साँप का नाम सुनते ही लोगों के पसीने छूट जाते है, वहीं दूसरी ओर जितेंद्र सिंह नाम का यह युवक इन ज़हरीले जीवों से बिल्कुल नहीं डरता। बल्कि वह उन्हें बड़े ही प्यार से पकड़ता है और रिहायशी इलाकों से दूर सुरक्षित स्थान पर छोड़ देता है।

30 वर्षीय जितेंद्र सिंह बचपन से ही सांपों से बेखौप रहता है। जितेंद्र सिंह मूलतः बिहार से है, लेकिन पिछले करीब एक दशक से हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के सुबाथू के समीप रडियाना गांव में रहते है पेशे से जितेंद्र सिंह भवन निर्माण का काम करते है। गांव में अब तक सैकड़ों ज़हरीले सांपों को पकड़ा है। जितेंद्र का कहना है, ÷साँप ज़रूरी नहीं कि हमेशा इंसानों को नुक़सान पहुंचाते है। अगर हम उन्हें छेड़ें नहीं, तो वो भी हमें कुछ नहीं कहते। सांप तभी नुकसान पहुंचाता है। हालांकि जितेंद्र ने सांप पकडने की कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं ली है, लेकिन वर्षों के अनुभव ने उसे माहिर बना दिया है। वह लोगों को सांपों से जुड़ी भ्रांतियाँ भी दूर करते है और मुसीबत में लोगों का मददगार बनते हैं। सांप की सूचना मिलते ही वह उनको पकडने के लिए एक कॉल पर पहुंच जाते हैं।





# देशी मस्कट व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार पुलिस को आरोपी के बड़े हथियार सप्लायर नेटवर्क से जुड़े होने का शक

पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गैंग के 3 और आरोपी दबोचे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। क्राइम ब्रांच सेक्टर 26 की टीम को एक बड़ी सफलता उस समय मिली जब टीम ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान मोहम्मद कैफ निवासी गांव बसेड़ा, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। उसकी उम्र 20 वर्ष है। टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक गांव बागवाला की तरफ जाने वाली सड़क पर संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार होने की संभावना है।

एसीपी क्राइम का मानना है कि इस तरह के मामलों के तार अक्सर किसी बड़े हथियार सप्लायर नेटवर्क से जुड़े होते हैं। इसलिए पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आगे की कार्रवाई कर रही है। जिससे मुख्य सप्लायर या गिरोह तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

**गुप्त सूचना पर टीम ने दी दबिश:** सूचना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच-26 के प्रभारी इंस्पेक्टर दलीप सिंह ने अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और मौके पर मौजूद युवक को दबोच लिया।

जब टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी टी-शर्ट के नीचे, कमर के पीछे एक देसी मस्कट छुपाई हुई मिली, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इसके अलावा आरोपी के पास से एक जिंदा रौंद भी बरामद किया गया। पूछने पर आरोपी कोई वैध लाइसेंस अथवा हथियार से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध थाना रायपुर रानी में शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1)(a) के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार कर रहे है।

### आरोपी कहां से और किस मकसद से लाया हथियार

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी, जिसमें यह जानकारी जुटाने का प्रयास किया जाएगा कि उसके खिलाफ पूर्व में कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं या नहीं। इसके साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि आरोपी के पास यह हथियार कैसे और कहां से आया। क्या उसने किसी से खरीदा, या उसे किसी विशेष कार्य के लिए यह हथियार दिया गया था। यह भी जांच का विषय होगा कि आरोपी किसी को यह हथियार बेचने जा रहा था या किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

# चंडीगढ़ से हरिद्वार अवैध शराब की तस्करी कर रहा तस्कर गिरफ्तार

चैकिंग के दौरान 90 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

आरोपी युवक 2 दिन के पुलिस रिमांड पर, पूछताछ जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। चंडीगढ़ से एक गाड़ी में अवैध शराब भर कर हरिद्वार ले जा रहे एक तस्कर को पंचकूला पुलिस ने नाके पर गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता के कार्यभार संभालने के बाद से जिला पंचकूला में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। पुलिस ने चंडीगढ़ से हरिद्वार (उत्तराखंड) की ओर जा रही एक पिकअप गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर 20 वर्षीय युवक को हिरासत में लिया। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू निवासी गांव शेरपुर, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

सेक्टर-5 थाना पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी, तभी गुप्त सूचना मिली कि सोनू नामक युवक पिकअप वाहन में चंडीगढ़ से अवैध शराब भरकर शालीमार चौक के रास्ते हरिद्वार की ओर जा रहा है। सूचना के मुताबिक, वह शराब की पेटियां लेकर सप्लाई करने की फिराक में था। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-5 पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए इलाके में नाकेबंदी की। इस पूरी कार्रवाई में जांच अधिकारी एसआई जोरा सिंह, एएसआई ऋषिपाल सिंह और सिपाही अनिल ने अहम भूमिका निभाई। पीसीआर-9 की सहायता से संदिग्ध वाहन को रोक लिया। पुलिस ने युवक को मौके पर काबू कर पूछताछ की और जब पिकअप वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें से कुल 90 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसमें कुल 1080 बोतलें पाई गई। पूछताछ में युवक कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक के खिलाफ हरियाणा आबकारी अधिनियम की धारा 61(1)(ए) के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

**आरोपी से अवैध तस्करी के नेटवर्क बारे पूछताछ जारी:** डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि जिला पंचकूला में अवैध शराब की तस्करी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि तस्करी और संगठित अपराधों पर पूरी गंभीरता से अंकुश लगाया जा रहा है। रिमांड के दौरान यह जांच की जाएगी कि आरोपी इस धंधे से कब से जुड़ा है, इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और इस नेटवर्क का संचालन कहां से होता है।

# पंचकूला में 5 सालों में 1520 छोटे बड़े वाहन हुए चोरी, सिर्फ 405 हुए बरामद

पुलिस का कहना पहले गिरोह करते थे वाहन चोरियां, अब नशे की पूर्ति के के लिए चोरी हो रहे वाहन

ज्यादातर चोरियां सेक्टर 5 के सबसे बड़े यवनिका गार्डन की पार्किंग इन हो रही, इसमें तीन गेट और तीन खुली पार्किंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पंचकूला में औसतन प्रतिदिन लगभग एक मोटर वाहन चोरी होता है। सबसे बुरी बात यह है कि पिछले पांच वर्षों के वाहन चोरी और बरामदगी के आंकड़ों के अनुसार, कुल चोरी हुए 1520 वाहनों में से केवल 405 यानी 26.64त्न ही बरामद किए गए। इसका मतलब है कि अगर आपका वाहन चोरी हो गया है तो उसके मिलने की उम्मीद बहुत कम है।

पंचकूला में सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन, खास तौर पर एक्टिवा वाहन चोरी होते हैं। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा सचेत होना चाहिए। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक शहर में ऐसी ज्यादातर चोरियां सेक्टर 5 के सबसे बड़े यवनिका गार्डन में होती हैं। इसमें तीन गेट और तीन खुली पार्किंग हैं, जिससे यह वाहन चोरों के लिए आसान जगह बन जाती है। वहीं सिविल अस्पताल क्षेत्र एक और संवेदनशील क्षेत्र है। अस्पताल के बाहर पार्क करने वाले कई लोग ज्यादा जोखिम में रहते हैं। अन्य खुले पार्किंग स्थल भी वाहन चोरों के लिए आसान लक्ष्य होते हैं।

**क्या कहते हैं पुलिस के आंकड़े:** पंचकूला पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 2021 से अप्रैल 2025 तक कुल 1,520 वाहन चोरी की सूचना मिली (यानी, प्रति दिन 0.96 वाहन), जिनमें से 405 वाहन बरामद किए गए, जिससे कुल रिकवरी दर 26.64 प्रतिशत रही।

2021 में 266 वाहन चोरी होने की सूचना मिली। 2022 में यह संख्या बढ़कर 409 हो गई - जो पांच साल की अवधि में सबसे अधिक है। हालाँकि 2023 में चोरी की संख्या में थोड़ी गिरावट आई है और यह 357 और 2024 में 346 हो गई है, लेकिन 2025 के पहले चार महीनों में 142 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, अगर यह प्रवृत्ति संभावित पाँच साल के उच्चतम स्तर पर जारी रहती है, तो इस साल चोरी की संख्या 420 से अधिक हो सकती है। साल-दर-साल विश्लेषण से पता चलता है कि हाल के वर्षों में वसूली दक्षता में गिरावट आई है। जबकि स्थानीय पुलिस 2021 में चोरी हुए वाहनों का 30.45त्न और 2022 में थोड़ा अधिक (30.56 प्रतिशत) बरामद करने में सफल रही, लेकिन उसके बाद के वर्षों में लगातार गिरावट देखी गई। 2023 में रिकवरी दर घटकर 26.34 प्रतिशत रह गई, फिर 2024 में यह तेजी से घटकर 20.52 प्रतिशत रह गई। 2025 के शुरुआती आंकड़ों में 23.94 प्रतिशत पर मामूली सुधार दिखाई देता है, लेकिन अभी भी शुरुआती वर्षों से काफी नीचे है। डेटा रिकवरी परिणामों को बेहतर बनाने के लिए बेहतर वाहन ट्रैकिंग, तेज़ प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और जन जागरूकता अभियानों की आवश्यकता की ओर इशारा करता है।

### पहले वाहन चोर गिरोह रहे सक्रिय, अब नशे के लिए लोग कर रहे चोरी

पंचकूला पुलिस की माने तो पहले वाहन चोरी करने वाले गिरोह काम करते थे, इसलिए एक गिरफ्तारी पर भी 40 से 50 वाहन भी बरामद हो जाते थे। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर के मुताबिक अब वाहन चोरी करने वाले व्यक्ति भी शामिल हो गए हैं, जो ज्यादातर नशे के लिए ऐसा करते हैं, जिससे वाहनों की बरामदगी मुश्किल हो गई है। अगर कोई चोर पकड़ा भी जाता है, तो दो से तीन बाइक बरामद हो जाती हैं। ज्यादातर, ऐसे चोर बॉडी पार्ट्स निकालकर कबाड़ वालों को बेच देते हैं।

### पुलिस के कबाड़ियों को सख्त निर्देश


पुलिस ने पिछले हफ्ते सभी कबाड़ वालों को निर्देश दिया था कि वे चोरी का सामान न खरीदें, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से यह भी अपील की है कि सेकेंड हैंड वाहन खरीदते समय सभी कागजातों की जांच कर लें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वाहन चोरी का तो नहीं है।

### पुलिस की नागरिकों से अपील

पुलिस ने लोगों से यह भी अपील की है कि सेकेंड हैंड वाहन खरीदते समय सभी दस्तावेज अवश्य जांच लें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वाहन चोरी का तो नहीं है। पुलिस ने बताया कि पंचकूला में सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन, खास तौर पर एक्टिवा वाहन चोरी होते हैं। इस तरह की ज्यादातर चोरियां सेक्टर 5 के सबसे बड़े यवनिका गार्डन में होती हैं। इसमें तीन गेट और तीन खुली पार्किंग हैं, जिससे यह वाहन चोरों के लिए आसान जगह बन जाती है।

# किसान नेता सूखा कंसाला सदमे में, करंट लगने से बेटे की मौत

न्यू चंडीगढ़ (जे के बत्ता)। किसान नेता सूखा कंसाला को उस समय गहरा सदमा लगा जब उनके छोटे बेटे हरकीरत सिंह की छोटी सी उम्र में ही करंट लगने से मौत हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दोपहर बाद हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी दिवंगत हरकीरत सिंह के श्मशान घाट पहुंचे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी तथा परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग, कांग्रेस जिला प्रधान रणजीत सिंह जीती पडियाला, वरिष्ठ नेता गुरपरताप सिंह पडियाला, भाजपा नेता अर्जुन सिंह कांसल, समाज सेवी दलविंदर सिंह बेनीपाल, आप चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी, अकाली नेता अरविंदर सिंह पेंटा, रविंदर सिंह बाजीदपुर, सरबजीत सिंह कादीमाजरा, गुरमीत सिंह संतू, किसान नेता कृपाल सिंह सियाऊ, परमदीप सिंह बैदवान, बलकार सिंह भंगू, गुरमीत सिंह ढाकोरन, मेवा सिंह खिजराबाद, तरणजीत सिंह बावा, पूर्व सरपंच हरजीत सिंह मानकपुर, नवदीप सिंह हम्मा, परविंदर सिंह टोनी, जगतार सिंह सिद्धू, किरपाल सिंह खिजराबाद पूर्व चेयरमैन।








# अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बने सलिल बंसल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य में आज अणुव्रत भवन सैक्टर 24 सी तुलसी सभागार मे अणुव्रत समिति के अध्यक्ष सलिल बंसल को बनाया गया। श्री बंसल वर्षों से तेरापंथ समाज व अणुव्रत समिति चंडीगढ़ से जुड़े हुए है और लगातार समिति और समाज को जोड़ने के कार्यों में प्रयासरत है। श्री बंसल यूनिवर्सिटी में विद्यार्थीगण को पढाते है।

कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष मनोज जैन, विजय शर्मा, श्री सतीश जैन, रवि चोपडा, श्रीमती शांता चोपडा, तेजिंद्र भारद्धाज,प्रदीप जैन, सुभाष जैन आदि ने सलिल बंसल को समिति के अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और विचारो की अभिव्यक्ति दी। वही निवर्तमान अध्यक्ष ने वर्तमान अध्यक्ष की नियुक्ति पर प्रसन्नता जताई।










सोनीपत में सीवरेज समस्या का समाधान

# मेयर राजीव जैन के निर्देश पर सेक्टर 23 चौक पर कनेक्शन कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। नगर निगम मेयर राजीव जैन के निर्देश पर तिरंगा चौक पर सीवरेज के शम्भू दयाल डिस्पोजल का पानी ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की तरफ डायवर्ट करने के बाद गोहाना रोड की कॉलोनियों का सीवरेज का पानी डिस्पोजल पर भेजने की बजाये ट्रीटमेंट प्लांट पर भेजने के लिए सेक्टर 23 चौक पर कनेक्शन का काम शुरू कर दिया गया है। मेयर राजीव जैन ने बताया कि इस कनेक्शन के होने से गोहाना रोड सिथत कालोनियों मयूर विहार, शास्त्री कॉलोनी, इंडियन कॉलोनी के सीवरेज का पानी डिस्पोजल के बजाये लाइन के माध्यम से ककरोई सिथत ट्रीटमेंट प्लांट पर पंहुचेगा। इससे इन कॉलोनियों में कई वर्षों से सीवरेज जाम की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने आगे बताया कि ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर अभी केवल सीवरेज का 8 एम एल डी पानी ही जा रहा है, दोनों कनेक्शन होने के बाद 8 - 10 एम एल डी पानी राठधना सीवरेज प्लांट कि बजाये ककरोई प्लांट पर जाना शुरू हो जायेगा। इससे शहर में दोनों हिस्सों में सीवरेज कि समस्या का समाधान होगा। मेयर ने बताया कि 10 वर्ष पुराने ककरोई रोड स्थित 25 एम एल डी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहा है इसके लिए 2020 में सूरी पेट्रोल पंप, पत्थर वाली गली, तिरंगा चौक तथा सेक्टर 23 चौक पर कनेक्शन करके सीवरेज का पानी डायवर्ट होना था। सूरी पेट्रोल पंप वाली गली तथा पत्थर वाली गली का कनेक्शन चार वर्ष पहले हो गया था परन्तु दो कनेक्शन बाकी रह गए थे जिन्हे अब करवाया जा रहा है ।

# गरीबों को मिलने वाले सरसों के तेल के दाम बढ़ाकर सरकार ने किया धोखा: सुल्तान जडौला

कहा- भाजपा सरकार बिना देरी किए गरीब विरोधी तुगलकी फरमान लें वापिस

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को राशन कार्ड पर मिलने वाले सरसों तेल के दामों में बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह बढ़ोतरी पूरी तरह से गरीब विरोधी है और सरकार बिना देरी किए इस तुगलकी फरमान को वापिस ले। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार से पीड़ित सरकार ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल का रेट 40 से बढ़ाकर सीधे 100 रुपये कर साबित कर दिया कि सरकार का गरीबों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने गरीब परिवारों को मिलने वाले सरसों तेल के दाम में हुई भारी भरकम बढ़ोत्तरी को भी वापिस लेने की मांग करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने दाम बढ़ाकर 46.43 लाख परिवारों की जेब पर डाका ढाला है।


## सार्वजनिक सूचना

मैं अमित आधार नं. 9491 8149 0465 सुपुत्र श्री जयदियाल निवासी बरवाला जिला हिसार (हरियाणा) -125121 प्रमाणित शपथ पत्र से यह ब्यान करता हूँ कि मेरी माता सुमन का स्वर्गवास हो चुका है। मेरी माता सुमन के नाम एक प्रोपर्टी जिसका पुराना प्रोपर्टी आई डी नं. 2550 व नया प्रोपर्टी आई डी नं. 6DRVK9G8 है जो कि वाका मौजा बरवाला जिला हिसार में स्थित है। मेरी माता सुमन के स्वर्गवास हो जाने उपरान्त उपरोक्त प्रोपर्टी के निम्न जयदियाल (मृतका सुमन का पति) और अमित (मृतका सुमन का लड़का) तथा नेहा (मृतका सुमन की लड़की) हर तीन समभाग विधिक वारसान हैं। इन उपरोक्त वारसान के अलावा अगर अन्य कोई भी वारसान दावेदार बनकर उपरोक्त प्रोपर्टी बाबत कोई एतराज व दावा आदि करता है तो उसकी हर प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी। अगर इस बारे किसी को कोई एतराज है तो वो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अन्दर नगरपालिका बरवाला (हिसार) के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

AP-2382

व अदालत सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, जुलाना जिला जींद
समुन्द्र सिंह पुत्र श्री दयाचन्द पुत्र श्री श्योकर्ण साकिन बुढाखेडा लाठर तहसील जुलाना जिला जींद

वादी बनाम

1. जगदीश पुत्र जयगोपाल पुत्र श्योकर्ण 2. नरेश 3. सलेन्द्र पुत्रान दयाचन्द पुत्र श्योकर्ण 4. विकास पुत्र बलेन्द्र पुत्र दयाचन्द 5. रविन्द्र कुमार पुत्र ताराचन्द पुत्र श्योकर्ण 6. औमप्रकाश पुत्र बारु पुत्र श्योकर्ण मृतक वारिसान: i. कृष्णा पत्नी औमप्रकाश पुत्र बारु ii. जितेन्द्र पुत्र औमप्रकश पुत्र बारु मृतक वारिसान a) कृष्णा माता जितेन्द्र पुत्र औमप्रकाश iii. अशोक iv. सुनील v. विनोद पुत्रान vi. मीना पुत्री औमप्रकाश पुत्री बारू 7. विक्रम सिंह पुत्र जगबीर पुत्र जयगोपाल साकिनान बुढाखेडा लाठर तहसील जुलाना जिला जींद।

..........उतरवादीगण

दरखास्त बंटवारा अराजी जरई खेवट नं. 459 खतोनी नं. 543 ता 549 कुल रक्बा 155 कनाल 01 मरले जमाबन्दी साल 2022-2023 वाका रक्बा बुढाखेडा लाठर तहसील जुलाना जिला जींद। उपरोक्त दरखास्त वास्ते बंटवारा केस अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय में उतरवादीगण कि तलबी हेतु विचाराधीन है । अत: 15.07.2025 तक उतरवादीगण असालतन/वकालतन अपने केस की पैरवी हेतु न्यायलय में पेश हो सकता है । अन्यथा मियाद गुजरने बाद उतरवादी के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी । आज दिनांक 10.06.2025 मेरे हस्ताक्षर एव मोहर अदालत सहित जारी किया गया

सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, जुलाना जिला जींद

AP-2372

## संपदा अधिकारी, हुडा के समक्ष, अंबाला शहर
### सार्वजनिक सूचना

**विषय:** आवंटी स्वर्गीय राज कुमार गुप्ता की बिना वसीयत के मृत्यु के फलस्वरूप निर्मित/ अनिर्मित संपत्ति/प्लॉट संख्या 641S सेक्टर 9 अंबाला शहर के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्वर्गीय राज कुमार गुप्ता, जो अभिलेख के अनुसार उल्लिखित संपत्ति के आवंटी थे, की मृत्यु 10.01.2025 को हो गई है तथा उनके पास कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है, तथा वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:-

1. श्रीमती वीना गुप्ता, ii. श्री अमित गुप्ता, iii. श्रीमती प्रीति गुप्ता, iv. श्री साहिल गुप्ता

श्रीमती वीना गुप्ता पति स्वर्गीय राज कुमार गुप्ता निवासी 987, सेक्टर 10, पंचकूला, हरियाणा कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति के अपने पक्ष में हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहती हैं तथा श्रीमती वीना गुप्ता के नाम पर पुन: आबंटन का अनुरोध करना चाहती हैं।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त भूखंड/मकान के हस्तांतरण के बिरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, हुडा, अंबाला शहर को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुन: आवंटन की अनुमति दे सकता है तथा बाद में कोई दावा, यदि कोई हो, पर विचार नहीं कर सकता है।

(वीना गुप्ता)
संपदा अधिकारी की ओर से कानूनी उत्तराधिकारी

AP-2370

## सार्वजनिक सूचना

विषय: निर्मित संपत्ति मकान संख्या 646ए सेक्टर-14, अर्बन एस्टेट, गुड़गाव, हरियाणा-122001 के संबंध में मालिक स्वर्गीय श्री सतीश पाहवा की मृत्यु के परिणामस्वरूप स्वामित्व का हस्तांतरण। स्वर्गीय श्री सतीश पाहवा, जो कि उल्लिखित संपत्ति के 50 प्रतिशत के मालिक थे, की मृत्यु 14/10/2021 को हो चुकी है। इनके साथ ही उनकी पत्नी श्रीमती सुनील पाहवा इस संपत्ति की 50 प्रतिशत की मालकिन हैं। स्वर्गीय श्री सतीश पाहवा ने कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं बनाई है, वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:-(1) श्रीमती सुनील पाहवा (पत्नी) (2) मनीश पाहवा (पुत्र) (3) श्रीमती पूजा पाहवा (पुत्री) अब श्रीमती सुनील पाहवा पत्नी स्वर्गीय श्री सतीश पाहवा निवासी मकान संख्या 646ए सेक्टर-14, अर्बन एस्टेट, गुड़गाव कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अपने पक्ष में संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं। इस प्रोपर्टी के पुत्र मनीश पाहवा व पुत्री श्रीमती पूजा पाहवा अपने हिस्से का 100 प्रतिशत प्रोपर्टी अब अपनी मां श्रीमती सुनील पाहवा के नाम करने का आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर संपदा अधिकारी-1, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम को सहायक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुन: आवंटन की अनुमति दे सकते हैं तथा बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं कर सकते हैं।

एस्टेट ऑफिसर 1. एचएसवीपी, गुरुग्राम

AP-2373

## सार्वजनिक नोटिस



आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री राजिंदर सिंह, आवासीय साइट नंबर 2409, सेक्टर - 35/सी, चंडीगढ़ के 33.33 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक/पट्टेदार हैं।

गुरिंदर कौर द्वारा सूचित किया गया है कि श्री राजिंदर सिंह की मृत्यु 27.08.2022 को हो गई है और उन्होंने मृतक मालिक/पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|
| 1 | गुरिंदर कौर | पत्नी |
| 2 | निरवैर सिंह | पुत्र |
| 3 | प्रितपाल सिंह | पुत्र |

अब, गुरिंदर कौर ने 24.11.2021 की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर, स्वर्गीय राजिंदर सिंह द्वारा धारित 33.33त्न हिस्सेदारी की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 2409, सेक्टर-35/सी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी के पास ऊपर वर्णित के अलावा मृतक के किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत एस्टेट ऑफिस, यूटी, चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के म्यूटेशन पर कोई आपत्ति है, तो वह उपरोक्त नामित आवेदकों के पक्ष में, वह इसे लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है (मजिस्ट्रेट / नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, ऐसा न करने पर उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से को उपरोक्त लाभार्थी/लाभार्थियों के नाम पर म्यूटेशन कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी तरह का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नवीन दानिक्स ,सहायक संपदा अधिकारी,संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए

AP-2346

## हाउसिंग बोर्ड हरियाणा एस्टेट मैनेजर, पंचकूला

एचबीएच/ईएम/पीकेएल/2025/2232 दिनांक- 01/07/25

### सार्वजनिक सूचना

**विषय:-** स्व. श्री करम चंद गेरा (के.सी. गेरा) पुत्र श्री स्वर्गीय देवी दास गेरा निवासी हाउस नंबर 63/एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-18, पंचकूला, हरियाणा की मृत्यु के कारण श्री मधुर गेरा पुत्र श्री स्वर्गीय करम चंद गेरा (के.सी. गेरा) निवासी हाउस नंबर 63/एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-18, पंचकूला, हरियाणा के नाम पर हाउस नंबर 63/एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-18, पंचकूला, हरियाणा का हस्तांतरण। यह आम जनता और मकान संख्या 63/LIG, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-18, पंचकूला, हरियाणा से संबंधित सभी लोगों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है, जो इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार स्वर्गीय श्री करम चंद गेरा (के.सी. गेरा) पुत्र श्री स्वर्गीय देवी दास गेरा के नाम पर है। आवेदक (आवेदकों) द्वारा रिपोर्ट की गई है कि स्वर्गीय श्री करम चंद गेरा (के.सी. गेरा) पुत्र श्री स्वर्गीय देवी दास गेरा जो इस संपत्ति के मालिक थे, की मृत्यु 11.06.2018 को हो गई और उन्होंने स्वर्गीय श्री करम चंद गेरा (के.सी. गेरा) पुत्र श्री स्वर्गीय देवी दास गेरा की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर उक्त संपत्ति को अपने नाम पर हस्तांतरण के लिए दावा/आवेदन किया। यदि किसी को उक्त संपत्ति को श्री मधुर गेरा पुत्र स्वर्गीय श्री करम चंद गेरा (के.सी. गेरा) के पक्ष में हस्तांतरण करने पर कोई आपत्ति है। वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा यह संपत्ति तदनुसार हस्तांतरित कर दी जाएगी और बाद में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संपदा प्रबंधक, आवास बोर्ड हरियाणा पंचकूला

AP-2370

## सार्वजनिक सूचना
### संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

विषय: आबंटी श्री लाल चन्द की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान नं० 554, सैक्टर-8, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के आबंटी श्री लाल चन्द की 28-10-1992 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.विजय कुमार गोयल (पुत्र) 2.मधु बंसल (पुत्री) 3.पवन कुमार (पुत्र) 4.नीलम गोयल (पुत्रवधु)5.अभिनव गोयल (पोता) 6.ओम प्रकाश गुप्ता (दामाद) 7.नितु गुप्ता (दोती) 8.रितु जैन (दोती) 9.अनुज गुप्ता (दोता)।

विजय कुमार गोयल पुत्र स्व. लाल चन्द तथा नीलम गोयल पत्नी स्व. संजय गोयल दोनों निवासी #554, सैक्टर - 8, पंचकूला ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट विजय कुमार गोयल व नीलम गोयल के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

विजय कुमार गोयल, मधु बंसल पवन कुमार, नीलम गोयल, अभिनव गोयल ओम प्रकाश गुप्ता, नितु गुप्ता, रितु जैन, अनुज गुप्ता
कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से

AP-2372

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जनसुई में ट्यूबवेल आपरेटर (जलकर्मी) का पद रिक्त है। जलकर्मी के पद पर कार्य करने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति / महिला जो शारीरिक रूप से कार्य करने मे समर्थ हो तथा उसकी आयु 18 वर्ष से 65 वर्ष के बीच हो तथा उसकी शैक्षिणक योग्यता 10 पास हो इस पद हेतू दिनांक 07.07.2025 से दिनांक 11.07.2025 तक (कार्य दिवस में) प्रात: 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जलकर्मी के पद हेतू आवेदन कर सकता है और यह आवेदन पत्र खण्ड कार्यालय में श्रीमति सुखजिन्द कौर (सहायक) द्वारा प्राप्त किये जाएगें।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
खण्ड अम्बाला

AP-2377

व अदालत सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, जुलाना जिला जींद।
समुन्द्र सिंह पुत्र श्री दयाचन्द पुत्र श्री श्योकर्ण साकिन बुढाखेडा लाठर तहसील जुलाना जिला जींद।

वादी बनाम

1. सन्तोष पुत्री बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक वारिसान i. सन्दीप ii. मोनू पुत्रान व iii. रानी पुत्री सन्तोष पत्नी बलबीर साकिन गाँव कालपा तहसील गोहाना जिला सोनीपत 2. श्रीमती धनकौर विधवा बिरखा पुत्र धन सिंह हाल मृतक वारिसान: i. सन्तोष पुत्री बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक वारिसान: i. सन्दीप ii. मोनू पुत्रान व iii. रानी पुत्री सन्तोष पत्नी बलबीर साकिन गांव कालपा तहसील गोहाना जिला सोनीपत . 2. शामकौर पुत्री बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक वारिसान: . i. कान्ता ii. कृष्णा iii. दर्शना iv. सुमन पुत्रीयान v. शमशेर पुत्र शामकौर पुत्री बिरखा iii. होशियारा पुत्र बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक वारिसान i. प्रेमो पत्नी ii. कृष्ण पुत्र iii. सुदेश iv. बाला v. काली पुत्रीयान होशियारा पुत्र बिरखा iv. प्रकाश पुत्र बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक वारिसान: i. बक्शीश कला पत्नी ii. राजपाल पुत्र iii. बेबी पुत्री प्रकाश पुत्र बिरखा V. रामफल पुत्र बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक वारिसान: i. कमला पत्नी ii. कुलदीप पुत्र मुकेश पुत्री रामफल पुत्र बिरखा vi. सतबीर पुत्र बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक वारिसान: i. कमलेश पत्नी ii.प्रवेश iii. मोहित पुत्रान iv ज्योति पुत्री सतबीर पुत्र बिरखा vii. सुनहरा पुत्र धनकौर विधवा बिरखा पुत्र धन सिंह मृतक (अविवाहित) वारिसान a. राजा पुत्र धनकौर विधवा बिरखा) viii. राजा पुत्र धनकौर विधवा बिरखा पुत्र धन सिंह 3. सुभाष 4. रोहताश पुत्रान बनीसिंह पुत्र मातु 5. लक्ष्मी पत्नी रामधारी पुत्र धनपाल 6. चान्दराम पुत्र केहर सिंह 7. भलेराम पुत्रान केहर सिंह मृतक वारिसान: i. राजबीर पुत्र भलेराम पुत्र केहर सिंह ii. कृष्ण पुत्र भलेराम पुत्र केहर सिंह मृतक वारिसान a. विमला पत्नी b. मंजू c. प्रीती d. नीरज e. तन्नु पुत्रियान व f. साहिल पुत्र कृष्ण पुत्र भलेराम iii. कुलदीप पुत्रान व iv . प्रमिला पुत्री भलेराम पुत्र केहर सिंह 8. श्रीमती जीवनी विधवा रामफल पुत्र केहर सिंह मृतक वारिसान: i. बलजीत पुत्री श्रीमती जीवनी विधवा रामफल मृतक वारिसान a. शीला पत्नी बलजीत पुत्र रामफल ii. सुरेन्द्र iii. जसबीर पुत्रान iv. गुड्डी पुत्री श्रीमती जीवनी विधवा रामफल पुत्र केहर सिंह 9. रामसिंह पुत्र जागर मृतक वारिसान i. चमेली विधवा व ii अजमेर iii. विनोद पुत्रान व iv. राजेश पुत्री राम सिंह पुत्र जागर 10. औमप्रकाश पुत्र बारू पुत्र श्योकर्ण मृतक वारिसान: i. कृष्णा पत्नी औमप्रकश पुत्र बारु ii. जितेन्द्र पुत्र औमप्रकश पुत्र बारु मृतक वारिसान a) कृष्णा माता जितेन्द्र पुत्र औमप्रकाश पुत्र बारू iii. अशोक iv. सुनील v. विनोद पुत्रान vi. मीना पुत्री औमप्रकश पुत्र बारु 11. कुलदीप पुत्र रामफल पुत्रान पुत्र बिरखा 12. सत्यवान पुत्र रघबीर पुत्र धनपाल मृतक वारिसान . रामकेश ii. चान्दराम भाई व iii. जयभगवान भाई (मृतक वारिसान) 1. सुदेश पत्नी 2. मोनिका 3. प्रीती पुत्री 4. मोहित 5. वरुण पुत्रान जयभगवान पुत्र रघबीर 13. चान्दराम पुत्र रघबीर पुत्र धनपाल मृतक वारिसान a) रामकेश पुत्र रघबीर पुत्र धनपाल 14. जयभगवान पुत्र रघबीर पुत्र धनपाल मृतक वारिसान: 1. सुदेश पत्नी 2. मोनिका 3. प्रीती पुत्री 4 मोहित 5. वरुण पुत्रान जयभगवान पुत्र रघबीर 15. रामकेश रघबीर पुत्र धनपाल 16. रविन्द्र 17. सुरेन्द्र पुत्रान रामधारी पुत्र धनपाल 18. सुलेन्द्र 19. बिलेन्द्र 20. नरेश कुमार पुत्रान दयाचन्द पुत्र श्योकर्ण 21. बीर पुत्र बिरखा पुत्र धन सिंह 22. कमला देवी पत्नी रोहताश पुत्र बनीसिंह 23. दर्शन 24. कृष्णा पुत्रियां समाकौर पुत्र बिरखा 25. प्रिती पुत्री व 26. विक्की पुत्र व 27. निर्मला विधवा शमशेर सिंह पुत्र समाकौर 28. उमेद सिंह पुत्र प्रहलाद मृतक वारिसान: i. श्रीभगवान पुत्र ii. प्रमिला iii. सेवा iv. अनिता v सन्तोष पुत्रीयान उमेद सिंह पुत्र प्रहलाद 29. सुमन 30. गीता पुत्रिया व 31 श्रीमती सन्तोष विधवा हुक्म सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह 32. कृष्ण पुत्र होशियार सिंह पुत्र बिरखा 33. नरेन्द्र 34 बिजेन्द्र पुत्रान रामरूप पुत्र धनपाल 35. जोगिन्द्र पुत्र नफे सिंह पुत्र धनपाल साकिनान बुढाखेडा लाठर तहसील जुलाना जिला जींद

..........उतरवादीगण

दरखास्त बंटवारा अराजी जरई खेवट नं. 476 खतोनी नं.566 कुल रक्बा 66 कनाल 01 मरले जमाबन्दी साल 2022-2023 वाका रक्बा बुढाखेडा लाठर तहसील जुलाना जिला जींद। उपरोक्त दरखास्त वास्ते बंटवारा केस अधोहस्ताक्षरी के न्यायलय में उतरवादीगण कि तलबी हेतु विचाराधीन हैं । अत: 15.7.2025 तक उतरवादीगण असालतन/वकालतन अपने केस की पैरवी हेतु न्यायलय में पेश हो सकता हैं। अन्यथा मियाद गुजरने बाद उतरवादी के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी । आज दिनांक 02-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर एव मोहर अदालत सहित जारी किया गया

सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, जुलाना जिला जींद

AP-2372

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 447657 ਮਿਤੀ 19.06.2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ. 36 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./25-26/33), ਮਿਤੀ 21-04-2025, ਸਾਈਜ 550 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 51.09% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਰਵਿੰਦਰ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ਼੍ਰੀ ਪਰਮਜੀਤ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਪਿੰਡ ਦੌਣ ਖੁਰਦ ਜਨਹੇਰੀਆ, ਪਟਿਆਲਾ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦੇ 51.09% ਹਿੱਸੇ ਦਾ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਬੀਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਸੰਤ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 173, ਪਿੰਡ ਕੁੰਬੜਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ 103, ਬਹੀ ਨੰ -4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 22.04.2025 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਬੀਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਸੰਤ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ 173, ਪਿੰਡ ਕੁੰਬੜਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਦੇ ਅਲਾਟੀਆਂ ਵੱਲੋਂ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ. 36 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./25-26/33), ਮਿਤੀ 21-04-2025, ਸਾਈਜ 550 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, 21/0 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਸ਼੍ਰੀ ਜੈ ਗੋਪਾਲ ਗੋਇਲ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਗੋਪਾਲ ਗੋਇਲ ਅਤੇ ਸ਼੍ਰੀ ਭਾਗੀਰਥ ਲਾਲ ਗੋਇਲ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਛੋਟੂ ਰਾਮ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 64, ਫੇਜ 2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ. 36 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./25- 26/33), ਮਿਤੀ 21-04-2025, ਸਾਈਜ 550 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।

AP-2374

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ.ਈ. 1226, ਫੇਜ 1, ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ Sh Bhupinder Singh S/o Ranjit Singh ਅਲਾਟੀ ਸਨ ਅਲਾਟੀ Sh Bhupinder Singh S/o Ranjit Singh R/o House No. HE 1226, Sector 55, Phase 1, SAS Nagar ਨੂੰ ਉਕਤ ਮਕਾਨ Pritam Dass S/o Battna Ram R/o House No. 5281 EWS Colony Maloya UT Chandigarh ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਸਬੰਧੀ ਪੱਤਰ ਨੰ: 2080, ਮਿਤੀ 19.01.2010 ਰਾਹੀਂ ਐਨ.ਓ.ਸੀ. ਜਾਰੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਇਸ ਐਨ.ਓ.ਸੀ. ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Bhupinder Singh S/o Ranjit Singh ਵੱਲੋਂ Pritam Dass S/o Battna Ram ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ. 6812, ਬਹੀ ਨੰ. 1. ਮਿਤੀ 27.01.2010 ਰਾਹੀਂ ਸੇਲ ਡੀਡ ਕਰਵਾਈ ਗਈ ਸੀ ਅਤੇ ਇਹ ਸੇਲ ਡੀਡ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ। Pritam Dass S/o Battna Ram ਵੱਲੋਂ ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ.ਈ. 1226, ਫੇਜ 1, ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਨਹੀਂ ਕਰਵਾਈ ਗਈ ਅਤੇ ਉਹਨਾਂ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 23.02.2023 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈਂਾ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਸਬੰਧੀ ਖਰੀਦਦਾਰ Pritam Dass S/o Battna Ram ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਭਤੀਜੀ SUKHDEEP KAUR W/o JASPAL SINGH ਦੇ ਨਾਮ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਵਸੀਅਤ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 390. ਜਾਇਦ ਬਹੀ 3. ਮਿਤੀ 18-08-2016 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਉਕਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ SUKHDEEP KAUR W/O JASPAL SINGII R/o Sukh Niwas. St No. 1. Maharaja Ranjit Singh Nagar, Hoshiarpur ਵਲੋਂ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ.ਈ.1226, ਫੇਜ 1 ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਖਰੀਦ ਦਾਰ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲੀ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਤਰਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ.ਈ. 1226, ਫੇਜ 1, ਸੈਕਟਰ-55, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਲਾਭ ਪਾਤਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

AP-2375

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਮੋਹਾਲੀ ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਮ ਆਈ ਜੀ 1339/5, ਸੈਕਟਰ- 65, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 25% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Sh. Vishal Dutt S/o Kapil Dev Dutt ਵਲੋਂ Smt. Surinder Kumar W/o Kapil Dev Dutt ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 1725 ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਮਿਤੀ 09.10.2024 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਕੀਤਾ ਹੈ।

ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Smt. Surinder Kumari W/o Kapil Dev Dutt ਨੇ ਉਕਤ ਮਕਾਨ Mamta Devi W/o Kunwar Pal Singh ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਲੈਣ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਪ੍ਰਤੀ ਬੇਨਤੀ ਮਿਤੀ 02.07.2025 ਨੂੰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਮ ਆਈ ਜੀ 1339/5, ਸੈਕਟਰ-65, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਸੁਪਰਡੰਟ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਜੀ ਪੀ ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਮ ਆਈ ਜੀ 1339 /5, ਸੈਕਟਰ-65, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਉਕਤ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ

ਸੁਪਰਡੰਟ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

AP-2376


# साइबर सेल टीम ने जून में ढूंढ निकाले पौने 14 लाख के 86 गुमशुदा फोन

डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने मोबाइल मालिकों को सौंपे उनके फोन

अर्थ प्रकाश/ ओम प्रकाश

कैथल। जिले के साइबर सेल प्रभारी पीएसआई अमन की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह की टीम ने जून में आमजन के गुम हुए करीब 13.75 लाख रुपए से अधिक कीमत के 86 मोबाइल फोन को ढूंढने का कार्य किया है। उप पुलिस अधीक्षक गुरविंद्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन में फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने कहा कि जिला पुलिस की साइबर सेल ने अब तक सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त मोबाइल गुम की शिकायतों की मॉनिटरिंग करते हुए लाखों रुपए की कीमत के मोबाइल को ट्रेस करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने सीईआईआर पोर्टल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है और मोबाइल ट्रेस होने उपरांत शिकायतकर्ता को सूचना दे दी जाती है। वहीं एसपी आस्था मोदी ने कहा कि साइबर सैल टीम लगातार गुमशुदा मोबाइल्स की मॉनिटरिंग करती है। इसी के परिणाम स्वरूप ही खोये हुए मोबाइल पुलिस टीम द्वारा बरामद किये गये है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन का भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को ना सौंपे ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाएं।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS आज ही बुक करें PH.: 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I Pratima Negi w/o Beer Singh r/o # 1372 sector 45 C ,Burail chandigarh have changed my name from Pratima Negi to Pratima devi.

I Beer Singh Negi s/o Jagat Singh r/o 1372 sector 45C Burail chandigarh have changed my name from Beer Singh Negi to Beer Singh.

I Bateri w/o Ramesh Kumar r/o. village gudha (23) Karnal Haryana have changed my name Bateri to Bateri devi

एपी-2367

I, Sushil Rajput son of Army Number JC 580317 H Ex Sub Sukhdarshan Singh Thakur R/O Village Bankala (Rakhni) P.O. Shambhu Wala, Tehsil Nahan, District Sirmaur (H.P) have changed my name from Sushil Rajput to Susheel Kumar vide Affidavit dated 03-07-2025 before Executive Magistrae Nahan.

एपी-2368

मैं, दलीप चन्द पुत्र फला निवासी कश्मीरपुर गुज्जरां उप तहसील पंजैहरा जिला सोलन हिमाचल प्रदेश बयान करता हूं कि मेरा नाम राजस्व अभिलेख मौजा कश्मीरपुर गुज्जरां व रईया में दलीप कुमार दर्ज है जो कि गलत है दलीप कुमार की बजाए दलीप चन्द किया जाए। यदि किसी को कोई ऐतराज है तो 16/07/2025 से पहले नायब तहसीलदार कार्यालय पंजैहरा में आकर ऐतराज प्रस्तुत कर सकता है।

एपी-2369

मैं, ममता पत्नी श्री अंकुश निवासी गांव घेसपुर, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर -135133 ने अपना नाम ममता से बदलकर ममीता रख लिया है।

एपी-2371

मैं, सुरेन्द्र दत्ता पुत्र सोहन लाल दत्ता निवासी फ्लैट 66-ए, गोल्डन कैसल, गांव दयालपुरा, जीरकपुर, जिला एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब) एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं और घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम सुरेन्द्र दत्ता से बदलकर सुरेन्द्र कुमार दत्ता रख लिया है।

एपी-एफ

मैं, जसपाल सिंह Ghumman पुत्र दलीप सिंह Ghumman वासी मकान नं 1, मीरुट रोड, सेक्टर 5, करनाल बयान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर जसपाल सिंह Ghuman से जसपाल सिंह Ghumman. रखा है।

मैं, सागर Gakhar पुत्र भीम सैन वासी मकान नं. 421/18, ओल्ड चार चमन करनाल ने अपना नाम बदलकर सागर से सागर Gakhar रखा है सभी संबंधित नोट करें।

मैं, गोपाल पुत्र मोती राम वासी Quarter नं. 141, टाइप II, न्यू पुलिस लाइन्स, नजदीक जेल फार्म, कैथल रोड करनाल ने अपना नाम बदलकर गोपाल शर्मा से गोपाल रखा है।

मैं, Paramjeet सिंह पुत्र बलविंदर सिंह वासी 1219 गली नं 11 शिव कॉलोनी करनाल ने अपना नाम बदलकर Paramjeet सिंह से Paramjit सिंह रखा है।

मैं, अशोक नागपाल पुत्र सतपाल नागपाल वासी मकान नं. 1533, सैक्टर-13, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर अशोक कुमार नागपाल से अशोक नागपाल रखा है।

मैं, सुदेश पत्नी सतिन्द्र कुमार निवासी गाँव व डाकखाना मैणी खुर्द, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम सुदेश देवी से बदलकर सुदेश रख लिया है।

मैं, श्वेता यादव पत्नी श्री. फूलसिंह यादव वासी गांव खेरिया, खेरिया, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश-274304 ने अपना नाम बदलकर श्वेता यादव से कुमारी श्वेता यादव रखा है।

मैं, राजेश कुमार पुत्र राम कुमार निवासी मकान न०. 104, गली न०.03, आर.के पुरम, कुँजपुरा रोड करनाल ने अपनी नाबालिग लड़की का नाम हर्षिता से बदलकर हर्षिता स्योरान रख लिया है।

मैं, दक्ष आहूजा कुमार और दक्ष आहूजा पुत्र राजेश कुमार वासी मकान नं 306 फर्स्ट फ्लोर सैक्टर 15 पंचकूला एक ही औरत हूँ।

एपी-2373

मैं, साफिया परवीन उर्फ साफिया बेगम पत्नी शकिल अहमद मकान नं. 1458, समदरबार चंडीगढ़ निवासी घोषणा करती हूं कि मेरा नाम साफिया परवीन के नाम से जाना जाए।

एपी-2324

मैं, Bhoti Devi पत्नी हरनाम सिंह निवासी 355, बिजली बोर्ड, अरनेचा, पिलोवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Bothi Devi रख लिया है।

मैं, उर्मिल देवी पत्नी राजपाल गाँव कौल बोला पट्टी, कैथल ने अपना नाम बदलकर उर्मिला रख लिया है।

मैं, बलविंदर पुत्र माया चंद गाँव अजराना सब तहसील इस्मैलाबाद, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर बलविंदर सिंह रख लिया है।

एपी-2379

मैं, एरिया एम सैन्य संख्या- 18010781एफ रैंक-नायक नाम-अनवर सादिक एमपी की माँ हूं वर्तमान में यूनिट- जीई (आई)866 इंजीनियरिंग सी/ओ 99 एपीओ में तैनात है स्थाई पता- घर- थोड़ुमपोडियाक्कल पोस्ट- आक्कापरम्बा वीटीसी- कुझीमनना, जिला- मलापुरम, राज्य- केरल, पिन- 673641 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम एरिया एम से बदलकर आस्या मलायन कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-48ए 901917, दिनांक-03/07/2025

I, Service 15332251H Rank HAV Name PRASATH B. presently residing at HQ Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my son name from P RAKSHAN to RAKSHAN P.

मैं, श्रीमती ननका देवी सैन्य संख्या- 15342028एम रैंक हवलदार नाम- राजेश कुमार पटेल की माँ हूं वर्तमान में 57 इंजीनियरिंग रेजीमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हूं, स्थायी पता- 90, उरुवा, मेजा खास, मेजा रोड, इलाहबाद, मेजा, उत्तर प्रदेश- 212303 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम श्रीमती ननका देवी से बदलकर ननकी देवी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-48ए 901949, दिनांक- 03/07/2025

I, BALUMELI am father of No 16125133Y Rank SPR Name POOLITHEVAN P present residing at RHQ Camp, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from PALMEZHI K to BALUMELI and also Correct my date of birth from 10 JUL 1960 to 10 JAN 1958.

I, CHELLAMMAL PALMELI am mother of No 16125133Y Rank SPR Name POOLITHEVAN P present residing at RHQ Camp, 16 Engr Br Regt (PMS) Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from CHELLAMMAL to CHELLAMMAL PALMELI and also correct date of birth from 18 AUG 1962 to 01 JAN 1956.

एपी-2380

मैं, गुरप्रीत सिंह पुत्र श्री निर्मल सिंह निवासी मकान नंबर एच ई 196, फेस 5, सेक्टर 59, एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह से बदलकर Gurpreet Singh Sodhi रख लिया है।

एपी-2381

मैं, सुदेश रानी पत्नी राजेश मकान नं 3029 टाइप 14 जेईएफ सेक्टर 24-डी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सुदेश रख लिया है।

मैं, राजेश कुमार पुत्र प्रताप सिंह मकान नं 3029 टाइप 14 जेईएफ सेक्टर 24-डी चंडीगढ़ ने अपना नाम राजेश कुमार से बदलकर राजेश रख लिया है।

एपी-2383

मैं, परमिंदर कौर पत्नी सुरजीत सिंह निवासी दबाली कलां तहसील राजपुरा जिला पटियाला ने अपना नाम परमिंदर कौर से बदलकर परविंदर कौर रख लिया है।

मैं, अनिल कुमार सिंगला उर्फ अनिल सिंगला पुत्र श्री धर्म पाल, निवासी हाउस नंबर 103ए, पिंक होम्स, पीरमुछल्ला, एसएएस नगर मोहाली पंजाब-140603 ने अपना नाम अनिल कुमार सिंगला उर्फ अनिल सिंगला से बदलकर अनिल सिंगला कर लिया है।

मैं, अमरजीत कौर पत्नी श्री मनीष कुमार जिंदल, निवासी मकान नं. 73, वार्ड नं. 4, दिड़बा, जिला संगरूर, पंजाब ने अपना नाम अमरजीत कौर से बदलकर मानसी जिंदल कर लिया है।

एपी-2370

I Rajesh Wadhwa S/o Harish Chander Wadhwa R/o H. No. B-1376, Palam Vihar, Choma(62), Carterpuri, Gurgaon, Haryana-122017, have changed my name to Rajneesh Wadhwa.

एपी-2386

मैं, हितेश पुत्र रोशन लाल निवासी मकान नं 29 , गुरु गोबिंद सिंह नगर , बोली साहिब गुरुद्वारा के पास, ढकोली , जीरकपुर जिला एस ए एस नगर (मोहाली) पंजाब अपना नाम हितेश से बदलकर हितेश बंसल रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

मैं, प्रदीप चहल पुत्र रणधीर सिंह निवासी मकान नं 86 , मॉडल टाउन, जींद रोड, कैथल (हरियाणा) अपने नाबालिग पुत्र का नाम हरदीक से बदलकर हर्दिक चहल रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

एपी-2387

मैं, दलीप चन्द पुत्र फला निवासी कश्मीरपुर गुज्जरां उप तहसील पंजैहरा जिला सोलन हिमाचल प्रदेश बयान करता हूं कि मेरा नाम राजस्व अभिलेख मौजा कश्मीरपुर गुज्जरां व रईया में दलीप कुमार दर्ज है जो कि गलत है दलीप कुमार की बजाए दलीप चन्द किया जाए। यदि किसी को कोई ऐतराज है तो 16/07/2025 से पहले नायब तहसीलदार कार्यालय पंजैहरा में आकर ऐतराज प्रस्तुत कर सकता है।

एपी-2389

## बेदखली सूचना

मैं, कलावत (आ० नo 7379 4486 6687) पुत्र रामस्वरूप निवासी अजमेर बस्ती नजदीक टावर जींद तहसील व जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमन व पुत्रवधु सीमा दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं भविष्य में इन दोनों के साथ कोई भी लेनदेन करता है तो इसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। इसमें मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

एपी-2372

हम, कुलदीप साहनी पुत्र श्री मदन लाल साहनी व ममता साहनी पत्नी कुलदीप साहनी निवासीगण मकान नं.488 आर, माडल टाउन, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत ब्यान करते है कि हमारा पुत्र प्रतीक साहनी व उसकी पत्नी मानवी हमारे कहने सुनने से बाहर है व लड़ाई झगड़ा करते हैं। इसलिए हम उनको अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनसे लेन देन करने वाला या वे कोई गैर कानूनी कार्य करते है तो स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

एपी-2378

मैं, चिमन लाल पुत्र संत राम निवासी गांधी नगर, पिहोवा, कुरुक्षेत्र मेरी पुत्री रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण मैं इसको अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं । भविष्य में इसके द्वारा किये गए लेन देन व अनैतिक कार्य के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगी।

मैं, सुच्चा सिंह पुत्र चिमन लाल निवासी गांधी नगर, पिहोवा, कुरुक्षेत्र मेरी पुत्री मोनिया रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण मैं इसको अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं । भविष्य में इसके द्वारा किये गए लेन देन व अनैतिक कार्य के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगी।

मैं, सतबीर सिंह पुत्र अन्ता गांव भाना , कैथल मेरा पुत्र कृष्ण मेरे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण मैं इसको अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं । भविष्य में इसके द्वारा किये गए लेन देन व अनैतिक कार्य के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगा।

हम अनिल कौशिक पुत्र राज कुमार व कृष्ण रानी पत्नी अनिल कौशिक निवासी 30/ वार्ड 8 पिहोवा कुरुक्षेत्र हमारा पुत्र गौरव शर्मा पुत्रवधू प्रीति व पौत्र दिव्यंश हमारे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण हम इनको अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते है , भविष्य में इनके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होंगे।

एपी-2379

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

मैं, श्याम लाल पुत्र श्री देई चन्द निवासी गांव डिंगर माजरा तहसील घरौंडा जिला करनाल सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र दिनेश कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं। भविष्य में अगर वह किसी के साथ कोई लेन देन, लड़ाई झगड़ा, मुकदमा इत्यादि होता है तो वह उसका खुद जिम्मेदार होगा मैं और मेरा परिवार इसके किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हम राजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र बाल कृष्ण और श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी राजेंद्र कुमार शर्मा दोनों निवासी मकान नंबर 539, फेस 1, बापू धाम कॉलोनी सेक्टर 26, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारा बेटा शील मोहन और उसकी पत्नी निशु हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

मैं, Jagat Singh पुत्र Late Sh. Padam Singh , मकान नं. 131/1, खुड्डा अलीशेर, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा Ajay Singh और उसकी पत्नी Tanya मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

एपी-2381

हम जसवंत सिंह पुत्र श्री रामसिंह व पतासो पत्नी श्री जसवंत सिंह पता - गांव बिठौली , तहसील समालखा , जिला पानीपत ब्यान करते है कि हमारा सगा लड़का राकेश कुमार हमारे व हमारे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम इसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते है। भविष्य में इसके साथ लेन देन व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-2384

मैं, राजेश कुमार पुत्र श्री चन्द भान निवासी मकान नंबर 2583 सेक्टर 52, चंडीगढ़, घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित मेरे नियंत्रण से बाहर है, इसलिए मैं इसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, इससे लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।

एपी-2370

मैं, बलवीर सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी गांव लाम्बा तहसील रतिया जिला फतेहाबाद हल्फिया ब्यान करता हूं कि मेरे पुत्र 1 गुरप्रीत सिंह,2 मनप्रीत सिंह, 3 हरपाल सिंह, 4 बीरबल सिंह व पुत्री गुरजीत कौर , तथा पुत्रवधु अंजू रानी व सुनीता मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इन सभी को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं भविष्य में मैं इनके किसी भी कार्य लेनदेन का जिम्मेवार नहीं होऊंगा।

एपी-2388

मैं, सुरेश कुमार पुत्र श्री शकुराम निवासी गांव गोहिया जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरे पुत्र सचिन व उसकी पत्नी कविता मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं अगर आज के बाद जो कोई भी व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेन देन व व्यवहार रखता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-2370

## खोया-पाया

मैं, हर्ष सिंगला पुत्र श्री रमेश निवासी ग्राम बुध, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूं कि मेरे प्लाट की सेल डीड रजिस्ट्री न. 374 दिनांक 25-06-2020 जोकि दिनांक 15.06.2025 को गुम हो गई है। जिसे मिले, कृपया उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।

एपी-2385

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन देकर अपने व्यापार को लाभान्वित करें


## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी व सेकेंडरी की पूरक परीक्षाएं आज से आरम्भ

प्रदेशभर में स्थापित किए गए 65 परीक्षा केन्द्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमैंट की एक दिवसीय परीक्षा 4 जुलाई को एवं सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट (E.I.O.P.)/अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षाएं 5 जुलाई से आरम्भ होकर 14 जुलाई, 2025 तक संचालित करवाई जाएंगी। इस परीक्षा हेतु प्रदेशभर में कुल 65 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा का समय दोपहर बाद 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक रहेगा।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट की एक दिवसीय परीक्षा 4 जुलाई (शुक्रवार) को संचालित होगी। इस परीक्षा में 16 हजार 842 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे, जिनमें 10,403 छात्र तथा 6,439 छात्राएं शामिल हैं।

उन्होंने आगे बताया कि इसी प्रकार सैकेण्डरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट/अंक सुधार/पूर्ण विषयों की परीक्षाएं 05 जुलाई से 14 जुलाई, 2025 तक संचालित होंगी। इस परीक्षा में 10 हजार 794 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे, जिसमें 6,750 छात्र तथा 4,044 छात्राएं शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के सफल संचालन एवं पवित्रता बनाए रखने के लिए शिक्षा बोर्ड ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पूर्ण समय के लिए निरीक्षण हेतु आब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 27 प्रभावी उडऩदस्तों का गठन भी किया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास परीक्षा के दौरान धारा-163 लागू रहेगी। परीक्षा वाले दिन शिक्षा बोर्ड द्वारा बनाए गए सभी परीक्षा केंद्र भवनों के आसपास 500 मीटर की परिधि तक फोटोस्टेट की दुकानें व कोचिंग सेंटर बंद रहेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि परीक्षार्थी अपना रंगीन प्रवेश-पत्र ए-4 साईज पेपर पर ही प्रिंट करें तथा वही रंगीन फोटो प्रवेश-पत्र पर चिपकायें जो आवेदन फार्म भरते समय अपलोड किया गया था। प्रवेश-पत्र पर चिपकाया गया फोटो अपने सम्बन्धित विद्यालय से सत्यापित भी करवाएं। बिना प्रवेश-पत्र के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि यदि किसी दिव्यांग परीक्षार्थी को लेखक की सुविधा लेनी है तो ऐसे परीक्षार्थी बोर्ड कार्यालय/परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक दस्तावेज जमा करवाते हुए परीक्षा आरम्भ होने से पहले लेखक की अनुमति लेना सुनिश्चित करें। जिन परीक्षार्थियों को लेखक उपलब्ध करवाया गया है, उनके दस्तावेज सम्बन्धित शाखाओं की मेल आई.डी. पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने आगे बताया कि परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र पर दी गए दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए परीक्षा आरम्भ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षा के दौरान इलैक्ट्रोनिक सामान जैसे मोबाईल, कैलकुलेटर, पेजर एवं गैजेट आदि सामग्री का प्रयोग वर्जित है। उन्होंने बताया कि किसी अन्य/दूसरे के स्थान पर परीक्षा में प्रविष्ठ होना/परीक्षा देना एक दण्डनीय अपराध है, यदि इस तरह का कोई परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर पाया जाता है तो उसके विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रवेश-पत्र पर क्यू-आर कोड व विशेष सुरक्षा फिचर लगाए गए हैं। उडऩदस्तें क्यू-आर कोड को स्कैन करके परीक्षार्थी की फोटो व विवरणों की जाँच कर सकते हैं। जिससे फर्जी परीक्षार्थियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा और परीक्षाओं के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सकेगी।

# डॉ. विवेक आहूजा 'श्रेष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक' सम्मान से सम्मानित

आयुर्वेद केवल रोग का उपचार नहीं, अपितु स्वस्थ जीवन जीने की कला है: वैद्य डॉ. विवेक आहूजा

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** मंगलवार को डॉक्टर दिवस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वैद्य डॉ. विवेक आहूजा को 'श्रेष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक' के सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ. विवेक आहूजा गत डेढ़ दशकों से आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशेष पहचान के रखते हैं। वे 'आपकी रसोई ही आपका औषधालय है' जैसे जागरूकता अभियान से स्वास्थ्य और जीवनशैली मे सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं।

इस समारोह मे डॉ. राकेश शर्मा, भूतपूर्व अध्यक्ष, एनसीआईएसएमए डॉ. संजीव गोयल, रजिस्ट्रार, बोर्ड ऑफ आयुर्वेद, पंजाब,ए डॉ. परमिंदर बजाज, फैकल्टी जनरल, एनआईएमए, भारत, डॉ. अनिल नागरथ, जनरल सेक्रेटरी, एनआईएमए, पंजाब, डॉ. आर.पी. गाबा, पैट्रन, एनआईएमए, चंडीगढ़,डॉ. मीनू गांधी, अध्यक्ष, एनआईएमए, चंडीगढ़ ,डॉ. शैलेंद्र भारद्वाज, प्रेस सेक्रेटरी, एनआईएमए, चंडीगढ़ आदि ने शिरकत की।

अर्थ प्रकाश से बात करते हुए डॉ. आहूजा ने कहा कि उनका प्रथम कर्तव्य व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना है। रोगग्रस्त व्यक्ति का मूल कारण समझकर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करना उनका उद्देश्य रहा है। उनका मानना है कि यदि रोग की जड़ को ठीक कर दिया जाए, तो शरीर स्वतः स्वस्थ हो जाता है।

ज्ञात रहे कि डॉ. आहूजा को चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान मिलने से युवा चिकित्सकों को प्रेरणा मिलेगी। डॉ. विवेक आहूजा नीमा चंडीगढ़ के जनरल सेक्रेटरी के अतिरिक्त सेंट्रल नीमा के एक्जीक्यूटिव मेंबर भी हैं। समाजसेवा मे सक्रिय होने के साथ रोटरी क्लब तथा वैद्य महासभा के बतौर एक्जीक्यूटिव सदस्य हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 7वां फल उत्सव आज से शुरू, किसानों संग होगा संवाद

**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** लाडवा स्थित उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र में 7वां फल उत्सव 4 जुलाई से शुरू होगा। उद्घाटन हरियाणा बागवानी विभाग के विशेष एचओडी डॉ. अर्जुन सैनी करेंगे। तीन दिवसीय उत्सव में प्रदेशभर के किसान आम, लीची, आड़ू, अलूचा, नाशपाती, अनार और अमरूद जैसे फलों की खेती, मार्केटिंग व तकनीक पर संवाद करेंगे। उपनिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि पहले दिन किसानों का पंजीकरण सुबह 9 बजे शुरू होगा। दिनभर प्रदर्शनी, संवाद और प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 5 जुलाई को कार्यक्रम में विभाग के महानिदेशक डॉ. रणबीर सिंह शामिल होंगे, जबकि समापन समारोह 6 जुलाई को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की उपस्थिति में होगा।

### ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद सरस्वती मंदिर में की गई पूजा अर्चना

**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल लाडवा में नवनिर्मित सरस्वती मंदिर में पंडित प्रवीन शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रेस सदस्यगण, प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की उपस्तिथि में विशेष पूजा अर्चना कर विद्यालय के सुचारु संचालन, प्रगति तथा सबके सुख शांति के लिए प्रार्थना की । विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने विद्यालय के नए सत्र में किये गए विकास कार्यों की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि विद्यालय के 'मिडिल विंग' में एयर कंडीशनर लगवाए गए ताकि विद्यार्थी अपनी पढाई पर और ध्यान दे सके । उन्होंने बताया कि विद्यालय के होनहार छात्र एलिश सैनी ने नीट यू॰ जी॰ में सफलता प्राप्त कर सरकारी कॉलेज में अपना दाखिला सुनिश्चित किया, जो निश्चित तौर पर न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है । उन्होंने आगे कहा कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक बुनियादी ढाँचे और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूल की स्थापना 1980 में स्वर्गीय ओम प्रकाश गर्ग, तत्कालीन एमएलसी, थानेसर के विधायक और उनकी टीम द्वारा धनौरा के लोगों की मदद से की गई थी। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को सस्ती विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना था। स्कूल के सचिव रविंदर बंसल के अलावा राजन कंसल और प्रिंसिपल नरेंद्र शर्मा ने भी अनुष्ठान में भाग लिया।

### श्री अमरनाथ यात्रा आज से शुरू



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** 3 जुलाई से शुरू हुई श्री अमरनाथ जी की यात्रा को लेकर शिव भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर हाल ही में हुए पहलगाम हमले के बावजूद यात्रा शुरू होते ही काफी ज्यादा संख्या में श्रद्धालु कश्मीर की घाटी के लिए निकलना शुरू हो गए हैं। वहीं जिन लोगों का रजिस्ट्रेशन शुरुआती दिनों का नहीं है वह श्रद्धालु भी जम्मू में पहुंचने शुरू हो गए हैं। यहां पर ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए काफी ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। वहीं, वीरवार को पंचकूला से शिव भक्तों का एक जत्था श्री अमरनाथ जी की यात्रा के लिए रवाना हो गया। इस जत्थे में पंचकूला के साथ-साथ चंडीगढ़ और अंबाला से भी श्रद्धालु शामिल हैं। इस जत्थे में पंचकूला से अश्वनी कुमार, पुनीत गौतम, कपिल शर्मा, संदीप, अनिल ढिल्लो, पुष्पिंदर पोर्या, शमशेर, मनीष, अक्षय, प्रवीण, चंडीगढ़ से वरुण, और नारायणगढ़ से प्रवीण शर्मा, लोकेश सैनी, कमल बस्सी, सुशील शर्मा सहित कई अन्य शिवभक्त शामिल हैं। गढ़शंकर में यह 13वां विशाल भंडारा 30 जून से 'प्रभु इच्छा तक' शुरू कर दिया गया है। आयोजकों ने बताया कि यह भंडारा विशेष रूप से श्री अमरनाथ यात्रियों, श्री हेमकुंड साहिब के तीर्थयात्रियों और अन्य सभी तीर्थयात्रियों के लिए गढ़शंकर क्षेत्र के समस्त शिव भक्तों की ओर से लगाया गया है। यह यात्रा कठिन परिस्थितियों के बावजूद आस्था और भक्ति के मजबूत जज्बे को दर्शाती है।

### छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मागदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने वीरवार को हल्के के गांव नारायणा के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डीएसपी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देशों से छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा इस दौरान छात्रों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिग?ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले कई कारक होते हैं, जैसे दबाव, गलत संगत या जिज्ञासा। जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशे से शरीर का नुकसान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ ब?ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। इस दौरान छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।

## भारतीय राजनीति के राजर्षि भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा सादा जीवन उच्च विचार की साक्षात प्रतिमूर्ति थे : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई।** भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा का सामाजिक दर्शन गांधीवादी मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित था। वे एक समर्पित कर्मयोगी थे, जिन्होंने अपना जीवन सादगी और ईमानदारी से जिया। उनका मानना था कि समाज का विकास तभी संभव है जब हर व्यक्ति नैतिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो। उन्होंने हमेशा गरीबों और मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। यह विचार भारत के पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की 127वीं जयंती की पूर्व संध्या पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा गुलजारी लाल नंदा का सामाजिक दर्शन विषय पर आयोजित सदाचार संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ गुलजारी लाल नंदा के चित्र के समक्ष मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा के जीवन से संबंधित अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा के दिखाये सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने सदाचार संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा गुलजारी लाल नंदा एक राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। इस कारण भारत के स्वाधीनता संग्राम में उनका काफी योगदान रहा। नंदा जी का जीवन आरम्भ से ही राष्ट्र के प्रति समर्पित था।

## सरकारी प्रयासों के बाद अब नशा मुक्त होंगे सभी कावड़ शिविर

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक

**थानेसर, 3 जुलाई।** विश्व हिंदू परिषद व सावन महीने में लगने वाले सभी शिव कावड़ शिविरों की संस्थाओं, सभी समितियां व धार्मिक संस्थाओं की एक बैठक दुख भंजन महादेव मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में सभी संस्थाओं की ओर से आने वाले सावन के महीने में लगने वाले कावड़ों के शिविरो में सनातन धर्म की प्रवृत्ति, सात्विकता व शुद्धता अनुसार लगाने के लिए कुछ सुझाव आए। बैठक में सभी संस्थाओं की ओर से एक सामूहिक निर्णय लिया गया कि सभी संस्थाएं जल्द ही जिला प्रशासन से मिलेगी व जिला प्रशासन से कावड़ शिविरों में आने वाली समस्याओं व हमारे इष्ट देवी- देवताओं के उपहास उठाने वाले चित्रों पैर प्रतिबंध लगाने व हुलड़बाजी वाले गानों में बैन लगाने के लिए सहयोग की अपील की जाएगी। सभी कावड़ शिविरों की ओर से बैठक में जो सुझाव दिए गए उनमें भी सभी कावड़ शिविरों के अंदर सनातन प्रवृत्ति के अनुसार कांवड़ उठाई जाए, रखी जाएं व उनकी अनुपालना की जाए से संबंधित नियमावली व चेतावनी संबंधी बैनर सभी कावड़ शिविरों व पिपली से ज्योतिसर तंक लगाए जाएं व कुछ विधर्मी व आउटसाइडर इन शिविरों में आ जाते हैं माहौल खराब करते हैं प्रशासन इसके लिए सिक्योरिटी का प्रबंध करें, ताकि उनको रोका जा सके। साथ ही धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में यूपी व उत्तराखंड की तर्ज पर खाने-पीने का काम करने संबंधी ढाबों, चाय की दुकानों व होटल को अपना नाम व अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही चिलम व नशे संबंधी चित्रों का शिविरों से पूरी तरह से बैन किया जाए। फुहड़बाजी संबंधी गाने पर भी प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की एक बैठक हर माह की जाए और धर्म नगरी कुरुक्षेत्र को सरकार प्रशासन व सभी धार्मिक संस्थाएं के सहयोग से फूलों से, रंगबिरंगी लड़ियों से दुल्हन की तरह सजाया जाए संबंधी सुझाव आज की बैठक में आए व उनका अनुपालन करने के लिए सभी से अपील की गई ! आज की बैठक में विश्व हिंदू परिषद , शिव शक्ति सेवा मंडल, स्थाणु सेवा मंडल, हर हर महादेव मंडल, जय भारत सेवा मंडल, निस्वार्थ सेवा संघ व नगली वाली कुटिया के प्रतिनिधियों ने आज की बैठक में भाग लिया ! बैठक में अजय गुप्ता (विश्व हिंदू परिषद जिला संयोजक) राकेश मेहता (मठ मंदिर प्रमुख) राजेश अरोड़ा (जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख) रोहतास सैनी( बजरंग दल संयोजक) राजेंद्र सैनी (विश्व हिंदू परिषद सह संयोजक) एम के मोदगिल ( सदस्य कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व शिव शक्ति सेवा मंडल) के अतिरिक्त शशि कपूर, संदीप, कृष्ण, रवि कुमार, तरुण, मनीष कुमार, सूरज वर्मा, भीम सिंह, अनिरूद्ध बिट्टू (नगर पार्षद) बाबूराम शुक्ला, नितिन बठला व अन्य सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम राजेश खोथ ने समाधान शिविर में सुनी जन समस्याएं

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने जन समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में बाबा श्याम तोरण द्वार के निकट पानी निकासी की समस्या को नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस पर एसडीएम राजेश खोथ ने जल निकासी व्यवस्था का मौके पर मुआयना करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए और कहा कि समस्या का स्थायी समाधान प्राथमिकता पर किया जाए।शहर निवासी मंजू रानी ने विधवा पेंशन बनवाने को लेकर शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर एसडीएम ने तुरंत प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई कर पेंशन बनाने के निर्देश दिए।

# भाजपा ने गरीबों को बहकाकर लिए वोट, अब बिजली के रेट बढ़ाकर दिया झटका : अरोड़ा

कांग्रेस विधायक बोले, अब गरीबों को मिलने वाले तेल के रेट 40 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर सरकार ने डाला बोझ

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने बिजली के बढ़े रेट और बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरसों के तेल के दामों में बढ़ोतरी पर भाजपा सरकार को घेरा। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि पहले भाजपा ने गरीबों को बहकाकर उनके वोट हथियाने का काम किया, अब बिजली के रेट बढ़ाकर बड़ा झटका दिया है। अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशोक अरोड़ा ने भाजपा सरकार से सवाल पूछा कि जब सरकार लाइन लोस घटने का दावा कर रही है तो बिजली के रेट घटाने की बजाय बढ़ाए क्यों जा रहे हैं। इससे पहले फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया, अब टैरिफ में बढ़ोतरी की गई है। सरकार बिजली के रेट तीन बार बढ़ा चुकी है। पांच किलोवाट के बिजली के मीटर पर 375 रुपये फिक्स चार्ज लगा दिया है। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने 11 साल में कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। यमुनानगर में एक नई यूनिट का प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया है, जोकि 2030 तक बनने की उम्मीद है। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, पवन चौधरी, रामदिया फतेहपुर, युवा नेता अमरजीत अमीन मौजूद रहे।

अशोक अरोड़ा ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल के रेट में बढ़ोतरी होने पर घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले लोगों के राशन कार्ड बनाए गए, जिसके बाद प्रदेश की कुल आबादी का 75 प्रतिशत को गरीब बना दिया गया था। मगर फिर विधानसभा में सरकार द्वारा लोगों को डराया गया कि जिन्होंने गलत तरीके से बीपीएल राशन कार्ड बनवाए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# समाधान शिविर में नायब तहसीलदार ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 3 जुलाई।** उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों ने विभिन्न मुद्दों से जुड़ी समस्याएं रखीं।

समाधान शिविर में छ्: समस्याएं सामने आई। वार्ड नंबर 3, नारायणगढ़ के निवासी सिंग राम और हरबंश सिंह ने लौटों चुंगी के पास बस क्यू शेल्टर (बस स्टॉप शेड) बनाए जाने की मांग रखी। इस पर नायब तहसीलदार ने नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

गांव बुढा खेड़ा के श्योराम ने साफ-सफाई की समस्या उठाई, वहीं गांव भरेड़ी कलां की सोनिया ने अपने प्लॉट में बनी गली से जुड़ी समस्या रखी। गांव डेहरी के महिन्द्र सिंह ने लाल डोरे के अन्दर की जगह की रजिस्ट्री एवं प्लाट से सम्बंधित तथा हुड्डा सैक्टर 4 निवासी अनुज वालिया ने दुकान के पास चलने वाली डीजल भट्ठी से होने वाली समस्या और प्रदूषण से सम्बंधित अपनी समस्या रखी। गांव छोटी बस्सी के गुरबख्श सिंह, संतोष कुमारी, कृष्ण कुमार आदि ने बड़ा गांव में मुस्तरका कब्जावाली जमीन, की डोल पर तारों की फेंसिंग से सम्बंधित समस्या रखी। शिविर में इसके अलावा भी कुछ अन्य समस्याएं आई जिनमें परिवार पहचान पत्र में त्रुटि ठीक करवाने तथा बीपीएल कार्ड से सम्बंधित थी। नायब तहसीलदार ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## घग्गर में जलस्तर बढ़ते ही प्रशासन को आई कमजोर तट बंधो की याद

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 3 जुलाई।** जुलाई का महीना शुरू होते ही उत्तर भारत में पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश के चलते सभी नदियों का पानी उफान पर होता है और बारिश का पानी घग्गर के जलस्तर को बढ़ाने का कार्य करता है और लगातार पानी खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है जब शंका प्रशासन को बाढ़ की सताने लग जाए तब प्रशासन घग्गर की कमजोर तटबंधों को मजबूत करने के वादे करने लग जाता है। और जिला फतेहाबाद प्रशासन भी बाढ़ बचाव की समीक्षा करने के लिए विभिन्न अधिकारियों के साथ मीटिंगों का दौर शुरू कर देता है धरातल पर प्रशासन यदि ईमानदारी से पहले क्षतिग्रस्त तटबंधों पर कार्य करें तो प्रशासन लोगों को क्षेत्र में घग्गर की बाढ़ से बचाया जा सकता है पर अधिकारी साल में सिर्फ कुछ दिन ही पहले घग्गर की बाढ़ की समीक्षा करते देखे जा सकते हैं बाद में तो घग्गर के तटबंधों को मजबूत करने के लिए कोई भी सुरक्षा बैग तक लगाना उचित नहीं समझते और ने ही लगाते दिखाई देते हैं। घग्गर के बढ़ते जलस्तर पर सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार अपनी निगरानी बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने बाढ़ से बचाव में काम आने वाले उपकरण व सामान की तैयारी करते हुए भी देखे जा सकते हैं अभी चांद पूरा हैड पर पानी का निशान खतरे से नीचे है घग्गर में पानी आने से निकटतम कुछ किसानों के चेहरे पर खुशी भी झलक रही है जिनकी अत्यधिक गर्मी के कारण धान की फसल सूख रही थी अब वह घग्गर का पानी लगाकर सिंचाई का काम कर रहे हैं। अधिकारियों को बाढ़ से बचाव के लिए बारिशों के सीजन से पहले सभी ड्रेनों की सफाई व कमजोर तटबंधों की मजबूती के कार्य करने चाहिए थे और सच्चाई विभाग को बाढ़ में आने वाले सभी उपकरण पंप सेट आदि पहले ही लगाने चाहिए प्रशासन की एक गलती से बाढ़ से लाखों लोगों का जीवन प्रभावित होता है।

# मंत्री महिपाल ढांडा ने सुनी जनसमस्याएं, मौके पर किया समाधान

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 3 जुलाई।** हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री एवं पानीपत ग्रामीण क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री महिपाल ढांडा ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, पानीपत में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं मंत्री महोदय के समक्ष रखीं।

मंत्री महिपाल ढांडा ने लोगों से सीधे संवाद करते हुए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि 'जनसेवा ही हमारा संकल्प है और आपकी सेवा ही हमारी प्राथमिकता। हम जनप्रतिनिधि नहीं, जनता के सेवक हैं।'

हरियाणा को मिला ईमानदार नेतृत्व जनता दरबार के दौरान संवाद करते हुए मंत्री ढांडा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा- हरियाणा को एक ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जिसकी नीयत साफ है, जो जनता के बीच रहकर, जमीन पर उतरकर काम करता है। वे एक जुझारू, कर्मनिष्ठ और ईमानदार नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं, जो प्रदेश को तेज़ गति से विकास की ओर ले जाने के लिए लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से कार्य करते हैं और हर वर्ग, हर क्षेत्र की चिंता करते हैं।

**चंडीगढ़ से लेकर पानीपत तक जनसेवा में तत्पर:** मंत्री ढांडा ने कहा कि वे चाहे पानीपत में हों या चंडीगढ़ में, जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। 'जब भी पानीपत में होता हूँ, जनता दरबार लगाता हूँ और लोगों से सीधा संवाद करता हूँ। और जब चंडीगढ़ में होता हूँ तो न केवल पानीपत ग्रामीण, बल्कि प्रदेश भर से आने वाले कार्यकर्ताओं और नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को तुरंत निर्देश देता हूँ।'

**मौके पर ही मिला राहत का भरोसा:** जनता दरबार में बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आदि से संबंधित सैकड़ों शिकायतें सामने आईं। मंत्री ने कई मामलों में फोन पर ही अधिकारियों से बात कर समाधान शुरू करवाया। लोगों ने भी मंत्री जी की इस संवेदनशील और तत्पर कार्यप्रणाली की सराहना की।

**विश्वास और सहयोग ही हमारी ताकत:** मंत्री ढांडा ने कहा कि 'आपका विश्वास और सहयोग ही मुझे निरंतर प्रेरित करता है। मेरी प्राथमिकता है कि हर व्यक्ति की आवाज सरकार तक पहुंचे और उसका समाधान समय पर हो। जनसेवा को ही मैंने अपना धर्म माना है।'

# हमारी दोस्ती घाना के प्रसिद्ध अनानास से भी ज्यादा मीठी : पीएम मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**अकरा, 3 जुलाई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि मैं घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करके बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है, जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं 1.4 बिलियन भारतीयों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और सद्भावना लेकर आया हूं।

उन्होंने कहा कि जब हम घाना को देखते हैं तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं, जो साहस के साथ खड़ा है- एक ऐसा राष्ट्र, जो सम्मान और शालीनता से हर चुनौती का सामना करता है। समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है। आपका राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना एक बहुत बड़ा सम्मान है और मैं इसे हमेशा संजोकर रखूंगा।

उन्होंने कहा कि भारत को अक्सर लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। हमारे लिए लोकतंत्र केवल शासन की व्यवस्था नहीं है, यह जीवन जीने का एक तरीका है, जो हमारे मौलिक मूल्यों में गहराई से निहित है। हजारों वर्षों से हमने लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखा है। वैशाली के प्राचीन गणराज्य से लेकर दुनिया के सबसे पुराने शास्त्रों में से एक ऋग्वेद के ज्ञान तक, जिसमें कहा गया है, %सभी दिशाओं से अच्छे विचार हमारे पास आएं।% विचारों के प्रति यह खुलापन हमारे लोकतांत्रिक लोकाचार के मूल में है। आज भारत में 2,000 से अधिक राजनीतिक दल, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। यह विविधता कोई चुनौती नहीं है। यह हमारी ताकत है। यही कारण है कि सदियों से भारत आने वाले लोगों का हमेशा खुले दिल से स्वागत किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपकी अनुमति से मैं कह सकता हूं कि हमारी दोस्ती घाना के प्रसिद्ध शुगर लोफ अनानास से भी ज्यादा मीठी है। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ मिलकर हम अपने संबंधों को एक व्यापक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि कितना सुखद संयोग है कि भारत के कई गौरव भरे क्षणों में अफ्रीका जुड़ा हुआ है। जब भारत ने चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड किया तो उस दिन भी मैं अफ्रीका में था और आज जब एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री मानवता के लिए स्पेस स्टेशन में एक्सपेरिमेंट कर रहा है तो भी मैं अफ्रीका में हूं।

उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम पहले से ही वैश्विक विकास में लगभग 16 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम का हब है। हम नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरे हैं और हमें गर्व से दुनिया की फार्मेसी के रूप में पहचाना जाता है। भारतीय महिलाएं विज्ञान, विमानन और खेल में अग्रणी हैं। भारत चांद पर उतर चुका है।

## घाना में दिखी भारत की संस्कृति की झलक, भारतीय पोशाक में नजर आए अफ्रीकी सांसद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का घाना में भव्य स्वागत हुआ। वहीं, अफ्रीकी सांसदों ने भारतीय पोशाक पहनकर सांस्कृतिक एकता और सम्मान व्यक्त किया। पीएम मोदी के ऐतिहासिक भाषण के दौरान घाना की संसद के दो सदस्य भारतीय पोशाक में नजर आए। दोनों सांसदों ने भारत और भारतीय संस्कृति के प्रति अपना लगाव दिखाया। जब घाना की संसद के वर्तमान अध्यक्ष अल्बान सुमाना किंग्सफोर्ड बागबिन प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के समापन पर टिप्पणी कर रहे थे तो उन्होंने देखा कि घाना के दो सांसद भारतीय पोशाक पहने हुए सदन में आए थे। जहां एक सांसद पगड़ी (पारंपरिक भारतीय टोपी) और बंद गले का सूट पहने हुए थे तो वहीं एक अन्य महिला सांसद ने अपनी भारतीय पोशाक दिखाने के लिए खड़े होकर प्रधानमंत्री मोदी समेत संसद के अन्य सदस्यों और नेताओं की खूब तालियां बटोरीं। महिला सांसद साड़ी पहनी हुई थीं। बागबिन ने प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में साथी सांसदों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, 'मैं मानता हूं कि ये सांसद भारत जाने के लिए उत्सुक हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं आपकी यात्रा को मंजूरी दूंगा। मैं भारत और इसकी संस्कृति के प्रति अपने प्यार को दिखाने के लिए सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।' इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय पोशाक पहने घाना के दोनों सांसदों से मुलाकात की और उनसे हाथ मिलाया।

## पीएम मोदी ने घाना के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और स्पीकर को दिए गिफ्ट

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पांच देशों के दौरे की शुरुआत घाना की ऐतिहासिक यात्रा के साथ की। पीएम मोदी ने घाना के राष्ट्रपति, उनकी पत्नी, उपराष्ट्रपति और स्पीकर को खास गिफ्ट भेंट किए। खास बात यह है कि भेंट किए गए गिफ्ट का भारतीय कला-संस्कृति से कनेक्शन है। इतना ही नहीं इन गिफ्ट के जरिए भारत की कला, कारीगरी और विरासत को वहां के लोगों तक पहुंचाने का मैसेज दिया गया है। उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा को फूलदान और उनकी पत्नी को चांदी का पर्स गिफ्ट में दिया। इसके अलावा, पीएम मोदी ने घाना के उपराष्ट्रपति प्रोफेसर नाना जेन ओपोकु-अग्येमांग को कश्मीरी पश्मीना शॉल, स्पीकर को लघु हाथी अंबावरी तोहफे में दिया। पीएम मोदी ने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा को बिदरी कलाकृति से सजाए गए फूलदान दिए। इनका निर्माण कर्नाटक के बीदर के कारीगर करते हैं। यह भारत के प्रसिद्ध धातु शिल्प को दर्शाती है, जो अपनी आकर्षक काली फिनिश और बेहतरीन चांदी की जड़ाई के लिए जानी जाती है। यह सदियों पुरानी तकनीक का उपयोग करके कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित है। फूलदान जिंक-कॉपर मिश्र धातु से बने हैं, इन पर सुंदरता और समृद्धि के प्रतीक पुष्प आकृतियों को उकेरा गया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने राष्ट्रपति की पत्नी लॉर्डिना महामा को चांदी का बना पर्स उपहार में दिया। ओडिशा के कटक का यह खूबसूरत सिल्वर फिलिग्री वर्क पर्स, इस क्षेत्र के प्रसिद्ध तारकासी शिल्प का एक शानदार उदाहरण है। यह 500 वर्षों से अधिक समय से परिष्कृत जटिल सिल्वर फिलिग्री है। जिसे कुशल कारीगरों द्वारा हाथों से तैयार किया गया है। इसमें महीन चांदी के तारों से पुष्प और बेल की आकृति हैं, जो इसे बेहद आकर्षक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाती है।




## नोकरियां यहां देखें

**एसजीपीजीआई एमएस लखनऊ में**
नर्सिंग ऑफिसर, टेक्निकल ऑफिसर व अन्य के
कुल पद : 1479
आवेदन की अंतिम तिथिः 18 जुलाई, 2025
आयु सीमाः न्यूनत्तम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष
अंतिम तिथिः 26 जुलाई, 2025
करें आवेदनः sgpgims.org.in

**राष्ट्रीय जल अभिकरण में**
अधीक्षण अभियंता के
**कुल पदः** 13
आवेदन की अंतिम तिथिः 29 जुलाई, 2025
करे आवेदनः nwda.gov.in

**जेपीएससी में सहायक लोक अभियोजक के**
**कुल पदः 134**
आवेदन की अंतिम तिथिः 21 जुलाई, 2025
पात्रताएंः विधि स्नातक एवं अन्य पात्रताएं
करें आवेदनः jpsc.gov.in

**बिहार राज्य सहकारी बैंक में**
ग्राहक सेवा कार्यकारी के
**कुल पदः 257**
आवेदन की अंतिम तिथिः 10 जुलाई 2025
पात्रताएंः ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित योग्यताएं
करे आवेदनः biharscb.co.in

**एनआईटी जमशेदपुर में**
असिस्टेंट लाइब्रेरियन व अन्य के
**कुल पदः** 33
आदेवन की अंतिम तिथिः 11 जुलाई 2025
योग्यताएंः बीईए, बीटेकए, एलएलबी व अन्य निर्धारित योग्यताएं
करे आवेदनः nitjsr.ac.in

**भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में**
सलाहकार, संयुक्त निदेशक व अन्य के
**कुल पदः** 10
आवेदन अंतिम की तिथिः 22 अगस्त, 2025
करे आवेदनः cci.gov.in

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें

# हरियाणा में पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

## बीजेपी की झंडी लगी इंडेवर गाड़ी में आए थे, 4 पकड़े गए, 3 की तलाश

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**यमुनानगर, 3 जुलाई।** हरियाणा के यमुनानगर में गुरुवार शाम को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। बदमाश बीजेपी का झंडा लगी उत्तराखंड नंबर की इंडेवर गाड़ी में सवार थे। पुलिस की नाकाबंदी देख उन्होंने गाड़ी भगा ली। इसके बाद पुलिस बदमाशों का पीछा करने लगी।

पुलिस के पीछे लगे देख बदमाश गन्ने के खेत में छिप गए। गन्नों के खेतों में पानी भरा है। पुलिस के कर्मचारी भी पेंट और जूते उतार कर हाथों में पिस्टल और यूएके 47 लिए खेतों में उतर गए। इस दौरान दोनों तरफ से फायरिंग हुई।

जिसके बाद पुलिस ने इंडेवर गाड़ी को जब्त कर लिया। उसमें से पुलिस को हथियार भी मिले हैं। वहीं पुलिस सोर्सेज के मुताबिक 4 बदमाश पकड़ लिए गए हैं। 3 अभी भी फरार हैं।

मुठभेड़ के बाद डीएसपी राजेश वहां पहुंचे। फरार बदमाशों को लेकर पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को अलर्ट रहने के लिए बोला है। उन्हें रात में बेवजह बाहर न घूमने को कहा गया है।

**संदिग्धों की सूचना पर की नाकाबंदी:** यमुनानगर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग गाड़ी में घूम रहे हैं। इसलिए पुलिस में यमुनानगर में हरनोल गांव के आसपास नाकाबंदी की थी। इस दौरान बीजेपी का झंडा लगी गाड़ी नाकाबंदी की तरफ आती नजर आई, जिसमे 7 बदमाश सवार थे।

**पुलिस नाका देख गाड़ी मोड़ी, खेतों में छुपे:** जब उन्होंने आगे पुलिस का नाका देखा तो गाड़ी रोक ली। थोड़ी ही देर में उन्होंने गाड़ी मोड़ ली और गांव टोपरा खुर्द की तरफ भाग निकले। पुलिस पीछे पड़ी तो रास्ते में बदमाशों ने इंडेवर गाड़ी रोकी। फिर वह उससे उतरकर पास में ही गन्ने के खेतों में जाकर छिप गए।

**4 बदमाश हिरासत में लिए, 3 फरार:** पुलिस की टीम भी गन्ने के खेत में पहुंच गई। खेत में पानी भरा हुआ था। वहां पुलिस जब बदमाशों के करीब पहुंची तो उन्होंने फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। हालांकि इसमें किसी को गोली लगी या नहीं, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है।

ड्रोन से बदमाशों की तलाश की जा रही- सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4 बदमाशों को हिरासत में ले लिया। मगर, 3 अभी भी छिपे हुए हैं। जिसके लिए पुलिस ने ड्रोन मंगवाया है। वहीं आसपास के इलाकों में भी लोगों की जांच की जा रही है ताकि बदमाशों का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस ने हिरासत में लिए बदमाशों के बारे में खुलासा नहीं किया है।

## आठ जिलों में भट्टों पर पराली बायोमास पेलेट का होगा इस्तेमाल

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए गैर एनसीआर जिलों में स्थित ईट भट्ठों में धान की पराली आधारित बायोमास पेलेट के उपयोग को अनिवार्य कर दिया गया है। 'बायोमास पेलेट' एक प्रकार से ठोस ईंधन हैं। लकड़ी, कृषि अवशेषों और अन्य चीजों को छोटे और बेलनाकार छर्रों का रूप दिया जाता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने इस बाबत आदेश जारी किए हैं। जिसके बाद गुरुवार को प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने सभी जिलों को पत्र जारी किया है। खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज यहां जारी एक जानकारी में बताया कि एनसीआर क्षेत्र के जिलों में बायोमास ईंधन के प्रयोग का नियम पहले से ही लागू है। इसके साथ ही पराली से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए अब हरियाणा के सभी जिलों में स्थित ईट भट्टों पर धान की पराली आधारित बायोमास पेलेट के उपयोग अनिवार्य हो गया है।

# एचएसवीपी में 72 करोड़ घोटाले के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लाए गए 4 आरोपी

आरोपियों से 4 दिनों के पुलिस रिमांड में विजिलेंस बरामद करेगी गबन की रकम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**यह है मामला:** यह मामला वर्ष 2015 में दर्ज किया गया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला के उच्च अधिकारियों की अनुमति के बिना साजिश के तहत विभाग का बैंक खाता पंजाब नैशनल बैंक, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में खोला गया। वर्ष 2015 से वर्ष 2019 तक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला में वारिष्ठ लेखा अधिकारी रहते सुनील बंसल निवासी सेक्टर 17 द्वारा एल.ए.ओ. कार्यालय गुरूग्राम के बैंक खाता से 22 करोड़ रुपए व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला के खाता से 46 करोड़ रुपए कुल करीब 72 करोड़ रुपए सरकारी राशि को पंजाब नैशनल बैंक, मनीमाजरा बैंक खाता में अवैध तौर पर ट्रांसफर किया गया। यह राशि आगे प्राइवेट व्यक्तियों के खातो में ट्रांसफर कर सरकारी राशी का गबन किया। ब्यूरो के मुताबिक सुनील बंसल द्वारा अपनी सेवानिवृत से एक दिन पहले यानी 27 फरवरी 2019 को खाता को बंद करवा दिया गया। जब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जांच में यह घोटाला सामने आया एमटैब इस संबंध में 7 मार्च 2023 को धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी. भारतीय दण्ड संहिता थाना, सेक्टर-7, पंचकूला में दर्ज किया गया। इसके बाद इस मामले को जांच नवम्बर, 2023 में ए.सी.बी. पंचकूला को ट्रांसफर की गई।

**पंचकूला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में हुए 72 करोड़ रुपए के गबन के मामले में विजिलेंस अब आरोपियों से रकम बरामद करेगी। गुरुवार को आरोपी विजय कुमार, मनोज कुमार सिंगला, सुनील गर्ग व मुख्य आरोपी सीनियर लेखा अधिकारी रहे सुनील बंसल को विजिलेंस की टीम प्रोडक्शन वारंट पर अंबाला जेल से पंचकूला लेकर आई। जहां से आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। इन आरोपियों से गबन राशी बारे पूछताछ की जाएगी। ब्यूरो अब इन आरोपियों से तफ्तीश में एचएसवीपी के अधिकारियों और कर्मचारियों समेत पंजाब नेशनल बैंक, मनीमाजरा के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर व अन्य बैंक कर्मियो की भूमिका के बारे जांच करेगी। तीन दिन पहले पंचकूला विजिलेंस ने आरोपी विजय कुमार, मनोज कुमार सिंगला व सुनील कुमार गर्ग निवासी सनसिटी परिक्रमा, सैक्टर-20, को गिरफ्तार किया था। विजिलेंस ने जांच के दौरान पाया था कि मनोज कुमार सिंगला के बैंक खाता में लगभग 7 करोड़, आरोपी सुनील कुमार गर्ग के खाता में करीब 5 करोड़ 88 लाख रुपए, आरोपी विजय कुमार के बैंक खाता में करीब 5 करोड़ रुपए और पंजाब नैशनल बैंक, मनीमाजरा के बैंक से कुल 17 करोड़ 88 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। साथ ही इसके अतिरिक्त तीनों आरोपियो की दो कम्पनियों सर्टेन फ्यूचर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड एंड फेब्यूलस फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड के एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा जीरकपुर में करीब 4 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

# भाजपा हरियाणा के तीन जिलों में खोलेगी कार्यालय : कुरुक्षेत्र, सिरसा व झज्जर कार्यालय का नड्डा करेंगे उद्घाटन

अगले सप्ताह घोषित होगी जिलों की कार्यकारिणी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के तीन जिलों में केंद्रीय कार्यालय खोले जाएंगे। इन कार्यालयों का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा छह जुलाई को दिल्ली से वर्चुअल मोड पर किया जाएगा।

गुरुवार को पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बड़ौली ने कहा कि भाजपा जहां संगठन का विस्तार कर रही है वहीं प्रदेश के सभी जिलों में अपने कार्यालय स्थापित कर रही है। इसी दिशा में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस के अवसर पर छह जुलाई को कुरुक्षेत्र, सिरसा व झज्जर में पार्टी के कार्यालय खोले जाएंगे। यहां जिला स्तर पर जहां कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा वहीं दिल्ली से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा वर्चुअल मोड पर उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

बड़ौली ने कहा कि संगठन में अब बहुत जल्द जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यकारिणी सदस्यों का ऐलान किया जाएगा। जिसके चलते आज पार्टी मुख्यालय में पंचकूला, अंबाला, कुरूक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पानीपत, सोनीपत,गोहाना समेत आठ जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करके कार्यकारिणी में शामिल किए जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूचियां फाइनल की गई हैं। इसके अलावा शुक्रवार को प्रदेश के 18 जिलों के अध्यक्षों को पंचकूला मुख्यालय में बुलाया गया है। बैठकों के बाद प्रदेश भर में जिला पदाधिकारियों का ऐलान कर दिया जाएगा।

# गर्ल जूनियर फुटबाल टीम के ट्रायल में 165 लड़कियों ने दिखाई प्रतिभा

## हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने किया आयोजन, सर्वाधिक जींद से पहुंची 26 खिलाड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के निर्देशन में गर्ल जूनियर फुटबॉल टीम हरियाणा के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल का संचालन तदर्थ समिति द्वारा गठित दस सदस्यीय चयन समिति की देखरेख में हुआ। जिसमें हरियाणा के 18 जिलों से कुल 165 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

एसोसिएशन की तरफ से गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार चयन समिति के सदस्यों में डॉ. राकेश मलिक (निदेशक खेल, पंजाब विश्वविद्यालय), अश्वनी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक), प्रोफेसर (डॉ.) आई.पी. नागी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं पूर्व निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण, एनएसएनआईएस पटियाला), संजय (अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी), पंकज गर्ग (आयोजन सचिव) भूपेन्द्र सिंह (वरिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक), सुनील कुमार (पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी),सुश्री सुमन पुनिया (फुटबॉल प्रशिक्षिका), सुदर्शन सिंह (वरिष्ठ प्रशिक्षक), सुरेखा शामिल हैं।

ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह मीनू बेनीवाल के अनुसार ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाड़ियों में सर्वाधिक 26 खिलाड़ी जींद जिले से पहुंची। इसके बाद भिवानी से 20, हिसार से 19, कुरुक्षेत्र से 13, झज्जर से 12, कैथल और रोहतक से 11-11, यमुनानगर से 9, अंबाला से 7, पंचकूला और चरखी दादरी से 6-6, गुरुग्राम व पानीपत से 5-5, रेवाड़ी, फतेहाबाद और करनाल से 4-4, फरीदाबाद से 2 तथा सोनीपत से 1 खिलाड़ी ने भाग लिया।

प्रारम्भिक चरण के बाद कुछ खिलाड़ियों को अंतिम टीम चयन के लिए दूसरे राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। अंतिम चरण के आयोजन का कार्यक्रम जल्द घोषित किया जाएगा।

मुख्य चयनकर्ता डॉ.राकेश मलिक (निदेशक खेल, पंजाब विश्वविद्यालय) ने कहा कि हरियाणा की बालिकाओं में खेल के प्रति समर्पण से भविष्य में प्रदेश और देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिला सकता है।

यह आयोजन राज्य में महिला फुटबॉल के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर मिला है।

**शिवालिक कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (प्रथम) सोसायटी लिमिटेड**
**पंजीकृत संख्या 615 दिनांक 9.5.2003 सेक्टर 49 ए, चंडीगढ़।**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों / नामिती / वसीयत धारक ने वित्त विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सोसायटी की प्रबंध समिति के समक्ष मृत्यु मामले के कारण शेयर / फ्लैट के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है :-

| मूल आवंटी/ हस्तांतरक का नाम | आवेदक / हस्तांतरी का नाम | फ्लैट संख्या | श्रेणी | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1) स्वर्गीय श्रीमती उषा रानी पत्नी श्री तरसेम लाल | श्री तरसेम लाल पुत्र श्री दलीप चंद | 889 | बी, द्वितीय तल | नामांकन / वसीयत के आधार पर |
| 2) स्वर्गीय श्री दर्शन कुमार जिंदल पुत्र श्री बलौर चंद जिंदल | श्रीमती रक्षा देवी पत्नी श्री दर्शन कुमार जिंदल | 849 | ए, प्रथम तल | नामांकन के आधार पर |

यदि किसी को सोसायटी के उपरोक्त फ्लैटों में आवेदक के पक्ष में शीर्षक, अधिकार या हित के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, ऐसा न करने पर उपरोक्त फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बाद में किसी भी तरह से कोई और दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अध्यक्ष)

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61255977 | कैसनब-22 एच.एस कास्ट स्टील बोगी | 40 नग | 31 जुलाई 2025 |
| 2 | 61255978 | कास्ट स्टील बोगी फॉर बी.एल.सी.ए & बी.एल.सी.बी. | 20 नग | 31 जुलाई 2025 |
| 3 | 61255979 | फ्रिक्शन वैज | 4296 नग | 31 जुलाई 2025 |

निविदा शर्तें - 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस संख्या:- 61255977, 61255978, 61255979 2006/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 20/ईटी/2025-26 दिनांकः 28.06.2025**

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03255002 | सप्लाई इन्सटालेशन कमीशिनिंग एण्ड मेन्टेनेस ऑफ आटोमेटिक फायर डिटेक्शन सीयूएम आटोमेटिक फायर सप्रेशन सिस्टम | 6सेट | 29.07.2025 |
| | | सप्लाई इन्सटालेशन कमीशिनिंग एण्ड मेन्टेनेस ऑफ आटोमेटिक फायर डिटेक्शन सीयूएम आटोमेटिक फायर सप्रेशन सिस्टम | 9सेट | |
| 02 | 04251140 | सिमलेश स्टेन्लेस स्टील पाईप साईज 25 एमएम (1") एनबी x 3800 एमएम, | 6634 नग | 18.07.2025 |
| 03 | 05251088 | फीडर जंक्शन बॉक्स फॉर एलएचबी टाईप जेनरेटर कार | 155सेट | 04.08.2025 |
| 04 | 13251175 | एचईएक्स हेड स्क्रू एम 10x45 स्टेन्लेस स्टील | 147868 नग | 24.07.2025 |
| | | एचईएक्स हेड स्क्रू एम 10x30 स्टेन्लेस स्टील | 16301 नग | |
| | | एचईएक्स हेड स्क्रू एम 10x35 स्टेन्लेस स्टील | 714833 नग | |
| | | एचईएक्स हेड स्क्रू एम 10x40 स्टेन्लेस स्टील | 2247 नग | |
| | | एचईएक्स हेड स्क्रू एम 10x60 स्टेन्लेस स्टील | 65608 नग | |
| | | एचईएक्स हेड स्क्रू एम 10x65 स्टेन्लेस स्टील | 13368 नग | |
| 05 | 01251098 | फैरिटिक स्टील सीट 2.5x1250 एमएमx4000 एमएम | 250000 किग्रा | 28.07.2025 |
| | | फैरिटिक स्टील सीट साइज 2x1250 एमएमx2100 एमएम | 350000 किग्रा | |
| | | फैरिटिक स्टील सीट 2x1250x2100 एमएम | 1050000 किग्रा | |
| | | फैरिटिक स्टील सीट साइज 3x1250x4000 एमएम | 250000 किग्रा | |
| | | फैरिटिक स्टील सीट 4x1250x4000 एमएम | 375000.007 किग्रा | |
| 06 | 03251386 | वाटर टैंक (450 एलटीआर) कम्पलीट विदाउट अपर फेम फॉर एलएचबी पावर कार | 169 नग | 22.07.2025 |
| 07 | 11241224 ए | एन्टीग्रेटेड डब्लूटीसीसी फॉर अन्तोदय/दीनदायलु कोचेज | 3109 नग | 22.07.2025 |
| 08 | 11251081 | अंडर फ्रेम कम्पलीट फॉर 3 पीएच/मेमू/टीसी 6 कोचेज | 99 नग | 29.07.2025 |
| 09 | 05251141 | इमरजेंसी लाईटिंग सिस्टम फॉर ईओजी टाईप एलएचबी कोचेज | 2778 नग | 29.07.2025 |
| 10 | 05251105 | कैपेसिटर बैंक फॉर एलएचबी ईओजी/एचओजी टाईप कोचेज | 447 नग | 02.09.2025 |
| | | कैपेसिटर बैंक फॉर एलएचबी ईओजी/एचओजी टाईप पावर कार | 141 नग | |
| 11 | 05251098 | लईडी लाईट फिटिंग फॉर डोरवे/गंगवे एरिय फॉर एलएचबी टाईप एसी कोचेज | 4904 नग | 19.08.2025 |
| 12 | 05251122 | स्मोकिंग/डिटेक्टर यूनिट फॉर एलएचबी ईओजी कोचेज | 211 सेट | 31.07.2025 |
| 13 | 03251423 | डिजाईन, सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशिनिंग एंड मेन्टीनेंस ऑफ स्टैंड ऐलॉन (क्लॉज नं. 2.2 ऑफ स्पेसिफिकेशन) स्पाईरेशन टाईप आटोमैटिक स्मोक/फायर डेटेक्शन विद अलार्म सिस्टम फॉर एसी कोचेज | 514सेट | 05.08.2025 |
| 14 | 05251108 | सेट ऑफ केज क्लैम्प टर्मिनल फॉर कम्फर्टमेंट फॉर हाईब्रिड नॉन एसी कोचेज | 32212 नग | 02.09.2025 |
| | | सेट ऑफ केज क्लैम्प टर्मिनलस फॉर डोरवे फॉर हाईब्रिड नॉन एसी कोचेज | 8616 नग | |
| 15 | 05251065 | 4.5 केवी अंडरस्लग टाइप कान्स्टन्ट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इर्मेलजेन्सी बैट्री चार्जर फॉर एलएचबी कोचेज | 771सेट | 06.08.2025 |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 11/ईटी/2025-26 दिनांक 29.05.2025 | टेंडर नं. 05251053 | निविदा खुलने की तिथि 27/06/2025 स्थान पर तिथि 17/07/2025 पढ़ें |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in (Dy.CMM/M&P)

**ई-निविदा सूचना सं० 16/2025-26 (खुली)/उमुई।।/एमसीएफ/आरबीएल**

उप मुख्य इंजीनियर-।।/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं: 1-कार्य का नाम :** एमसीएफ/आरबीएल के टाउनशिप के ओआरएच और जी. एम. बंगला एवं टाईप VI आवास और आस पास के सिविल इंजीनीयरिंग परिसंपत्तियों कार्य क्षेत्र का 01 वर्ष के रखरखाव का कार्य। **निविदा सं० :** 20/2024-25-RT, **अनुमानित लागत ₹ :** ₹ 2,45,02,806.31, **निविदा खुलने की तिथि :** 21.07.2025 , **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह, निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल /संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉग आन करें।

उप मुख्य इंजीनियर-।। , आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बाढ़ के मद्देनजर अतिसंवेदनशील तटबंधों की निगरानी, 'श्रमिक' तैनात

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना।** बिहार में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। विभाग का दावा है कि विभिन्न नदियों पर अवस्थित अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर बाढ़ से पूर्व कटाव निरोधक कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं।

बाढ़ अवधि के दौरान खतरनाक, अतिसंवेदनशील और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण भी कर लिया गया है।

राज्य के विभिन्न जिलों में चिन्हित किए गए अतिसंवेदनशील और संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी के इंतजाम किए गए हैं। बाढ़ से बचाव के लिए राज्य की विभिन्न नदियों में कटाव निरोधक कार्य पूरे हो चुके हैं। इनमें गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, बूढ़ी गंडक, कमला बलान और महानंदा नदी बेसिन शामिल हैं।

विभाग के मुताबिक, खतरनाक और अतिसंवेदनशील स्थलों पर तटबंध एम्बुलेंस की तैनाती की गई है, जिसमें एक ट्रैक्टर पर पोर्टेबल जेनरेटर, हैलोजन लाइट, ईसी बैग, नायलन क्रेट, खाली जिओ बैग एवं फिल्टर मटेरियल के साथ कम से कम दस मजदूरों को तैनात किया गया है।

बाढ़ संभावित इलाके के 3,808 किलोमीटर तटबंध की निगरानी के लिए प्रत्येक एक किलोमीटर पर एक तटबंध श्रमिक की तैनाती की गई है। तटबंधों पर निगरानी एवं चौकसी के लिए पदाधिकारियों एवं श्रमिकों के अस्थायी आवासन, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है।

बाढ़ के दौरान खतरनाक तटबंधों की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय अभियंताओं को परामर्श देने के लिए अनुभवी और सेवानिवृत्त अभियंताओं की अध्यक्षता में कुल 11 बाढ़ सुरक्षा बलों का भी गठन किया गया है।

विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, पड़ोसी देश नेपाल में स्थित कोसी बराज एवं तटबंधों पर बाढ़ सुरक्षा के कार्य कराए जा चुके हैं। नेपाल के जल एवं मौसम विभाग से नेपाल-उत्तर बिहार के विभिन्न नदी बेसिन में होने वाले वास्तविक वर्षापात और वर्षा के पूर्वानुमान की सूचना प्राप्त की जा रही है।

बिहार के जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी कहते हैं, 'बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी का कोई और विकल्प नहीं है। ऐसा कोई भी तटबंध का हिस्सा नहीं छूटा है, जहां वरिष्ठ अधिकारी का निरीक्षण नहीं हुआ हो। साथ ही सभी स्थलों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित की गई है। तटबंधों के आसपास स्थित जर्जर पुल एवं पुलियों की भी रिपोर्ट तैयार की गई है।'

अरविंद केजरीवाल का ऐलान

## बिहार में चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी, किसी से नहीं होगा गठबंधन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



गांधीनगर। बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी की एंट्री होने वाली है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसका ऐलान किया है। केजरीवाल ने यह भी घोषणा की है कि राज्य में आम आदमी पार्टी बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन से अलग होने का भी ऐलान किया है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। बिहार में चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा, ÷आम आदमी पार्टी इस बार बिहार में चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, %इंडिया अलायंस सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारी तरफ से कोई गठबंधन नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर भी जवाब दिया और कहा, हमारा कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। अगर कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन होता तो वो लोग विसावदर (गुजरात की विधानसभा क्षेत्र) में क्यों चुनाव लड़े? वो विसावदर में हमें चुनाव हराने के लिए आए थे। बीजेपी ने विसावदर में कांग्रेस को हमें हराने के लिए भेजा था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में इस बार चुनाव जीतने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम गुजरात में चुनाव लड़ेंगे, चुनाव जीतेंगे और सरकार भी बनाएंगे। केजरीवाल ने कहा, गुजरात में बदलाव का भरोसा अब हर गुजराती के दिल की आवाज बन चुका है। अब गुजरात जुड़ेगा, अब गुजरात बदलेगा। आप' संयोजक ने पंजाब में भी दोबारा चुनाव जीतकर सरकार बनाने का दावा किया है। अरविंद केजरीवाल के ऐलान पर आम आदमी पार्टी की बिहार इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, कार्यकर्ताओं, तैयार हो जाओ! बिहार में भी आप चुनाव लड़ेगी। बिहार के आप कार्यकर्ता और जनता केजरीवाल के ऐलान का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उनके ऐलान से बिहार में भारी जोश और उत्साह का संचार हो गया है।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी: प्रदीप कुमार सिंह

पटना। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आगामी बिहार चुनाव अकेले लड़ने के ऐलान पर भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए सरकार बनने का दावा किया। प्रदीप कुमार सिंह ने गुरुवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, अरविंद केजरीवाल और लालू यादव में क्या फर्क है? लोकतंत्र में चुनाव लड़ना सभी का अधिकार है। वे लड़ते रहें चुनाव, लेकिन मैं इतना कह देता हूं बिहार में एनडीए की सरकार है, साथ ही देश में भी हमारी सरकार है। बिहार और देश दोनों विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बिहार में फिर से एक बार नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

## राज्य के हर वर्ग के लिए काम कर रही है सरकार, 5 साल में 10 लाख रोजगार व तेज़ विकास का लक्ष्य: मुख्यमंत्री शर्मा



अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा उनके इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला, किसान, युवा व मजदूर इन चार जातियों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है, जिससे विकास का उजियारा हर वर्ग तक पहुंचे। श्री शर्मा गुरूवार को सवाई माधोपुर में बालेर (खंडार) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां का रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान जहां बाघों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है, वहीं रणथंभौर का किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। सवाई माधोपुर के अमरूदों की अपनी विशेष पहचान है।

श्री शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इन शिविरों से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, नर्सरियों से पौधों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण, मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा एनएफएसए सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में इन शिविरों के माध्यम से अब तक सीमा ज्ञान के 410, रास्तों के 228, आपसी सहमति से बंटवारे के 161 प्रकरणों का निस्तारण कर स्वामित्व के 689 कार्ड वितरित, 33 हजार 414 पौधों के वितरण सहित विभिन्न जनहित के कार्य किए गए।

# सीएम रेखा गुप्ता ने पिछली सरकारों पर पर्यावरण की अनदेखी का लगाया आरोप

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



नई दिल्ली। दिल्ली में वन महोत्सव 2025 के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का दूसरा चरण शुरू हो गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन दिल्ली के पर्यावरण के लिए एक नया अध्याय जोड़ रहा है। पिछली सरकारों ने इन कार्यक्रमों में कभी हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कभी दिल्ली के पर्यावरण की चिंता नहीं की और न ही पौधारोपण पर ध्यान दिया।

सीएम गुप्ता ने कहा कि मुझे खुशी है कि दिल्ली सरकार 2025 का वन महोत्सव कार्यक्रम चला रही है। इसमें दिल्ली के हर एक निवासी की जिम्मेदारी सुनिश्चित करेंगे। हर एक व्यक्ति समाज को दिशा देता है, उसकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, और हर एक व्यक्ति पेड़ लगाए। गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पेड़ न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम दिल्ली को हरा-भरा बनाएं।'

उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी इस अवसर पर दिल्ली सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव 2025 दिल्ली के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। दिल्ली वन महोत्सव 2025 दिल्ली के लिए एक नया मील का पत्थर है। जब पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' से अभियान शुरू किया था, तब दिल्ली के तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसे अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि इस अभियान को पीएम मोदी ने शुरू किया था। इससे दिल्ली को बहुत नुकसान हुआ। इसकी भरपाई दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता कर रही हैं। दिल्ली का विकास तभी होगा, जब दिल्ली हरी-भरी होगी। जब दिल्ली के लोग स्वच्छ हवा में सांस ले सकेंगे। आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। इस दिन से दिल्ली में 70 लाख पेड़ लगाने की शुरुआत हो रही है। इसमें दिल्ली का हर व्यक्ति हिस्सा लेगा। उन्होंने कहा कि 200 और 300 साल पुराने पेड़ों की प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया। यह पहल दिल्लीवासियों को प्रकृति और पेड़ों से जोड़ेगी। दिल्ली सरकार ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों को शामिल करने की योजना बनाई है। यह कदम दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## लाडी बाठ का नया ट्रैक 'चांदी दियाँ झांझरा' हुआ लॉच



अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। 'वन पेग मोर' और 'जान' जैसे गीतों से धूम मचाने वाले गायक लाडी बाठ अब नया ट्रैक 'चांदी दियाँ झांझरा' गाकर श्रोताओं को एक फिर से रोमांचित करेंगे। नया ट्रैक आज शुक्रवार को रिलीज होगा।

अर्थ प्रकाश से बात करते हुए लाडी बाठ ने बताया कि पिछले दो दशको से पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े हुए है। उन्होने 'वन पेग मोर' और 'जान' जैसे गीत गाकर गीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया है। कुछ अर्से के बाद अब अपने नए गाने 'चांदी दियाँ झांझरा' से संगीत प्रेमियों को रोमांचित करेगें।

उन्होने बताया कि इस रोमांटिक गीत का म्यूजिक दोपेपेज और राहुल गिल ने कलमबध किया है। वीडियो डायरेक्टर फिलिप, कोरियोग्राफर राजिंदर आर जे, कैमरामैन शैली धीमान, एडिटर मोंटी है, जबकि गीत की प्रोमोशन गोल्ड माइन्स कर रहे हैं। ज्ञात रहे कि गीत का वीडियो पंजाब की चुनिंदा लोकेशन पर किया गया है और अमृता अम्में मॉडल के रूप मे दिखाई देंगी। 'चांदी दियाँ झांझरा' की रोमांटिक बीट संगीत प्रेमियों व युवाओं के लबों पर सुनने को मिलेगी।

## डेराबस्सी सब्जी मंडी के बाहर 36 से अधिक वाहनों के चालान



अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी। डेराबस्सी सब्जी मंडी के बाहर अवैध तरीके से खड़े तीन दर्जन से अधिक वाहनों के ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान किए गए हैं। ये वाहन सड़क किनारे खड़े होकर ट्रैफिक में बड़ा अवरोध पैदा कर रहे थे, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चला रखा है। इसी के तहत आज सब्जी मंडी के बाहर ट्रैफिक इंचार्ज जसपाल सिंह ने निरीक्षण किया तो पाया कि बड़ी संख्या में वाहन गलत तरीके से पार्क किए गए थे। इन वाहनों में कारें, मोटरसाइकिल और कुछ छोटे व्यावसायिक वाहन भी शामिल थे।

ट्रैफिक इंचार्ज जसपाल सिंह ने बताया कि वाहन चालकों को बार-बार अपील करने के बावजूद वे नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसी कारण सब्जी मंडी के बाहर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे आवाजाही प्रभावित होती थी और हादसों का खतरा भी बढ़ जाता था। आज की कार्रवाई के दौरान 36 से अधिक वाहनों के चालान काटे गए। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेंगी, ताकि शहर में ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और आम लोगों को सुगम यातायात मिल सके। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और अपने वाहन सही जगह पर ही पार्क करें। इस मौके पर हवलदार सुरिंदर सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला

## जेपीएनआईसी परियोजना अब एलडीए के हाथों में, सोसाइटी भंग

अर्थ प्रकाश/ विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंप दिया है। यह कदम सपा सरकार के कार्यकाल में कथित भ्रष्टाचार से घिरी इस परियोजना को पूरा करने और इसे जनता के हित में उपयोग करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। परियोजना के संचालन के लिए गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

एलडीए संभालेगा

जेपीएनआईसी का जिम्मा योगी सरकार ने जेपीएनआईसी परियोजना को पूरा करने, इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी पूरी तरह से एलडीए को सौंपी है। कैबिनेट ने जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए परियोजना को यथास्थिति एलडीए को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। अब एलडीए न केवल इस केंद्र का संचालन करेगा, बल्कि इसके रखरखाव और पूर्ण करने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाएगा। एलडीए को परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने, प्रक्रिया और शर्तें तय करने, सोसाइटी की सदस्यता समाप्त करने और अन्य संबंधित कार्यों के लिए भी पूर्ण रूप से अधिकृत किया गया है। यह निर्णय परियोजना को अधिक पारदर्शी और कुशल तरीके से जनता के हित में संचालित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

कैबिनेट ने यह भी तय किया है कि जेपीएनआईसी परियोजना के लिए शासन द्वारा अब तक अवमुक्त किए गए 821.74 करोड़ को एलडीए के पक्ष में स्थानांतरित ऋण माना जाएगा। एलडीए को इस राशि को अगले 30 वर्षों में चुकाना होगा। यह व्यवस्था परियोजना के संचालन और रखरखाव के वित्तीय बोझ को व्यवस्थित तरीके से प्रबंधित करने में मदद करेगी।

### निजी सहभागिता से आत्मनिर्भर संचालन

एलडीए को परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत, रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरईएफ) और लीज या रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से निजी एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। यह न केवल परियोजना के बचे हुए कार्यों को पूरा करेगा, बल्कि इसका रखरखाव और संचालन भी बिना अतिरिक्त सरकारी खर्च के सुनिश्चित होगा। यह मॉडल परियोजना को आत्मनिर्भर बनाने और जनता के लिए उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योगी सरकार का यह फैसला जेपीएनआईसी को जनता के लिए खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछले आठ वर्षों से बंद पड़े इस केंद्र को अब एलडीए के नेतृत्व में पुनर्जीवित किया जाएगा। यह केंद्र न केवल लखनऊ, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, खेल और सम्मेलन केंद्र के रूप में उभरेगा। यह सरकार का एक सकारात्मक प्रयास है जो सपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार से दागी इस परियोजना को नया जीवन देगा।

जेपीएनआईसी एक आधुनिक और विश्वस्तरीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें एक राज्य स्तरीय ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कोर्ट की सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त, 750 चार पहिया वाहनों के लिए एक मल्टी-लेवल पार्किंग की व्यवस्था भी होगी। ये सभी सुविधाएं आम जनता के लिए खुली रहेंगी, जिससे लखनऊ के नागरिकों को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र का लाभ मिल सके। इसका संचालन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर किया जाएगा।

जेपीएनआईसी परियोजना, जिसे सपा सरकार ने 2013 में शुरू किया था, अपनी स्थापना से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रही है। 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद परियोजना में अनियमितताओं की जांच शुरू हुई, जिसके चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया था। कैग की रिपोर्ट में बिना टेंडर के काम कराने और लागत में अनावश्यक वृद्धि जैसे गंभीर आरोप सामने आए थे। 860 करोड़ से अधिक खर्च होने के बावजूद यह परियोजना अधूरी रही, जिसे अब योगी सरकार एलडीए के माध्यम से पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

## आमि डाकिनी' में मीरा के किरदार के लिए अपने जीवन से प्रेरणा लेती हैंराची शर्मा

**चंडीगढ़।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का शो 'आमि डाकिनी' दर्शकों को गहराई सेभरी भावनाओं और परतदार कहानी की दुनिया में लगातार खींच रहा है। कोलकाता की पृष्ठभूमि पर रचे इस धारावाहिक में हर किरदार अपने भीतरप्यार, क्षति और अनकहे सच का बोझ लिए हुए है–जहां हुस्न भी है, मौतभी। इसी कहानी के केंद्र में हैं मीरा घोष, जिनका किरदार निभा रही हैं प्रतिभाशाली अभिनेत्री राची शर्मा। मीरा सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि अपनेपरिवार की भावनात्मक रीढ़ हैं–एक ऐसी महिला जो कर्तव्य और प्रेम केबीच संतुलन साधे हुए है।

राची शर्मा बताती हैं कि वह मीरा के सफर से कितनी गहराई से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने हा, मीरा घोष बहुत बहादुर है, लेकिन उतनी ही भावुक भी। बहुत कम उम्र से ही वह अपने परिवार की ताकत बन गई, खासकर तब से जब उन्होंने बचपन में ही अपनी माँ को खो दिया। यही वजह है कि उनकी छोटी बहन उन्हेंप्यार से 'मीरा माँ' कहती है, क्योंकि मीरा ने माँ की भूमिका निभाई औरअपनी बहन की परवरिश की। वह अपनी बहन की रक्षा के लिए हमेशा तैयाररहती है और उसमें एक अटूट 'कभी हार न मानने' वाला जज़्बा है–यह बातमुझसे बहुत मेल खाती है। मेरे पास एक छोटा भाई है, और मीरा की एकछोटी बहन। भाई-बहन का यह रिश्ता मेरे दिल के बहुत करीब है।

मीरा के किरदार के माध्यम से राची शो में एक मज़बूत और सच्चीभावनात्मक गहराई लेकर आती हैं, जो कहानी को एक सजीव और आत्मीयआधार देती है। जब शो हुस्न और परिणाम के बीच की महीन रेखा को छूताहै, तब राची की परफॉर्मेंस उन सभी के दिल को छू जाती है जिन्होंने अपनों केलिए लड़ना सीखा है।

मुख्यमंत्री साय ने की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा

## बस्तर से सरगुजा तक डिजिटल क्रांति का विस्तार, 5000 मोबाइल टावर का लक्ष्य तय

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत 2047 के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सहज, सरल, त्वरित और पारदर्शिता के साथ सुचारू शासन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में राज्य में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5,000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा। इसके साथ ही टीयर-थ्री के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर को अपग्रेड करने की भी बात कही गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं–अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियद नेल्लानार एवं सैचुरेशन डैशबोर्ड, भारतनेट फेस-2, छत्तीसगढ़ स्टेट डाटा सेंटर, आधार एनरोलमेंट इन-हाउस मॉडल, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0, सीजी स्वान, ई-प्रोक्योरमेंट तथा कैपेसिटी बिल्डिंग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

इस दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने विगत सवा साल में विभाग द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्षों से लंबित डाटा सेंटर के अपग्रेडेशन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई, खनिज 2.0 पोर्टल का गो लाइव किया गया, वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू हुए। इसके साथ ही भारतनेट फेज-2 परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया एवं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल डैशबोर्ड का निर्माण कर 19 विभागों की 100 योजनाओं के इसमें प्रदर्शित किए गए हैं।

## गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं विकास के लिए मानकीकरण अत्यंत आवश्यक: सीएम धामी

मुख्यमंत्री से भेंट कर बीआईएस प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड में मानकीकरण से जुड़ी प्रमुख पहलुओं पर की चर्चा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देहरादून शाखा के निदेशक एवं प्रमुख श्री सौरभ तिवारी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में शिक्षा क्षेत्र, उद्योग जगत एवं उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित थे।

मुख्यमंत्री श्री धामी से भारतीय मानक ब्यूरो के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में मानकीकरण से संबंधित विविध पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि सरकारी खरीद प्रक्रिया में भारतीय मानकों का अनिवार्य समावेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण में ढ्रस आधारित विनियमों ( एसपी 73-2023) को अपनाने तथा विभिन्न सरकारी विभागों में प्रबंधन प्रणाली मानकों (जैसे आईएस 15700, आईएसओ 9001, आईएसओ 21001) के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने प्रतिनिधित्व मंडल को उत्तराखंड में मानकीकरण को सुदृढ़ आधार प्रदान करने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं विकास के लिए मानकीकरण अत्यंत आवश्यक है तथा यह पहल 'विकसित उत्तराखंड' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

बैठक में अपर सचिव मा मुख्यमंत्री श्री बंशीधर तिवारी, भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारी मौजूद रहे।

# भगवान शिव और मां पार्वती के संवाद की साक्षी है अमरनाथ गुफा

अमरनाथ यात्रा का नाम सुनते ही हमारे मन में बर्फ के बीच स्थित भगवान शिव की पवित्र गुफा उभर आती है। वहीं इस यात्रा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। कहा जाता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से इस यात्रा पर जाते हैं, उनकी हर मुराद पूरी होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। अमरनाथ यात्रा की यह गुफा जम्मू-कश्मीर के हिमालय में करीब 12,756 फीट की ऊंचाई पर मौजूद हैं।

बता दें कि हर साल सावन के महीने भगवान शिव के स्वयंभू हिमलिंग के दर्शन होते हैं। भक्त कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करके इस पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने जीवन को धन्य मानते हैं। बताया जाता है कि भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। तब यही गुफा भगवान शिव और मां पार्वती की संवाद की साक्षी बनी थी। इसलिए इस स्थान को अमरनाथ कहा जाता है।



भगवान शिव में आस्था रखने वाले लोग जीवन में एक बार इस यात्रा को जरूर करना चाहते हैं, जिससे उनके पाप मिट जाएं और मोक्ष मिल सके।

अमरनाथ गुफा की खोज को लेकर कई मत हैं। इतिहास के मुताबिक 1850 में बूटा मलिक नामक गड़रिए ने इस गुफा की खोज की थी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जब कश्मीर घाटी पानी में डूब गई थी और झील बन गई थी। तब ऋषि कश्यप ने प्राणियों की रक्षा के लिए इस जल को कई नदियों और छोटे-छोटे जल स्त्रोतों से आगे प्रवाहित करने का काम किया। इस दौरान ऋषि भृगु हिमालय यात्रा पर थे, इस दौरान उनको अमरनाथ गुफा और शिवलिंग दिखाई दिया। तब से ही अमरनाथ में भगवान शिव की पूजा की जाने लगी।

**महत्व:** धार्मिक पुराणों के मुताबिक अमरनाथ गुफा वह जगह है, जहां भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरकथा सुनाई थी। अमर कथा सुनने के बाद भी जो जीव जीवित रह जाता है, वह अमर हो जाता है। इसलिए भगवान शिव ने यहां आकर सब कुछ त्याग दिया था और फिर मां पार्वती को कथा सुनाई थी। बताया जाता है कि भगवान शिव ने अपना वाहन नंदी, नागों और गणों को भी दूर भेज दिया। जिससे कोई इस रहस्य को सुन न सके। लेकिन इस दौरान कबूतर के एक जोड़े ने इस कथा को सुन लिया और तभी से माना जाता है कि वह आज भी अमर हैं। इस कथा के कारण इस गुफा को अमरनाथ गुफा कहा जाता है।

**अमरनाथ यात्रा की इतिहास:** बता दें कि इस साल अमरनाथ यात्रा की शुरुआत 03 जुलाई से हो रही है और यह 31 अगस्त तक चलेगी। वहीं देशभर से हजारों की संख्या में भक्त इस पवित्र यात्रा में शामिल होते हैं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिससे कि यात्रा निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

# शक्ति को बढ़ाने की बजाय हम सहारों को बढ़ाने में हैं लगे: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। आजकल लोग अपनी ताकत बढ़ाने की बजाय, दूसरों से मदद लेने या सहारा ढूंढने में ज्यादा समय और ऊर्जा लगा रहे हैं। यह एक सामाजिक प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है जहाँ लोग अपनी समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए दूसरों पर निर्भर होते हैं, बजाय इसके कि वे खुद अपनी क्षमताओं को विकसित करें और समस्याओं का सामना करें। शक्ति को बढ़ाने के बजाय हम सहारों को बढ़ाने में लगे हैं का अर्थ है कि लोग आत्म-निर्भरता और व्यक्तिगत विकास से दूर होकर, दूसरों पर निर्भरता और सहारा लेने में अधिक व्यस्त हैं।

मनीषीसंत ने कहा कोई भी इंसान भौतिक, आध्यात्मिक या किसी भी स्तर पर कितना आगे जा सकता है, यह बुनियादी तौर पर इस बात पर निर्भर करता है कि अपने भीतर मौजूद ऊर्जा की कितनी मात्रा वह इस्तेमाल कर सकता है। यहां बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिनके पास काफी ऊर्जा है, लेकिन उनके भीतर इतना विवेक या फिर कोई ऐसा सिस्टम नहीं है, जो इस ऊर्जा को एक तरह की निजी शक्ति में बदल दे। शक्ति के बारे में लोगों का यह सोचना उनकी सबसे बड़ी भूल है कि यह दूसरों पर इस्तेमाल करने के लिए है। शक्ति का आशय खुद



आपसे है, शक्ति आपके अपने बारे में है। आप के अंदर शक्ति कितनी सक्रिय है, इससे न सिर्फ आपके जीवन की तीव्रता व गहराई तय होती है, बल्कि आप जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कितने प्रभावशाली होंगे, यह भी तय होता है।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया अगर आप खुद चलने में सक्षम नहीं हैं तो आप छड़ी का सहारा लेते हैं, इसमें कोई हर्ज नहीं। लेकिन यह मत सोचिए कि छड़ी ही आपकी ताकत है। यह ताकत नहीं है। आप जो हैं, वही आपकी असली ताकत है। इस शक्ति को बढ़ाने के बजाय हम सहारों को बढ़ाने में लगे हैं। हम अपने लिए बैसाखियों को जुटाने में लगे हैं। आप कब मजबूत कहलाएंगे - जब आप कम से कम मदद के बिना खड़े हो सकें तब, या जब आपको खड़ा होने के लिए हजार पैर वाली मेज की जरूरत हो? अगर आप कम से कम मदद के बिना खड़े हो सकें तो इसका मतलब होगा कि आप मजबूत हैं। इसका मतलब हुआ कि आप कहीं भी जा सकते हैं।

### आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

आचार्यश्री महाश्रमण जी की आज्ञानुवर्ती मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक, मुनि श्री सुधाकर कुमार जी के सानिध्य में आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव का विशाल कार्यक्रम सैक्टर-24सी अणुव्रत ग्राउंड मे 8 जुलाई दिन मंगलवार सुबह 10.30 बजे होगा। आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव को लेकर ट्राईसिटी में एक अलग ही खुशी का माहौल है वही तैयारियों मे जुटे कार्यकर्ताओं मे जोश व उत्साह देखते ही बन रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां लगभग अंतिम पडाव है।

# आईटीआई की 4020 सीटों के लिए 8806 युवाओं ने किए ऑन लाइन आवेदन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों(आईटीआई) में दाखिला लेने के लिए इस वर्ष युवाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। इस वर्ष जिला में स्थित 12 सरकारी आईटीआई की 4020 सीटों के लिए 8806 युवाओं ने अपने आवेदन किए हैं। उन्होंने कहा कि आईटीआई एक ऐसा सरकारी संस्थान है जो युवाओं को अनेक क्षेत्र में कौशल और निपुण बनाने का कार्य करता है ताकि उसे अच्छी कंपनियों में नौकरी मिल सके। इसके साथ ये संस्थान युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाते है, न जाने कितने युवा इन सस्थानों में से कौशल हासिल कर आज अपनी कंपनियां चला रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी आईटीआई द्वारा गुरूवार को पहली मैरिट लिस्ट जारी की गई है। इसलिए सभी युवा अपने से संबंधित आईटीआई में जाकर अपना नाम चैक कर लें। उन्होंने बताया कि जिस अभ्यार्थी का नाम इस मैरिट लिस्ट में आया है उसे 08 जुलाई तक अपने सभी दस्तावेजों का सत्यापन करवाने के साथ-साथ फीस जमा करवानी है। इसके पश्चात 09 जुलाई को रिक्त स्थानों की सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद 11 जुलाई को दूसरी मैरिट लिस्ट जारी होगी। दूसरी मैरिट जारी होने के बाद अभ्यार्थी 15 जुलाई तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन व फीस जमा करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को फिर रिक्त स्थानों की लिस्ट जारी की जाएगी, अभ्यार्थियों के लिए ट्रेड बदलने के लिए 19 जुलाई तक पोर्टल खुला रहेगा। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मैरिट लिस्ट जारी होगी और अभ्यार्थियों को 27 जुलाई तक दस्तावेज तथा फीस जमा करवाने का मौका दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दाखिले से संबंधित दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी, दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट की कॉपी, व मोबाइल नंबर के साथ-साथ फैमिली आईडी को भी जरूरी किया गया है।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों(आईटीआई) द्वारा अभ्यार्थियों को रियायती बस पास सुविधा के साथ-साथ उनको रोजगार प्रदान करने के लिए संस्थानों में नियमित जॉब मेलों का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा आईटीआई पास आउट को हरियाणा बोर्ड 10वीं व 12वीं की समक्षता प्रदान की जाती है। दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आधुनिक कौशल प्रदान करने के साथ-साथ मशीनों के प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि सेना में आईटीआई पास को अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाते हैं। अभ्यार्थियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए 1500 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लिए छात्रवृति की सुविधा प्रदान की जाती है। उपायुक्त ने बताया कि आईटीआई करने वाली महिलाओं की ट्यूशन फीस माफ की जाती है। इसके अलावा सोनीपत में महिलाओं को अलग आईटीआई की सुविधा मिलती है। आईटीआई में पढने वाली महिलाओं को एक हजार रूपये की टूल किट मुफ्त में प्रदान की जाती है।

# महापुरुष तो सबको दिल से प्यार करते हैं

महापुरुष तो सबको दिल से प्यार करते हैं। उनका प्रेम शरीर की भावना से नहीं निरंकार (आत्मतत्व) की भावना से होता है। ऐसी ही भक्ति हमेशा से महापुरुषों-भक्तों ने की है। उन्होंने इस प्रभु-परमात्मा के साथ हृदय से प्रेम किया, लोगों को दिखाने के लिए नहीं किया और न ही सांसारिक वस्तुओं की प्राप्ति के लिए इस प्रभु की प्राप्ति की है। क्योंकि वे जानते हैं कि भक्ति के द्वारा ही सांसारिक वस्तुओं की प्राप्ति नहीं होती। ये तो उनको भी प्राप्त हो जाती हैं जो डाके डालते हैं, चोरियाँ करते हैं, बुरे काम करते हैं। उनके पास शायद दौलत ज्यादा हो, धन-सम्पत्ति ज्यादा हो-

सुत दारा और लक्ष्मी, पापी के भी होए। सन्त समागम हरि कथा, तुलसी दुर्लभ दोय।

जो पापी हैं, बुरे काम करने वाले हैं, उनको भी ये वस्तुएँ प्राप्त हो जाती है, लेकिन दुर्लभ वस्तु सन्त समागम है। महापुरुषों की संगति ही दुर्लभ है।

महात्मा कभी भी भौतिक पदार्थो का सहारा नहीं लेते। इनका यथोचित उपयोग करते हुए भी वे प्यार परमात्मा से ही करते हैं। महापुरुषों-सन्तों का एक यही निराकार परमात्मा ही आसरा हुआ करता है। यह एक ऐसा नाम का दारु (दवा) है जो हम सब के रोगों



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

को दूर कर देता है, इन रोगों से मुक्त कर देता है-

ओं सतिगुर प्रसादि, हरि को नामु सदा सुखदाई। जा कउ सिमरि अजामलु उधरिओ मन कोहू गति पाई।

यह नाम अमृत हमेशा के लिए सुख देने वाला है। दुनिया की जितनी भी चीजें हैं वो हमेंशा एकरस नहीं रहा करती और इन चीजों का असर भी बदल जाया करता है। इनका उपयोग एक समय पर तो सुखदायी होता है, और एक समय पर इसी चीज का उपयोग दुखदायी बन जाता है। हम जानते हैं कि दूध इस शरीर को ताकत देता है। लेकिन अगर किसी को दस्त लगे हुए हों तो डॉक्टर हमेशा मना करता है। कहता है कि दस्त हैं, आप थोड़े दिन दूध मत पिओ।

दुनिया के पदार्थों के अलग-अलग इस्तेमाल, अलग-अलग उसके असर हैं।

## पंचांग

शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025, सूर्योदय: 05:28 ए एम, सूर्यास्त: 07:23 पी एम चन्द्रोदय: 01:47 पी एम, चन्द्रास्त: 12:57 ए एम, जुलाई 05, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: आषाढ़, पूर्णिमान्त महीना: आषाढ़, वार: शुक्रवार, पक्ष: शुक्ल पक्ष, तिथि: नवमी - 04:31 पी एम तक, नक्षत्र: चित्रा - 04:50 पी एम तक, योग: शिव - 07:36 पी एम तक, करण: कौलव - 04:31 पी एम तक, द्वितीय करण: तैतिल - पूर्ण रात्रि तक, सूर्य राशि: मिथुन, चन्द्र राशि: तुला, राहुकाल: 10:41 ए एम से 12:26 पी एम, गुलिक काल: 07:12 ए एम से 08:57 ए एम, यमगण्ड: 03:54 पी एम से 05:39 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:58 ए एम से 12:53 पी एम, दुर्मुहूर्त: 08:15 ए एम से 09:11 ए एम, दुर्मुहूर्त: 12:53 पी एम से 01:49 पी एम, अमृत काल: 09:38 ए एम से 11:26 ए एम, वर्ज्य: 11:08 पी एम से 12:56 ए एम, जुलाई 05

## भविष्य फल



**मेष:** आउटडोर गतिविधियां काफी थकावटी और तनाव देने वाली साबित होंगी। निवेश करने और अनुमान के आधार पर पैसे लगाने के लिहाज से अच्छा दिन नहीं है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप अपनी वाणी और बातचीत के अपने कौशल के बूते अच्छे परिणाम प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

**मिथुन:** ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। ऑफिस या फिल्ड में एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ सकती है। भय और असुरक्षा की भावनाएं भी आप पर हावी हो सकती है।

**कर्क:** यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक्त है।

**सिंह:** आज एक तरफ आपके साथ हर चीज थोड़ी ज्यादा ङ्क थोड़ी एक्स्ट्रा रहेगी, वहीं आपका जरूरत से ज्यादा उत्साह आपका कोई नुकसान करा देगा। आज आपको कुछ अतिरिक्त बोझ उठाने पड़ सकते हैं।

**कन्या:** कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। कोई ऑफर छिपे ढंग से सामने आ सकता है। अचानक धन हानि के योग बन सकते हैं।

**तुला:** आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे लेकिन खर्च में इजाजा आपके लिए बचत को और ज्यादा मुश्किल बना देगा।

**वृश्चिक:** आज आप पूरे दिन हर मामले में समझौते का मन बना कर चलें। कोई कदम उठाने से पहले अच्छी तरह विचार जरूर कर लें।

**धनु:** बिजनेस में सावधानी से काम करें। कामकाज ज्यादा होने से नौकरीपेशा लोग परेशान हो सकते हैं।

**मकर:** मनोरंजन और सौन्दर्य में इजाफे पर जरुरत से ज्यादा वक्त न खर्च करें। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है।

**कुंभ:** आपके लिए ग्रहों की ऊर्जाएं बहुत शक्तिशाली, सकारात्मक और संतुलित है। मन में कुछ बेचैनी रहेगी।

**मीन:** कार्यक्षेत्र और बिजनेस में फायदा हो सकता है। आप योजनाबद्ध तरीके से चलेंगे।आप पर और आपकी बातों पर आज लोगों का ध्यान रहेगा।

# अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस व विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित किए जाएंगे जागरूकता कैंप: सचिव प्रचेता सिंह

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस व विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिवरो का आयोजन किया जाएगा।

11 जुलाई को सलम एरिया बस स्टैंड पर विकास सैनी कानूनी परामर्शदाता के निर्देशन में व 17 जुलाई को सरल केंद्र मिनी सचिवालय सोनीपत में विक्रम सिंह के नेतृत्व में जागरूकता केंपो का आयोजन किया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न, सम्मान उसकी गरिमा,



साइबर फ्रोड के प्रति, बाल विवाह के प्रति जागरूकता, मानव अधिकार और उसका संरक्षण, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता, नालसा द्वारा जागृति व सूचना प्रदर्शिता,जागरूक करने व शिक्षा का हक नई राह नई पहचान, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य,लोक अदालत के प्रति, जागरूक करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कैंपों का आयोजन किया जाएगा।

# एक युद्ध, नशे के विरुद्ध — 1933 पर कॉल करें और बनें बदलाव के भागीदार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि देश को नशे की समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा 7वीं सर्वोच्च एनकोर्ड बैठक के दौरान राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन - मानस -1933 का शुभारंभ 2024 में किया गया था। इसका उद्देश्य नशीली दवाओं की तस्करी, दुरुपयोग और अवैध व्यापार के खिलाफ एक सशक्त, समन्वित और प्रभावशाली लड़ाई लडना है। उन्होंने बताया कि यह प्लेटफॉर्म आम नागरिकों को नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की सूचना देने का सरल और सुरक्षित माध्यम प्रदान करता है। यदि किसी भी व्यक्ति को मादक पदार्थो की तस्करी अथवा अवैध गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह टोल-फ्री नंबर 1933 पर कॉल कर प्रशासन को अवगत करा सकता है। इस प्रक्रिया में सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## उपायुक्त सुशील सारवान ने यमुना का दौरा कर लिया बाढ़ नियंत्रण कार्यों का जायजा

# यमुना का जलस्तर बढ़ने की आशंका, अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** यमुना नदी के अंदर बाढ़ नियंत्रण को लेकर किए गए कार्यो का जायजा लेने के लिए गुरूवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ यमुना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली डिवीजन में आने वाले भैरा बाकीपुर व दहिसरा घाट को निरीक्षण करते हुए वहां पर सिंचाई विभाग द्वारा बनाई गई ठोकरों की गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि पहाड़ी व हरियाणा के कुछ जिलों में हुई बरसात के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया है इसलिए संबंधित अधिकारी समय-समय पर इन ठोकरों का निरीक्षण करते रहे और जरूरत पडने् पर तुरंत इनकी मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें ताकि मिट्टी का कटाव न हो सके।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना के जल स्तर पर पैनी नजर रखे, क्योंकि आने वाले दिनों में होने वाली बारिश के कारण यमुना के जलस्तर के बढने् की संभावना है। यमुना क्षेत्र में ड्यूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी 24 घण्टे अलर्ट पर रहे ताकि जरूरत पडने् पर तुरंत हालात पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि यमुना बांध के अंदर बसे लोगों को भी जलस्तर के बारे में जानकारी देते रहे और जरूरत पडने् पर इन लोगों को किसी दूसरी जगह शिफ्ट कर दें ताकि जल स्तर के बढने् पर जान-माल का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर अधिकारी यमुना के साथ लगते गांव के सरपंचों के साथ तालमेल रखें और गांव में मुनादी करवाते रहें।



इसके पश्चात उपायुक्त ने भैरा बाकीपुर व अकबरपुर बारोटा से गुजरने वाली ड्रेन नंबर-8 का निरीक्षण करते हुए बहते पानी की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ड्रेन में कहीं भी गंदा पानी न छोड़ा जाए, इसपर संबंधित अधिकारी नजर रखें, अगर कहीं इस प्रकार की कोई लापरवाही मिले तो तुरंत सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ड्रेन की सफाई पर विशेष ध्यान रखें और कहीं भी पानी की रूकावट होती है तो उसे तुरंत हटवाया जाए।

इस मौके पर एसडीएम सुभाष चंद्र, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, सिंचाई विभाग से दिल्ली डिवीजन के एक्सईएन मंजीत हुड्डा, एक्सईएन मनीष कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग से विनित कादियान सहित सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विभिन्न विकास कार्यों के लिए राई हलके में करोड़ों रूपयें की पैंमेट जारी

> विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हल्के में नही रहेगी, विकास कार्यों की कमी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। राई हलके में करोड़ों रूपयें की लागत से विकास करवाए जाएंगे, इसके लिए मंजूरी मिल गई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि हलके में एचआरडीएफ स्कीम के तहत सभी कामों की पहली किश्त की पैंमेट



स्वीकृत कर दी गई है। विधायक गहलावत ने बताया कि 21 लाख 38500 रूपयें व नाहरी पाना सिखान में कम्यूनिटी सैंटर निर्माण के लिए 65 लाख रूपयें से बनाया जाएगा, उसकी पहल किश्त के 32 लाख 50 हजार रूपयें स्वीकृत, गांव अटरेना में कम्यनिटी सैंटर के लिए 65 लाख में 32 लाख 50 हजार, चौहान जोशी में अम्बेडकर भवन के लिए 11 लाख 89 हजार, बडौली गांव में अम्बेडकर भवन के 11 लाख 89 हजार, कुमासपुर गांव में बीसी चौपाल के 7 लाख 83500 रूपयें स्वीकृत करवाए गए है। विधायक गहलावत ने बताया कि इन सभी विकास कार्यों का काम जल्दी शुरू करवाया जाएगा। हलके में विकास कार्यों में कोई कसर नहीं रहने दी जाएगी। हलके के लोगों को बस उन्हें कामों के बारे में अवगत करवाया है। उनके काम करवाना आगे उनकी जिम्मेदारी रहेगी। हलके में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर सरपंच अनिल, पूर्व सरपंच बिटटु, पंडित प्रेम, अनिल, विनोद आदि मौजूद थे।

# विजय प्रताप की पहल पर जागे केंद्रीय मंत्री गुर्जर, अनंगपुर के लोगों को दिया आश्वासन: सुमित गौड़

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ ने कहा है कि सूरजकुंड के अरावली क्षेत्र में बने निर्माणों पर निगम प्रशासन व वन विभाग द्वारा की जा रही तोडफोड़ की कार्रवाई का चहुंओर विरोध हो रहा है। अनंगपुर में तोड?ोड़ दस्ते का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम तक लगा दिया और यहां बडखल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप ने पहुंचकर तोडफोड़ की इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की और ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए उनका समर्थन किया। श्री गौड़ ने कहा कि विजय प्रताप की पहल पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी जागे और उन्होंने भी बयान जारी कर अनंगपुर के लोगों को विश्वास दिलाया कि उनके आशियाने नहीं टूटने दिए जाएंगे। सुमित गौड़ ने केंद्रीय मंत्री के बयान की सराहना की वहीं उन्होंने यह भी कहा कि क्या अनंगपुर के लोगों ने ही केंद्रीय मंत्री को वोट दिए है क्योंकि समूचे फरीदाबाद में तोडफोड़ की कार्रवाई चल रही है, हाल ही में नेहरू कालोनी में करीब आठ हजार मकानों को तोडने् के नोटिस चस्पा किए गए है, जिससे लोगों में भय का माहौल है, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने अपने बयान में सिवाए अनंगपुर के और कहीं हुई तोडफोड़ को लेकर कुछ नहीं बोला और पूरी तरह से मौन है। सुमित गौड़ ने कहा कि सरकार केवल उन जगहों पर ही तोड़फोड़ कर रही है, जहां कांग्रेस का वोटबैंक है और यह कार्रवाई पूरी तरह से असंवैधानिक है।

उन्होंने कहा कि नेहरू कालोनी पिछले दसियों वर्षो पुरानी कालोनी है, इस कालोनी में रहने वाले लोगों के पास राशनकार्ड, आधार कार्ड, बिजली मीटर, वोट करने जैसी तमाम प्रक्रियाएं पूरी कर रहे है, इसके बावजूद अब उनके आशियानों को सरकार द्वारा उजाड़ा जा रहा है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है और उनके इस दुख में पूरी तरह से उनके साथ है और उनके हक हकूक की आवाज को बुलंद करने के लिए प्रयासरत रहेगी।

# हरोली कॉलेज में इस सत्र से शुरू होंगी बीएससी मेडिकल और नॉन मेडिकल की कक्षाएं

**बीबीए, बीसीए सहित पांच पीजी कोर्स भी होंगे आरंभ, क्षेत्रवासियों ने जताया उपमुख्यमंत्री का आभार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 3 जुलाई।** हरोली क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बीएससी मेडिकल एवं नॉन मेडिकल की कक्षाएं आरंभ की जाएंगी। प्रदेश सरकार द्वारा इस संबंध में अनुमति प्रदान कर दी गई है तथा शिक्षा सचिव ने निदेशक उच्च शिक्षा को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रणवीर डडवाल ने बताया कि विज्ञान संकाय की शुरुआत से अब विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों की पढ़ाई की उच्च स्तरीय व्यवस्था मिलेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

कॉलेज में बीए और बीकॉम की कक्षाएं पहले से ही संचालित हो रही हैं। लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा नया कॉलेज भवन अब पूर्णता की ओर है, जिसमें इस सत्र से कक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

कॉलेज में नए कोर्सों की शुरुआत से क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। लोगों ने उपमुख्यमंत्री के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल आर्थिक दृष्टि से राहत प्रदान करेगा, बल्कि ग्रामीण अंचलों में बेटियों की शिक्षा को लेकर सामाजिक सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।




### स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का भी विस्तार, नए भवन में चलेंगी कक्षाएं

प्रो. डडवाल ने जानकारी दी कि कॉलेज में इस सत्र से बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम भी आरंभ किए जा रहे हैं, जिनमें 60-60 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, एम.कॉम, एम.ए. अंग्रेजी, एम.ए. हिंदी, एम.ए. राजनीतिक विज्ञान और एम.ए. इतिहास जैसे पांच स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक में 30-30 सीटें उपलब्ध होंगी।

### डिप्टी सीएम के प्रयासों से शिक्षा का नया युग

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि हरोली कॉलेज को एक बहुआयामी और उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। विज्ञान संकाय की शुरुआत विशेष रूप से उन बेटियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आई है, जो अब अपने घर के निकट ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।



# रूसा फंड की नवनिर्मित दोमंजिला इमारत का विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 3 जुलाई।** रूसा फंड द्वारा नवनिर्मित दोमंजिला इमारत का उद्घाटन स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ के द्वारा किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शेफाली ने बताया की नवनिर्मित भवन दो मंजिला है व उसमे चार कमरे है। यह भवन महाविद्यालय में कक्षाओ की कमी और बढ़ते विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए बनवाया गया है। डॉ. शेफाली ने बताया कि इस भवन का निर्माण 'रूसा कोष ' से किया गया है और जिसकी लागत 80 लाख रुपया है। भवन में चार व्याख्यान कक्ष है। जल्द ही इस भवन को पूर्ण सुविधा युक्त किया जाएगा।

स्थानीय विधायक श्भुवनेश्वर गौड़ जी ने इस भवन का उद्घाटन किया जिसका निर्माण बीएसएनएल के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भुवनेश्वर गौड़ ने महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पुराना समय याद किया जब इस कॉलेज का निर्माण हुआ था । उन्होंने बताया की हरिपुर के ग्रामवासियों ने उनके साथ मिल कर मिल कर धन संचय करके इस महाविद्यालय की नींव रखी । उन्होंने कहा कि जल्द ही 17 मील से महाविद्यालय को सड़क मार्ग के द्वारा जोड़ा जाएगा ताकि भविष्य में राइट बैंक के विद्यार्थियों को सुविधा प्राप्त हो । उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक खेल, नृत्य, डिक्लेमेशन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कहा। साथ ही कहा वह जल्द ही विधायक निधि से महाविद्यालय में एक उच्च स्तरीय खेल का मैदान बनवाएँगे जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम की समाप्ति पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शेफाली ने विधायक भुवनेश्वर गौड़, पीटीए प्रधान महेंद्र सिंह,ओ एस ए प्रधान बबलू ठाकुर, एक्सन बिजली बोर्ड श्री पूर्ण चंद जी , प्रभाकर मिश्रा उप मंडल अभियंता सिविल बीएसएनएल कुल्लू और सभी साथ आए हुए गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम में आने पर धन्यवाद किया।




# केंद्र से दिए पैसे का इस्तेमाल नहीं कर पा रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार : भाजपा

**केंद्र ने हिमाचल सरकार को आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फास्ट्रक्चर मिशन के तहत 360 करोड़ 11 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं, जिसमें से प्रदेश सरकार केवल 78 करोड़ ही खर्च कर पाई**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 3 जुलाई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, प्रवक्ता बलबीर वर्मा एवं मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार केंद्र से पैसा मांगने में तो आगे रहती है पर हिसाब देने में बहुत पीछे रहती है। कांग्रेस के सभी नेता केंद्र सरकार पर दोषारोपण करते हैं और लगातार जनता में ऐसा मैसेज देते हैं कि केंद्र से पैसा नहीं आ रहा, पर भाजपा की सभी नेता कांग्रेस के लोगों से यह पूछना चाहते हैं कि जो पैसा आया है वह हिमाचल में इस्तेमाल क्यों नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि पैसा तो दे दो पर अगर उसका इस्तेमाल ही नहीं होगा तो पैसा लेप्स होकर वापस तो जाएगा। सरल शब्दों में कहा जाए तो यह सरकार को प्रबंधन की सरकार है, केंद्र से विभिन्न योजनाओं के पैसे को व्यवस्थित तरीके से यह सरकार इस्तेमाल कर ही नहीं पाई।

भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए प्रदान की गई आर्थिक सहायता का उपयोग कांग्रेस सरका कर ही नहीं पा रही है। 2021 से 2025 तक स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ही आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फास्ट्रक्चर मिशन के तहत 360 करोड़ 11 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं, जिसमें से प्रदेश सरकार केवल 78 करोड़ ही खर्च कर पाई है। इस योजना के तहत प्रदेश में 73 ब्लाक लेबल पब्लिक हेल्थ यूनिट बनाए जाने प्रस्तावित हैं, जिनमें से छह ही बन पाए हैं जबकि 14 के टेंडर हुए हैं। आठ क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित होने हैं, जिसमें रोहड़ू, रिकांगपिओ, घवांडल, टांडा, मंडी अस्पताल व पांवटा साहिब शामिल हैं। प्रदेश को 15वें वित्तायोग से 521 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिसमें से केवल 128 करोड़ 62 लाख रुपये ही खर्च हुए हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई को मुख्यमंत्री भाजपा के वृक्ष नेता जगत प्रकाश नड्डा से दिल्ली में मिले थे और नफा ने स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री को कहा था कि जो पैसा दिया है इसका इस्तेमाल करो और देंगे पर इस्तेमाल तो करो । मुख्यमंत्री ने नड्डा से जाइका से पैसा दिलवाने का आग्रह किया था जिस पर 30 जून को 1138 करोड़ रुपये केंद्र ने मंजूर किए। इसमें से प्रदेश सरकार को 1024 करोड़ रुपये ग्रांट इन एड दिए गए हैं जबकि शेष राशि सस्ते लोन पर उपलब्ध करवाई गई है। भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र की ओर से हिमाचल प्रदेश के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी गई है अगर कमी और खोट है तो वह हिमाचल प्रदेश की सरकार में ही है।



# प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सराज के हजारों की आबादी के सामने खाद्यान्न संकट

**सडक स्वास्थ्य शिक्षा स्वच्छ पेयजल व कनेक्टिविटी चरमराई**

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 3 जुलाई।** जैसे जैसे समय बीतता जा रहा है, मंडी जिले के सराज क्षेत्र में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा और फ्लैश फ्लड से हुए नुकसान का मंजर और भी भयानक व भयावह होता जा रहा है।सराज क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी ना होने के कारण नुकसान का सही आकलन नहीं हो रहा था। आज त्रासदी के चार दिन बाद भी भयंकर तबाही का मंजर दिखाई दिया है। बाखली खड्ड और सहायक नालों में आए सैलाब ने थुनाग, देजी पखरैर, जंजैहली, चिऊणी जरोल, लंबाथाच, बूंग रैलचौक, ढीम कटारू और संगललाड़ा जैसे अति दुर्गम क्षेत्रों में 400 से अधिक मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं। सैकड़ों गौशालाएं नष्ट हुई और कितने मवेशी बह गए अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। हज़ारों की आबादी अब खाद्यान्न संकट का सामना कर रही है। बिजली, पानी और दूरसंचार सेवाएं ठप होने से लोग एक किलोमीटर की दूरी पर भी संपर्क नहीं कर पा रहा। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में लोग मलबे में अपनों को खोजते नजर आ रहे हैं, जो इस त्रासदी की भयावहता को और क्रूर कर रहा है।



पुख्ता जानकारी के थुनाग उपमंडल में 46 से अधिक लोग लापता हैं, और 8 से ज्यादा की मृत्यु की खबर है। बात करें सड़क व्यवस्था की तो बाखली और अन्य पुलों सहित कई सड़कें फ्लैश फ्लड में बह गई हैं , जिससे गांवों का संपर्क टूट गया। बादल फटने से अचानक आए सैलाब ने दुकानों और गोदामों को नष्ट कर दिया, जिससे राशन, दवाइयों और बुनियादी वस्तुओं की भारी कमी हो गई। स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने से घायलों का इलाज मुश्किल हो रहा है। प्रभावित परिवार मलबे में अपने परिजनों को बुझती उम्मीदों से खोज रहे हैं, लेकिन बारिश और भूस्खलन ने इस कार्य को भी जोखिम भरा बना दिया है। बगस्याड क्षेत्र सहित पूरे सराज में कई घर और सेब के बगीचे पूरी तरह नष्ट हो गए, जिससे किसानों और बागवानों की आजीविका छिन गई। लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं।

प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू किए हैं, लेकिन क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे और दुर्गम इलाकों ने इन प्रयासों को जटिल बना दिया है। भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों के जरिए राशन और दवाइयां पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन सराज जी विकट भौगोलिक परिस्थितियों स को देखते हुए हजारों लोगों की जरूरतों को पूरा करना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर है यह प्रयास नाकाफी हैं। थुनाग में आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन संचार सेवाओं के अभाव में चुनौतीपूर्ण विषय है। विशेषज्ञों का मानना है कि सेना की पूर्ण तैनाती के बिना खाद्यान्न संकट से निपटना और जनजीवन बहाल करना असंभव है। सेना की विशेषज्ञता से त्वरित बचाव, अस्थायी पुलों का निर्माण और आपातकालीन आपूर्ति संभव हो सकती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत पैकेज की घोषणा की, जिसमें क्षतिग्रस्त मकानों का पुनर्निर्माण और तत्काल सहायता शामिल है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने उनकी यात्रा को दिखावटी करार देते हुए जमीन पर समस्याओं को सुनने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने त्वरित राहत और सेना की तैनाती की मांग की।

प्रशासन द्वारा नागरिकों से नदी किनारों और जर्जर इमारतों से दूर रहने की अपील की गई है। वहीं पर समाज सेवी संस्थाओं बुद्धिजीवियों ने संप्रभ लोगों से इस विकट घड़ी में एक दूसरे का हाथ बंटाने दुख की घड़ी में तन मन धन से एक दूसरे की सहायता करने की अपील की है।

# 30 जून की काली रात दाण बाहवा के लोगों को दे गई गहरे जख्म

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 2 जुलाई।** 30 जून की काली रात उप मंडल गोहर के लोगों को कभी ना सहरने वाले गहरे जख्म दे गई है ।30 जून मध्य रात्रि को आई बाढ़ मे गांव दाण के साथ बहने वाली गडला खड्ड ने दोनो तरफ भारी तबाही मचाई। क्षेत्र के मशहूर समाजसेवी एवं पूर्व में नाचन विधानसभा क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतर चुके ज्ञान चंद ने जानकारी देते हए बताया अत्याधिक जल प्रवाह के कारण गडला पुल से अरघटली तक नदी ने भारी भूमि कटाव किया जिस में मरचा राम, देवी सिंह, देवकी नन्दन, अमर सिंह, हेम राज, पलस राम , ओम राज , नवल, हंसराज, उतम चंद, पिंकी और बिट्टू की उपजाऊ भूमि फसल सहित बह गई है । जो इन लोगों की रोजी-रोटी का प्रमुख साधन था । इस आपदा में हरभजन का घर घराट व पिंकू का घराट और डोला राम का घर बह गया है।

उन्होंने बताया इतना कुछ होने के बावजूद सरकार की तरफ से प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की कोई राहत प्रदान नहीं की गई । समाज सेवी ज्ञानचंद नें स्थानीय प्रशासन व सरकार से इन गरीब लोगों के नुकसान को देखते हुए उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# आगामी सेब सीजन की तैयारियों पर समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 3 जुलाई।** आगामी सेब सीजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन बहुउद्देश्यीय भवन, कुल्लू में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त, तोरुल एस रवीश ने की।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं हित धारकों के साथ समीक्षा कि गयी, ताकि सेब सीजन के दौरान परिवहन, मंडियों की व्यवस्था, सुरक्षा, श्रमिकों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सेवाओं की उचित व्यवस्था की जा सके। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेब सीजन के लिए सभी पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि बागवानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से भी अपने-अपने स्तर पर सेब सीजन को सफल एवं सुचारु बनाने हेतु समुचित योजना और समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। उपायुक्त ने आगामी सेब सीजन के आरम्भ होने से पहले सभी तैयारियों की समीक्षा की और विभागों को आगामी दिशा-निर्देश जारी किये।

बैठक में मुख्य एवं लिंक सड़कों के रखरखाव एवं समय पर मुरम्मत, फलों की त्वरित ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए ट्रकों/परिवहन की सुविधाओं की उपलब्धता, फल उत्पादकों के हितों की रक्षा हेतु भाड़ा दरों को तर्कसंगत बनाए जाने, फल उत्पादकों को समय पर पैकिंग सामग्री की उपलब्ध करवाने, बाजार हस्तक्षेप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को उचित मूल्य दिलाने, सब्ज़ी मंडियों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर चर्चा करने के उपरांत दिशा-निर्देश जारी किये गये। उन्होंने जिला के सभी एसडीएम को भी अपने-अपने उपमंडलों में सेब सीजन को लेकर समय पर बैठक कर सभी औपचारिकता पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि बागवानो को किसी प्रकार की मुश्किल का सामना न करना पड़े।

बैठक में एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, आटीओ राजेश भंडारी, डीएसपी राजेश कुमार, फल उत्पादक प्रेम शर्मा, लाल चन्द ठाकुर, ट्रक यूनियन के अध्यक्ष हरिंदर महंत, जीप यूनियन से जयप्रकाश सहित हितधारक, एपीएमसी की सचिव शगुन सूद, एचपीएमसी, बागवानी कृषि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छूटे हुए उपभोक्ताओं को मिलेगा दो माह का राशन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 3 जुलाई।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, अरविंद शर्मा ने जानकारी दी कि माह जून, 2025 से विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों से मोबाइल ओटीपी तथा आधार फेस प्रमाणीकरण से राशन वितरित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि निरीक्षकों और उचित मूल्य दुकानदारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहुत से उपभोक्ताओं विशेषकर बुजुर्ग राशन कार्डधारकों के मोबाइल नंबर आधार से लिंक न होने के कारण, बिना ओटीपी प्रमाणीकरण से ऐसे उपभोक्ताओं को जून 2025 का राशन कोटा प्राप्त नहीं हो सका है।

उन्होंने बताया कि विभाग ने लोगों कि इस समस्या को ध्यान में रखते हुए उचित मूल्य कि दुकानों में स्थापित पॉस मशीनों में जून 2025 के राशन बिक्री के लिये बैकलॉग सेल का प्रावधान कर दिया है। उन्होंने बताया कि सभी उचित मूल्यों कि दुकानों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि जिन उपभोक्ताओं को जून माह का राशन कोटा नहीं मिल पाया है, उन्हें अब जुलाई 2025 में जून माह का राशन भी जारी कर दिया जायेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं को अपना मोबाइल नंबर अपने आधार कार्ड के साथ लिंक करवाने कि भी अपील की, ताकि भविष्य में इस तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि इसके लिए संबंधित उचित मूल्य दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ताओं को यह सुविधा जुलाई 2025 के कोटे के साथ-साथ जून 2025 का कोटा भी उपलब्ध करवा दिया जाये।

# राज्यपाल ने प्रो. नारायण लाल नड्डा को शतायु होने पर दीं शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 3 जुलाई।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वीरवार को जिला बिलासपुर के विजयपुर में केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के आवास पर आयोजित पारिवारिक समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रो. नारायण लाल नड्डा को शतायु होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु, स्वस्थ तथा सक्रिय जीवन की कामना की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी राज्यपाल के साथ उपस्थित थी। राज्यपाल ने कहा कि प्रोफेसर नारायण लाल नड्डा का जीवन अनुभव, मूल्यों और संस्कारों की सजीव मिसाल है। समारोह के दौरान राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और उनके परिजनों से भी भेंट की।



# शाढ़ाबाई, कलैहली, बजौरा, मशगां, लोअर बजौरा में आज बंद रहेगी बिजली

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 3 जुलाई।** सहायक अभियन्ता, विद्युत उपमण्डल, एच.पी.एस.ई.बो.लि. भून्तर, ई0राम सिंह यादव ने जानकारी दी है कि 11 के.वी. फीड़र कलैहली में एच.टी. लाईन केबल पर रेरी टैपिंग से जेआर टैपिंग तक अतिरिक्त सर्किट प्रदान करने के लिए और सामान्य रख-रखाब के कारण 11 के.वी कलैहली फीड़र के अन्तर्गत आने वाले गांव शाढ़ाबाई, कलैहली, बजौरा, रेरी, बजौरा हाट, मशगां, लोअर बजौरा, एलएमएस कॉलोनी और आस-पास के इलाकों में दिनांक 04 जुलाई 2025 सुबह 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्त तिथि में मौसम खराब या बारिश रहती है तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

# वनों की अवैध कटाई पर भाजपा का आरोप, सतपाल सत्ती ने सरकार पर साधा निशाना, उच्च स्तरीय जांच की मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 3 जुलाई।** ऊना से विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सतपाल सिंह सत्ती ने गत दिनो मण्डी के पंडोह के समीप बादल फटने से करोड़ो रूपए की लकड़ी बहकर सड़कों पर आ गई जो इस बात को स्पष्ट करता है कि सरकार के संरक्षण में वन माफिया पूरी तरह सक्रिय है और जंगलो की बहुमूल्य संपदा को नष्ट करने में लगातार लगा हुआ है।

भाजपा नेता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बरसात के मौसम में बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है और इसका मुख्य कारण जंगलो का अवैध व बेतरतीब कटान है जिसके कारण प्राकृतिक आपदाएं दिनो दिन बढ़ती जा रही है जिससे जान-माल का बेहद नुकसान हो रहा है।

उन्होनें वन निगम के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता के उस बयान का कड़ा संज्ञान लिया जिसमें उन्होनें कहा जो लकड़ी बहकर आई है वो अवैध कटान की नहीं है। यदि ये लकड़ी अवैध कटान की नहीं है तो वन विभाग ने इस लकड़ी को क्यों नही उठाया? क्यों वन विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया रहा ? स्पष्ट तौर पर सरकार इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर जो ठियोग से कांग्रेस के विधायक भी हैं, ने इस पूरे मामले की जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री जिनके पास वन विभाग भी हैं, इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। सरकार व वन विभाग भले ही इस मामले से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि यह लकड़ी वन काटुओं द्वारा अवैध रूप से काटी गई थी। सरकार की नाक के नीचे अवैध तरीके से वनो को काटा जा रहा है और सरकार तमाशबीन बनी बैठी है।

सतपाल सत्ती ने कांग्रेस नेता व वन निगम के उपाध्यक्ष से सवाल किया कि यदि यह लकड़ी काट कर रखी गई थी तो वन निगम ने करोड़ो रूपए कीमत की यह लकड़ी वहां से क्यों नहीं उठाई ? क्या वन निगम बरसात में लकड़ी के बहने का इंतजार कर रहा था और यह लकड़ी बहते-बहते जब पंडोह डैम तक पहुंच गई तो उसे गायब कर दिया गया। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस के नेता व सरकार प्रदेश की वन सपंदा को लूटने-लूटाने में लगे हुए है।

भाजपा नेता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हरे-भरे जंगलो के लिए जाना जाता है, धीरे-धीरे अपनी प्राकृतिक सुंदरता को खोता जा रहा है जिससे जहां हिमाचल का पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है वहीं हिमाचल की आबो हवा भी बदलती जा रही है।

### सरकार के कार्यकाल में हर जगह माफिया का बोलबाला

सतपाल सत्ती ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के शासन में प्रदेश में हर जगह माफियाओं का बोलबाला है। चाहे वन माफिया हो, चिट्टा माफिया हो, खनन माफिया हो, ट्रांसफर माफिया हो, पूरे हिमाचल में माफियाराज तांडव मचा रहा है। सतपाल सत्ती ने मांग की है कि मण्डी के पंडोह में अथवा अन्य स्थान पर, जहां पर भी लकड़ियां बहकर आई है उसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिकार यह करोड़ो रूपए की लकड़ी किसने काटी और साथ ही इस प्रकार के अवैध कटान को रोकने के लिए भी कारगर कदम उठाए जाने चाहिए ताकि हिमाचल प्रदेश को बरसात के मौसम में हर साल होने वाले भारी जान-माल के नुकसान से बचाया जा सके। यदि वनो का अवैध कटान इसी तरह चलता रहा तो आने वाले वर्षों में हिमाचल में और भी भयंकर प्राकृतिक आपदाएं आने की पूर्ण संभावनाएं है।

हिमाचल प्रदेश जो सेब राज्य के नाम से भी पूरे विश्व में प्रचलित है, अब धीरे-धीरे अपने गौरव को खोता जा रहा है, क्योंकि अवैध कटानो की वजह से हिमाचल में बर्फबारी और बारिश कम होती जा रही है जिससे हिमाचल की बागवानी को निरंतर नुकसान हो रहा है और अब सेब की पैदावार केवल ऊंचे पहाड़ी इलाको तक ही सीमित हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और इसके कार्यकर्ता पौधारोपण के कार्यक्रम कर पर्यावरण को बचाने में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और अगले एक महीने तक भाजपा निरंतर पौधारोपण के कार्यक्रम करने वाली है परन्तु प्रदेश सरकार अपने दायित्व को भूलते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है।

# अंबाला से मुलाना तक महिलाओं के लिए अलग से बस चलाई जाएगी ताकि महिलाओं/कन्याओं को बस में सुगम सफर करने में आसानी हो : अनिल विज

रेलवे रोड से गायब हुए बच्चे की खोजबीन के लिए डीएसपी को निर्देश, एफआईआर दर्ज कर खोजबीन की जाए- अनिल विज

विजय नगर निवासी के खिलाफ बिजली की चोरी का मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाए- विज

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला छावनी के लोगों की समस्याओं को सुना*



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अंबाला से मुलाना तक महिलाओं के लिए अलग से बस चलाई जाए ताकि महिलाओं/कन्याओं को बस में सुगम सफर करने में आसानी हो।

श्री विज ने आज यह निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को अंबाला छावनी के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए दिए। इस संबंध में वार्ड नंबर 27 के पार्षद ने श्री विज से मांग की थी। इस दौरान श्री विज ने लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और मौके पर ही सभी समस्याओं का निदान भी किया।

अंबाला के रेलवे रोड के निवासी ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका 11 साल का बच्चा 29 जून को उसके घर के बाहर खेल रहा था लेकिन उस समय के बाद से उसका बच्चा अचानक से गायब हो गया। इस संबंध पुलिस ने उनकी कोई भी रिपोर्ट अभी तक दर्ज नहीं की है, जिसके संदर्भ में ऊर्जा मंत्री ने मौके पर डीएसपी को निर्देश दिए कि इस बारे में मामला दर्ज करके बच्चे की खोजबीन आरंभ कर दी जाए।

बब्याल के विजय नगर की निवासी के खिलाफ एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि 12 दिसंबर, 2024 विजय नगर की निवासी का बिजली का कनैक्शन बिल का भुगतान न किए जाने पर काट दिया गया था, लेकिन विजय नगर के निवासी लगातार बिजली का उपयोग कर रहे हैं, जोकि सरेआम बिजली की चोरी है इसलिए इनकी चोरी की बिजली पर रोक लगाकर आगामी कार्यवाही की जाए। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करके बिजली चोरी की रिकवरी की जाए और कानून अनुसार कार्यवाही की जाए।

## वार्ड नंबर-19 में जलापूर्ति को सुनिश्चित किया जाए- विज

वार्ड नंबर 19 के पार्षद ने अनिल विज के समक्ष गुहार लगाते हुए कहा कि उनके इलाके में पानी की आपूर्ति की समस्या लगातार बढती जा रही है और लोगों को तय समय पर पानी आपूर्ति नहीं हो पा रही है जबकि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत कराया गया है परंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई। इस बारे में श्री विज ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्षद के संबंधित इलाके में जलापूर्ति को सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

## वार्ड नंबर 29 में हुई चोरी मामले में पूरी बरामदगी के निर्देश

वार्ड नंबर 29 के पार्षद का चुनाव लड चुके एक व्यक्ति ने अपनी शिकातय में बताया कि उसके घर में पिछले दिनों चोरी हो गई थी जिसमें से पुलिस ने अभी तक 30 से 35 प्रतिशत तक की चोरी की बरामदगी कर ली परंतु अन्य सामान अभी तक बरामद नहीं किया गया है। इस पर श्री विज ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले में गहनता से जांच की जाए और आरोपी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए शेष सामान की भी बरामदगी जल्द से जल्द की जाए।

इसके अलावा, मैडीकल बिल प्रतिपूर्ति, स्कूल में फीस से संबंधित, प्रदूषण संबंधित इत्यादि शिकायतों का निवारण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस मौके पर नगर परिषद, ऊर्जा विभाग, पुलिस विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग इत्यादि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# शहीदों को याद कर दुख सुख सांझे किये

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** कहुटा रावलपिंडी (पाकिस्तान)में शहीद हुए परिवारों की याद में मनाई गई एसोसिएशन की तिमाही बैठक का आयोजन मेजर जनरल सीएस बेवली (रि) के निवास पर चंडीगढ़ में किया गया। इसमें चंडीगढ़, मोहाली तथा पंचकूला के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजिंदर सिंह बेवली ने कहा कि बिरादरी का मूल उद्देश्य बिरादरी के सदस्यों को एकजुट करना, एक दूसरे के सुख दुख में बढ़चढ़ कर शामिल होना है जिसका अनुरोध भी किया गया। सचिव जीबी सिंह चौधरी ने बिरादरी की नई डायरेक्टरी के बारे जानकारी दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्नल आरएस शाह ने बैठक आयोजित करने के लिये रियाटर्ड मेजर जनरल सीएस बेवली का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से सांस्कृतिक संध्या का संचालन करते हुए सेवानिवृत कर्नल आरएस शाह ने आगे भी उम्मीद जताई कि बैठक दोती रहेगी। इस दौरान वयोवृद्ध सदस्य श्रीमती समर्थ कौर, श्रीमती मनजीत कौर, जसबीर सिंह तथा सेवानिवृत ब्रिगेडियन टीपीएस चौधरी ने शानदार प्रस्तुति दी।

## चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने कर्मचारियों और स्टॉफ सदस्यों को ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित किया

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** यूटी ट्रैफिक पुलिस ने वीरवार को सैक्टर 33 स्थित निर्माण सदन में कर्मचारियों और स्टॉफ के सदस्यों के लिए ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। यह ट्रैफिक जागरूकता अभियान यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते किया गया।इस सत्र के दौरान, निर्माण सदन के 110 से अधिक कर्मचारियों को प्रमुख यातायात नियमों,सड़क अनुशासन के महत्व और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर शिक्षित किया गया।ताकि न केवल उनकी अपनी सुरक्षा बल्कि सड़क पर दूसरों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।यह पहल शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात उल्लंघन को कम करने के लिए यातायात पुलिस के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रक्तदान महादानः अमित कुमार

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** हैफेड के डीएम अमित कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है, हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि जरूरत पडऩे पर रक्त देने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। डीएम अमित कुमार अंतर्राष्ट्रीय को-ऑपरेटिव वर्ष 2025 के तहत हैफेड के जिला कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह एक ऐसा कदम है जो किसी के जीवन को बचाने के साथ-साथ आपके खुद के स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व भर में 2025 को अंतर्राष्ट्रीय को-ऑपरेटिव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर में करीब 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। डीएम अमित कुमार ने बताया कि हैफेड द्वारा एक से सात जुलाई तक को-ऑपरेटिव सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर हैफड के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढकऱ रक्तदान शिविर में भाग लिया।

### 26 को कारगिल दिवस धूमधाम से मनाएंगे पूर्व सैनिक

**कैथल (अप्रस)।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की जुलाई मास की मासिक मीटिंग 6 जुलाई को प्रात- 9 बजे हनुमान वाटिका में होगी। बैठक में मासिक गतिविधियों के साथ-साथ 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने के लिए सभी पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों से मिलकर मनाने का फैसला लिया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि वे 26वां कारगिल दिवस हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में मनाने की योजना बना रहे हैं। इसमें कारगिल के योद्धाओं, पूर्व सैनिकों के पुत्र, पुत्री एवं पोते पोतियों को, जिन्होंने 10वीं व 12वीं में टॉप किया है और उन बच्चों जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में अच्छी उपलब्धि हासिल की है, उनको भी सम्मानित करेंगे। इस विजय दिवस पर उस पूर्व सैनिक के पुत्र को भी सम्मानित करने जा रहे हैं जिस ने अपनी कलाकृति के दम पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। समारोह के मुख्य अतिथि का फैसला मीटिंग में या फिर 14 जुलाई को लिया जाएगा। इस दिन हमारे देश के स्वतन्त्रता के दिवानों के परिवारों के पहुंचने की भी संभावना है। प्रधान ने इस बारे सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है की मीटिंग में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर विचार विमर्श करके इस समारोह को सफल बना कर अपने शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम करें।

### सुरजेवाला ने की भाजपा व नगर परिषद की कार्यवाई की निंदा

**कैथल (अप्रस)।** नगर परिषद द्वारा भगत सिंह चौक पर चौतरे तोडऩे की कार्रवाई के बाद कांग्रेस के विधायक आदित्य सुरजेवाला ने इस कार्रवाई को लेकर कड़े शब्दों में भाजपा सरकार की निंदा की। आदित्य सुरजेवाला ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को अपना समर्थन दिया और नगर परिषद प्रशासन पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने भाजपा की अध्यक्ष व उनके नुमाइंदों पर सीधे तौर से आरोप लगाते हुए आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि रात के अंधेरे में चोर और गुंडों की तरह भगत सिंह चौंक मार्किट में की गई नगर परिषद प्रशासन की कार्रवाई दर्शाती है कि भाजपा सरकार और नगर परिषद अध्यक्ष की शह के तहत इस साजिश को अंजाम दिया गया है। दुकानदारों और मार्किट प्रधान को न नोटिस दिया गया और न उन्हें बताया, बल्कि जिस तरह से रात को चोर व बदमाश निकलते हैं उसी तरह से जेसीबी व बुलडोजर लेकर दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया।

### गरीबों को मिलने वाले सरसों के तेल की कीमत में भारी बढ़ोत्तरी

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत एएवाई और बीपीएल परिवारों को मिलने वाले फॉर्टिफाइड सरसों के तेल की कीमत में अचानक भारी इजाफा कर दिया है। अब तक 2 लीटर सरसों तेल के लिए 40 रुपए वसूले जाते थे, लेकिन जुलाई से यह दर सीधे 100 रुपए कर दी गई है। यानी प्रति 2 लीटर पर 60 रुपए का बोझ बढ़ गया है। इस फैसले का सीधा असर करनाल जिले के 3 लाख 1 हजार 682 राशन कार्डधारकों और उनके परिवारों पर पड़ेगा, जिनमें करीब 11 लाख से अधिक सदस्य शामिल हैं।सरकार को 1.81 करोड़ रुपए का होगा सीधा फायदा जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आंकड़ों के अनुसार, करनाल जिले में एएवाई और बीपीएल कार्डधारकों को हर महीने 6 लाख 3 हजार 364 लीटर सरसों का तेल वितरित किया जाता है। पहले इस तेल के बदले विभाग को कुल 1 करोड़ 20 लाख 67 हजार 280 रुपए की आमदनी होती थी, लेकिन अब 100 रुपए प्रति 2 लीटर की दर से यह राशि बढ?र 3 करोड़ 1 लाख 68 हजार 200 रुपए हो गई है। यानी सरकारी खजाने को हर महीने 1 करोड़ 81 लाख 920 रुपए का सीधा फायदा होगा। जिन्होंने पहले से पेमेंट दी, उन्हें देने होंगे और पैसे डिपो होल्डर्स के मुताबिक, सरकार ने यह रेट बढ़ोतरी जुलाई महीने से लागू की है। जिन डिपो होल्डरों के पास पहले ही जुलाई महीने का तेल पहुंच गया है और उन्होंने पुरानी दर यानी 40 रुपए प्रति 2 लीटर के हिसाब से विभाग को पेमेंट भी कर दी है, उन्हें अब 60 रुपए प्रति 2 लीटर के हिसाब से अतिरिक्त राशि जमा करवाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं जिन डिपो पर तेल अभी पहुंचना बाकी है, उन्हें अब 100 रुपए प्रति 2 लीटर के हिसाब से पेमेंट करनी होगी

# कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग द्वारा कलायत आईटीआई के लिए पहली सूची जारी

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 3 जुलाई।** कलायत में नेशनल हाईवे पर स्थित राजकीय आईटीआई में दाखिले की पहली मेरिट लिस्ट कम सीट अलोटमेंट को कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग द्वारा जारी किया है। प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कुल 311 विधार्थियों को राजकीय आईटीआई कलायत के 20 अलग-2 व्यवसायों में प्रक्रिया के माध्यम से दाखिले के लिए सीट ऑफर की गई। जिन विद्यार्थियों को पहली मेरिट में शामिल किया गया है उनको 7 जुलाई तक संस्थान में दस्तावेज सत्यापन और 8 जुलाई तक फीस शुल्क जमा करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को प्रथम मेरिट सूची में सीट अलोट के तहत प्रवेश लेने को अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ एक-एक सीट अलोटमेंट की फोटो प्रति लेकर आएंगे। यह सीट अलोटमेंट विद्यार्थी अपने ऑनलाइन दाखिले के पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। बृहस्पतिवार को दाखिला प्रक्रिया आरम्भ होते ही मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले काफी विद्यार्थियों ने राजकीय आईटीआई में पहुंचकर अपना दाखिला करवाया 7 जो विद्यार्थी आई0 टी0 आई0 कलायत में दाखिले के लिए पहुंचे उनका दाखिला कमेटियों द्वारा दस्तावेजों की जांच करने उपरांत सफलतापूर्वक दाखिला किया गया । प्रधानाचार्य ने बताया कि सफलता की उड़ान के लिए कौशल विकास अहम अंग है।इसके बिना हर मंजिल पास होकर भी दूर रहती। परिणाम स्वरुप विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करने के लिए सुगम राहें दिखाई जाती हैं।

# समालखा ब्लॉक समिति सदस्यों का दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 3 जुलाई।** पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान नीलोखेड़ी में किया जा रहा हैं। इसी क?ी में वीरवार को जिला विकास खंड ब्लॉक समालखा के पंचायत समिति सदस्यों नें अध्यक्ष अंकुश चोपड़ा के नेतृत्व मे हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए जो दिक्कतों का सामना आ रहा है। उसके बारे में भी व्यावहारिक तौर पर जागरूक किया गया। समालखा ब्लॉक समिति अध्यक्ष अंकुश चोपड़ा ने बताया कि ब्लॉक समिति प्रतिनिधियों को बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देना और उन्हें सशक्त बनाना है। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम, हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस बारे में पंचायत प्रतिनिधियों से फीडबैक भी लिया जा रहा हैं। वहीं पंचायत समिति सदस्य सतनाम सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरकार की नीतियों को अलग-अलग गतिविधियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इतनी सारी गतिविधियां पहली बार किसी ट्रेनिंग में करवाई जा रही हैं ताकि ब्लॉक समिति सदस्य सरकार और जनता के साथ अच्छे से तालमेल बनाकर उन्हें अच्छे से समझा पाए और उनमें हौसला भर सके कि वो अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरीके से निभा सकते हैं। इस अवसर पर रोहित (रोकी)चुलकाना ,संदीप जौराशी, अमित करहंस, सोनिया देवी हथवाला, सुमन देवी, रजनीश बिलासपुर प्रह्लाद किवाना,आंचल देवी मनाना , संतरो देवी पावटी,अनीता देवी और सदस्य पति डॉक्टर सुभाष ,कुलदीप जी या डॉ. मोहन आदि मौजूद रहें

# ग्रामीण क्षेत्र में निजी अस्पताल खोलना बड़े पुण्य का कार्य : मंजू नागर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** गांव टिकावली में ग्लोबल अस्पताल का उद्घाटन करने पहुंची मंत्री राजेश नागर की धर्मपत्नी मंजू नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्राइवेट अस्पताल का संचालन करना एक पुण्य का कार्य है। राजेश नागर के किसी सरकारी कार्य में व्यस्त होने के कारण उनकी धर्मपत्नी मंजू नागर ने उद्घाटन की परंपरा पूरी की।

इस अवसर पर मंजू नागर ने कहा कि हमारे जीवन में सबसे बड़ी प्राथमिकता हमारा स्वास्थ्य होना चाहिए। हम स्वस्थ होंगे तो बाकी के सभी काम भली भांति कर सकेंगे। लेकिन व्यक्ति स्वस्थ नहीं होगा तो वह भगवान का भजन भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करवानी चाहिए। इसके लिए उपलब्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों का उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले स्वास्थ्य जांच शिविरों का भी लाभ लिया जाना चाहिए। मंजू नागर ने ग्लोबल अस्पताल के प्रबंधन का धन्यवाद किया कि उन्होंने गांव टिकावली में बड़ा अस्पताल खोला है। इससे स्थानीय लोगों को और अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेंगी। मंजू नागर ने कहा कि सरकार अपने स्वास्थ्य केंद्रों के द्वारा लोगों तक उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में निजी अस्पतालों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की भी सराहना की जानी चाहिए।

# अमेरिका में रह रहे चौशाला गांव के बेटे ने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए भेजे ट्रैक शूट सहित कई उपहार

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत।** कलायत के गांव चौशाला स्थित राजकीय माडल संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों के लिए अमेरिका में रह रहे गांव के बेटे परमजीत द्वारा उपहार भेजे गए हैं। इसमें ट्रैक शूट, स्पोर्टस शूज व जुराबें शामिल हैं। बेटे का उपहार गांव में रह रहे परमजीत के पिता रामकिशन भाल स्कूल लेकर पहुंचे। स्कूल के 26 लड?-लड?ों के लिए भेजे ट्रैक शूट को सम्मान सहित स्कूल प्रधानाचार्य जोगेंद्र नैन ने शिक्षकों की मौजूदगी में सौंपें। सरकारी स्कूलों का ढांचा मजबूत करने की दिशा में युवा द्वारा बढ़ाए गए कदमों की प्रशंसा खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने भी की। छात्र-छात्राओं की खिलाड़ी टीम का उत्साह बढ़ाने का सुझाव परजीत के शिक्षक रहे जेबीटी शिक्षक मुकेश कुमार ने रखा था। बस फिर क्या था सुबह होते ही परजीत के मुखिया उनके पिता रामकिशन भाल बड़े बजट से खरीदे गए सामान के साथ स्कूल में हाजिर हुए। उन्होंने कहा कि पौत्री अंबर के जन्म दिन की खुशी में परिवार के सदस्यों की भांति सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को तोहफे मिले। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, सुनील वर्मा, मुकेश कुमार, सुनील दत्त, राजेश कुमार और अशोक स्वामी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों का ढांचा मजबूत करने के लिए जन सहयोग जरूरी है। इस दिशा में समाज सेवी परमजीत की भूमिका प्रशंसनीय है। इससे विद्यार्थियों की विभिन्न खेल गतिविधियां बढ़ेंगी। अब वो दिन नहीं रहे जब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्राइवेट स्कूल की तुलना में कमजोर व गतिविधियों में निष्क्रिय माना था।

## नशे के खिलाफ ढांड थाना प्रभारी ने क्षेत्र में चलाई जागरूकता मुहिम

**कैथल (अप्रस)।** नवनियुक्त थाना प्रबंधक सब इंस्पैक्टर रेखा देवी ने आमजन खासकर महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर, परिवार व क्षेत्र के लोगों को नशे से बचाने के लिए जिला पुलिस की जागरूकता मुहिम में सहयोग की आहुति डालें। कैथल पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व में ढांड थाना की पूरी टीम नशे की रोकथाम के लिए लगातार काम कर रही है जिससे ढांड थाना के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, और गावं की चौपाल,और सार्वजनिक जगहों पर जाकर नशे को लेकर जागरूक अभियान शुरू किया गया है। ताकि लोगों में नशे से हो रहे नुकसान, समय की बर्बादी, घर परिवार आस-पड़ोस में लगातार झगड़े और हिसात्मकं घटना की शिकायत का बढ़ जाना और आमजन के लिए दिनोंदिन पैदा हो रही मुश्किलों को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है।

## दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बघौला में जाम से निजात दिलाने के लिए उपायुक्त ने किया दौरा

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर न आये गांव का पानी, करें समुचित व्यवस्था : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल, 3 जुलाई।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बघौला में आम जनमानस को जाम से निजात दिलाने के लिए गंभीरता से मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि यहां जाम की समस्या को खत्म करने के लिए हर आवश्यक कदम उठायें। प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग मिलेगा। साथ ही उन्होंने सावन मास की कांवड़ यात्रा के लिए भी सुगम मार्ग उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने पुलिस व प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को साथ लेकर बघौला का दौरा किया। उन्होंने विस्तार से बघौला को जाम रहित बनाने पर गंभीरता से मंथन किया। समाधान के लिए उन्होंने पुलिस-प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के अलावा बघौला के सरपंच तथा ग्रामीणों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जामग्रस्त क्षेत्र में पूरे स?क मार्ग का दौरा करते हुए हर संभावित समाधान पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भारी व हलके वाहनों के लिए अलग-अलग लेन बनाने की संभावना की पूर्ण जांच करें।

उपायुक्त डा. वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि गांव का गंदा पानी किसी भी स्थिति में सड?मार्ग पर नहीं आना चाहिए। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग तथा पंचायती विभाग हर जरूरी कदम उठायें, जिसमें एनएचएआई को पूर्ण सहयोग दिया जाए। गंदे पानी के जमावड़े के कारण सड? पर गड्ढे हो जाते हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति पैदा होती है। साथ ही गड्ढों में पानी भरने के कारण भी जाम की स्थिति बनती है। इसलिए जरूरी है कि सड? पर पानी को रोकने की बेहतरीन व्यवस्था की जाए। उन्होंने पंचायती विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे तुरंत प्रभाव से पानी रोकने की व्यवस्था को सुनिश्चित करें।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने एनएचएआई के अधिकारियों को भी कड़े शब्दों में जाम की समस्या के समाधान के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई के पीडी को निर्देश दिए कि वे स?क मार्ग की प्रोजेक्ट रिपोर्ट उन्हें प्रेषित करते हुए निर्धारित समयावधि में काम करवायें। उन्होंने निर्देश दिए कि फिलहाल सावन मास की कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत अस्थाई तौर पर जरूरी प्रबंध करें। कांवड यात्रा को सुगम बनाने के लिए फ्लाईओवर से कांवड़ यात्रा को गुजारने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त जयदीप कुमार, एसडीएम ज्योति, जिला परिषद के सीईओ जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, एनएचएआई के पीडी धीरज सिंह, उप प्रबंधक रजत श्रीवास्तव, कंसलटेंट अभियंता बृजेश कुमार, बीडीपीओ प्रवीण कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर जगबीर सिंह आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# आम की 500 किस्मों से आज महकेगा पिंजौर, 5 राज्यों को न्योता

## तीन दिवसीय मैंगो मेला का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन, उत्पादक, शोधकर्ता किसान करेंगे शिरकत

**मैंगो मेला में आम की दर्जनों स्टॉल करेंगी आकर्षित**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 3 जुलाई।** हरियाणा में 33 साल पहले शुरू हुआ मैंगो मेला से एक बार फिर पिंजौर स्थित यादविन्द्रा गार्डन महकने वाला है। हरियाणा सरकार के पर्यटन निगम की ओर से 4 से 6 जुलाई तक लगने वाले मैंगो मेला की तैयारियों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सेनी कल यानी शुक्रवार को मैंगो मेला का उद्घाटन करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस मेले में 500 से ज्यादा किस्मों की इस मेले में हरियाणा के अलावा 5 राज्यों पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और महाराष्ट्र के आम उत्पादकों और इस आम पर रिसर्च करने वालों को न्योता भेजा गया है। उत्तर भारत में हरियाणा में ही ये अंतरराज्यीय मैंगो मेला आयोजित किया जाता है। इस मेले में हरियाणा सहित दूसरे राज्यों को भी हर साल न्योता भेजा जाता है। इस बार इस मेले में उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड राज्यों के आम उत्पादकों को न्योता भेजा गया है। सबसे खास बात यह है कि हरियाणा के भी 1000 आम उत्पादकों को सरकार की ओर से विशेष निमंत्रण दिया गया है। मैंगो मेला में आम की प्रमुख वाणिज्यिक किस्में जो मेले में प्रतिस्पर्धा करेंगी, उनमें दशहरी, चैसा, लंगड़ा, अमरपाली, बॉम्बे ग्रीन (मालदा), रतोल, मलिका, अंबिका, रामकेला आदि शामिल हैं। इस मेले में देश भर से बड़ी संख्या में आम उत्पादक भाग लेंगे और आम की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन करेगा। तीन दिवसीय मेले में मैंगो की दर्जनों स्टॉल और विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिताएं अतिथियों को आकर्षित करने वाली हैं।

मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, वाहनों की पार्किंग, स्वास्थ्य सेवाएं, मोबाइल टॉयलेट्स, मेला परिसर में नियमित फॉगिंग, पीने के पानी की व्यवस्था के लिए संबन्धित विभागों को उचित दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसकी जिम्मेवारी नगर परिषद कालका के अधिकारियों को सौंपी गई है जो गार्डन में मेले से पहले पार्किंग और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही पानी के टैंकर और पब्लिक व वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### पहले दिन ये होगा खास

हरियाणा पर्यटन निगम के महाप्रबंधक आशुतोष राजन ने बताया कि मेले के 32वें संस्करण में विभिन्न गतिविधियां, प्रतियोगिताएं और संध्या के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पहले दिन की शुरुआत छात्रों के लिए रंगोली, ड्राइंग, पोस्टर मेकिंग और मैंगो क्विज जैसी प्रतियोगिताओं के साथ होगी। मेले के आकर्षण में और इजाफा होगा, जिसमें डे परफॉर्मर्स और सांस्कृतिक कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। विभिन्न कलाकारों द्वारा नगाड़ा पार्टी, जंगम पार्टी, बिगपाइपर ग्रुप, बीन पार्टी, इकतारा पार्टी, बहुरूपदर्शक नृत्य और गायन प्रदर्शन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को मिलेंगे।

### दूसरे दिन छात्र दिखाएंगे जौहर

मेले के दूसरे दिन 5 जुलाई को सुबह 10 बजे से गतिविधियों का नया दौर आयोजित किया जाएगा। छात्रों के लिए ग्रुप डांस, कहानी लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन, नेल आर्ट, हैंड राइटिंग जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। तीसरे दिन यानी 6 जुलाई को स्कूल की प्रतियोगिताएं जैसे ग्रुप गायन, ड्राइंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, महेंदी प्रतियोगिता और मैंगो ईटिंग प्रतियोगिताएं जारी रहेंगी।

### शिल्प बाजार में हथकरघा और हस्तशिल्प का होगा प्रदर्शन

महलों, प्राचीरों और गढ़ों पर विशेष रोशनी से उद्यानों को रोशन किया जाएगा। इन विशेष लाइटों का उपयोग बिजली बचाने और चल रही 'गो ग्रीन' पहल में योगदान देने के लिए किया जाता है। भारतीय स्ट्रीट फूड के साथ-साथ पंजाब के स्वाद, दक्षिण की सूक्ष्म सुगंध और चाईनीज के प्राच्य स्वाद सहित मुंह में पानी लाने वाले व्यंजन परोसने के लिए एक बहु-व्यंजन फूड कोर्ट स्थापित किया जाएगा। इसी प्रकार शिल्प बाजार मेले का एक और अतिरिक्त आकर्षण का केन्द्र होगा। शिल्प बाजार में, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान आदि के शिल्पकारोंध्बुनकरों द्वारा हथकरघा और हस्तशिल्प का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी।

# प्रशासक कल करेंगे वन महोत्सव का शुभारंभ

**प्रशासक हरियाली अभियान का उद्घाटन और नेतृत्व करेंगे**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 3 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन 5 जुलाई को एक बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण पहल के साथ वन महोत्सव 2025 मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। शहर में 253 स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान जारी रहेगा, जिसमें एक दिन में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। समारोह का नेतृत्व मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत राजेंद्र पार्क, सेक्टर 1 में राज्यपाल द्वारा औपचारिक वृक्षारोपण के साथ होगी, जो वृक्षारोपण अभियान का आधिकारिक शुभारंभ होगा। इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए राज्यपाल व्यक्तिगत रूप से चंडीगढ़ में कई वृक्षारोपण स्थलों का दौरा करेंगे और उनका निरीक्षण करेंगे।

इस अभियान का नेतृत्व वन एवं वन्यजीव विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा किया जा रहा है, जो नोडल विभाग है, जो नगर निगम, इंजीनियरिंग विभाग और स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सीआईएसएफ, पीजीआई एमईआर, सीएसआईआर संस्थान, पीयू, जीएमसीएच और एनएसएस स्वयंसेवकों सहित 18 अन्य हरियाली एजेंसियों के साथ सक्रिय समन्वय में काम करेगा।

सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने और व्यापक नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, वन विभाग की वन विभाग आपके द्वार योजना के तहत राज्यपाल तीन विशेष रूप से नामित वाहनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे जो तय कार्यक्रम के अनुसार पूरे शहर में पौधे ले जाएंगे। ये मोबाइल पौधा वितरण वाहन केंद्र शासित प्रदेश के सभी क्षेत्रों को कवर करेंगे, जिससे निवासियों के लिए पौधारोपण अभियान में शामिल होना आसान हो जाएगा। इच्छुक व्यक्ति मामूली कीमत पर पौधे प्राप्त कर सकते हैं, जिससे चंडीगढ़ को हरा-भरा बनाने में सीधे योगदान मिलेगा और साझा पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिलेगा।डिजिटल निगरानी की दिशा में एक अभिनव कदम में शैक्षणिक संस्थानों में किए गए चयनित वृक्षारोपण को एक समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन के साथ एकीकृत क्यूआर कोड का उपयोग करके ट्रैक किया जाएगा। यह प्रणाली पौधों की निरंतर देखभाल और निगरानी सुनिश्चित करेगी।

### तुम जियो हजारों साल



रूद्रा मित्तल सुपुत्र विजय मित्तल को उनके जन्म दिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# डीसी ऑफिस का कर्मचारी पकड़ा, 5 हजार रिश्वत ली

**पहले फेल हुई रेड, ड्यूटी मजिस्ट्रेट पर सूचना लीक करने का शक**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 3 जुलाई।** हरियाणा के कैथल में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत मांगने के मामले में डीसी ऑफिस के एमए ब्रांच के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। उसने एक व्यक्ति से 28 जनवरी को जमीन के कागजात बनवाने की एवज में 5 हजार रुपए मांगे थे और रुपए लेने के लिए 3 फरवरी को अपने कार्यालय में बुलाया। आज जैसे ही वह कलायत तहसीलदार के तत्कालीन रीडर विजय चौहान को रुपए देने गया तो रेड की सूचना लीक होने के कारण रेड फेल हो गई थी।

इस संबंध में गांव सिणंद के कर्ण सिंह ने एसीबी को शिकायत दी थी। उसने पैसे मांगने की ऑडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली थी। 3 फरवरी को वह सुबह के समय एसीबी के कैथल ऑफिस में पहुंचा और रिश्वत मांगने की लिखित शिकायत दी। एसीबी की टीम ने उसे 5000 रुपए के पाउडर लगे हुए नोट दे दिए, लेकिन जैसे ही एसीबी की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ उसे रंगे हाथ पकड़ने के लिए गई तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट बहाना बनाकर टॉयलेट में चला गया।

इस पर कर्ण सिंह को शक हुआ कि आरोपी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने ही रेड की सूचना दे दी है। वह ड्यूटी की बजाय भाईचारा निभा गया। अपने भतीजे को रेड की सूचना दे दी। फिर भी वह आरोपी को रुपए देने के लिए उसके कार्यालय में चला गया, लेकिन कर्मचारी ने रिश्वत नहीं ली, जिससे टीम को वापस लौटना पड़ा। अब कार्रवाई के बाद जो तथ्य सामने आए उनमें पता लगा कि आरोपी ने रुपए मांगे थे, लेकिन ड्यूटी मजिस्ट्रेट ही आरोपी का चाचा होने के कारण यह रेड फेल हुई थी।

टीम ने कलायत के तत्कालीन तहसीलदार के रीडर विजय चौहान को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि, गिरफ्तार किए गए रीडर विजय चौहान का कुछ दिनों पहले कलायत से ट्रांसफर कर दिया गया था और अब वह डीसी आफिस की एमए ब्रांच में कार्यरत था।

अब एसीबी की टीम उस समय ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए जिला बाल कल्याण अधिकारी बालवीर चौहान की रेड को फेल करवाने में भूमिका को खंगाल रही है। इस संबंध में एसीबी के मुख्यालय की ओर से बलवीर चौहान के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए सरकार से पत्राचार किया गया है। ऐसे में वे भी शक के घेरे में हैं। उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई होने की संभावना है।

एंटी करप्शन ब्यूरो कैथल के इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने आरोपी विजय चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। रेड फेल करवाने में बलवीर सिंह चौहान की भूमिका क्या रही है? इसके बारे में जांच कर रहे हैं। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### सभी आरोप बेबुनियादः चौहान

उधर, बलबीर चौहान का कहना है कि इस संबंध में कोई मुझे कोई जानकारी नहीं है। मेरी कई रेड में मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी लगी है। कोई ड्यूटी मजिस्ट्रेट सूचनाएं क्यों लीक करेगा। यह आरोप बेबुनियाद है।

# शराब के ठेके के पास 31 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 3 जुलाई।** जीरकपुर - पटियाला रोड़ पर शराब के ठेके के पास 31 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात बुधवार-वीरवार की दरमियान रात दो बजे की है। मृतक युवक की पहचान चंदन सिंह निवासी गांव बेहड़ा (डेराबस्सी) के रूप में हुई है। हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। चंदन सिंह पर जब हमला हुआ तब वह अपने दो दोस्तों के साथ था। हमलावरों ने चाकू से सिर व पीठ पर वार गए। बताया जा रहा है कि सभी ने शराब पी रखी थी।


घायल चंदन सिंह को जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीरकपुर थाना पुलिस ने इस मामले में मृतक चंदन सिंह के पिता राम बिहारी के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। चंदन सिंह की हत्या क्यों और किस वजह से हुई यह साफ नहीं हो पाया है। शुक्रवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। फिलहाल पुलिस के हाथ वारदात के सामने एक ढाबे से सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी है, जिस पर जांच की जा रही है।

वहीं, पुलिस को चंदन के साथ आए उसके दो दोस्त भी संदिग्ध लग रहे हैं। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि चंदन सिंह की गांव बेहड़ा में मोबाइल की दुकान है जबकि उसके पिता की साथ ही करियाना स्टोर है।

चंदन शादीशुदा है लेकिन उसका कोई बच्चा नहीं है। चंदन सिंह रात करीब 9 बजे अपने दो दोस्तों के साथ ऑटो में जीरकपुर आया था।

### स्थानीयों में गुस्सा, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग

घटना के बाद इलाके के लोगों में आक्रोश है। आसपास के लोगों का कहना है कि यहां होटलों में गलत काम होता है। यहां अक्सर झगड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि इसी पटियाला रोड़ पर शराब का ठेका है जहां देर रात तक शराब पीने और झगड़ों की घटनाएं होती हैं। पुलिस की गश्त नाममात्र की है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे इलाकों में पैट्रोलिंग बढ़ाई जाए।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)